सूर्योदय 7:21 सूर्यास्त 5:40

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.6 न्यू | 14.6 अधि |
| धर्मशाला | 3.2 न्यू | 19.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,628 |
| निफ्टी | 25,732 |
| सोना | 1,40,482 |
| चांदी | 2,62,742 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 14 जनवरी 2026 | 1 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 18, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा 20 को

**एजेंसी, पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव की तारीख तय हो गई है। नामांकन प्रक्रिया 19 जनवरी को पूरी होगी, जबकि 20 जनवरी को मतदान और नए अध्यक्ष की औपचारिक घोषणा की जाएगी। लंबे समय से खाली इस अहम संगठनात्मक पद के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह सहित करीब 10 वरिष्ठ नेता प्रस्तावक के रूप में भूमिका निभाएंगे। अध्यक्ष पद की रेस में नितिन नवीन सबसे आगे माने जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सीएम मान कल श्री अकाल तख्त साहिब के सामने होंगे हाजिर

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 15 जनवरी को श्री अकाल तख्त साहिब के सामने पेश होने के समय में किसी बदलाव की खबरों को खारिज किया है। उन्होंने एक्स पर ट्वीट कर बताया कि उन्होंने राष्ट्रपति कार्यालय को भी सूचना दे दी है और पूरा दिन श्री अकाल तख्त साहिब को समर्पित रहेगा। मान ने स्पष्ट किया कि समय बदलने के बारे में कोई आधिकारिक बयान या पत्र नहीं जारी किया गया है। वे 15 जनवरी को सुबह 10 बजे हाजिर होंगे। (अनंत ज्ञान)

### कोल ब्लॉक घोटाले में एसकेएस इस्पात निदेशक दोषी करार

**एजेंसी, भोपाल।** मध्य प्रदेश के कोल ब्लॉक आवंटन घोटाले में विशेष सीबीआई अदालत ने एसकेएस इस्पात एंड पावर लिमिटेड और निदेशक दीपक गुप्ता को दोषी ठहराया। गुप्ता को 10 लाख रुपए जुर्माने और 3 साल जेल की सजा मिली। अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता सत्य नारायण द्विवेदी को 2 साल जेल और 20 हजार रुपए, जबकि अमृत सिंह को 1 साल जेल और 10 हजार रुपए जुर्माना दिया गया। यह कोल ब्लॉक घोटाले में 20वीं दोषसिद्धि है। (अनंत ज्ञान)

### सुप्रीम कोर्ट से अब्बास अंसारी को मिली जमानत

**एजेंसी, मऊ।** मऊ से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी को गैंगस्टर एक्ट के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नियमित जमानत दी है।



कोर्ट ने कहा कि उन्हें पहले तय की गई सभी शर्तों का सख्ती से पालन करना होगा। जमानत पर रहते हुए अंसारी यूपी के बाहर भी जा सकते हैं, लेकिन इसके लिए ट्रायल कोर्ट और पुलिस को अपनी यात्रा, संपर्क नंबर और गंतव्य की जानकारी देना अनिवार्य है। यह निर्णय उनके लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बीपीएल चयन प्रक्रिया के द्वितीय-तृतीय चरण शुरू, 25 तक होंगे नए आवेदन -पेज 2
- परागपुर में शोभायात्रा के साथ राज्यस्तरीय लोहड़ी मेला शुरू -पेज 4
- गृह कर नोटिस पर उद्योगपतियों में आक्रोश -पेज 6
- खेल मैदान के बीचोंबीच 11केवी लाइन बनी 'डेथ ट्रैप' -पेज 11
- न्यूजीलैंड के सेब पर आयात शुल्क घटाने से भड़के बागवान -पेज 14

# सुप्रीम कोर्ट बोला–कुत्ते के काटने पर भारी मुआवजा होगा तय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा, 'बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने, चोट लगने या मौत के हर मामले में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 सालों में नियमों को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया।'

कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते।' जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा, 'कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है, जिसका कोई इलाज नहीं है। अब तक चार दिन की सुनवाई में इमोशन सिर्फ कुत्तों के लिए ही दिख रहा है। जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या हम इस पर आंखें मूंद लें।' इस मामले में अब अगली सुनवाई 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से होगी।

**◆ कहा-जो आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित; वे ले जाएं अपने घर, उन्हें ऐसे नहीं छोड़ सकते**



### पालतू जानवर रखना है, तो लाइसेंस लें : जस्टिस मेहता



**जस्टिस** मेहता ने कहा कि अगर कोई आवारा कुत्ता किसी पर हमला कर दे तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? इस पर वकील ने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए जिम्मेदारी तय की जा सकती है। जस्टिस मेहता ने कहा कि आवारा कुत्ता किसी के कब्जे में नहीं होना चाहिए। अगर आप पालतू जानवर रखना चाहते हैं, तो लाइसेंस लें।

### सुप्रीम कोर्ट की आवारा कुत्तों पर टिप्पणी



**कुत्ते** एक खास तरह का वायरस फैलाते हैं। रणथंभौर नेशनल पार्क में कुत्तों को खाने वाले बाघों की एक लाइलाज बीमारी से मौत हो गई। वहीं, फ्लोरिडा में अब एक भी स्थानीय प्रजाति नहीं बची है।

# हिमाचल में तबादलों से हटा बैन

## शिक्षकों को छोड़कर ग्रुप सी और डी कर्मियों के मंत्री कर सकेंगे तबादले

**◆ 31 मार्च तक सशर्त मंजूरी शिक्षा-तकनीकी शिक्षा के टीचिंग कैडर बाहर**

**◆ तीन फीसदी सीमा और गाइडलाइन-2013 का सख्त पालन अनिवार्य**

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार ने सी और डी श्रेणी कर्मचारियों के तबादलों पर लगी रोक हटा दी है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अब 31 मार्च 2026 तक सशर्त तबादले किए जा सकेंगे। हालांकि यह छूट शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभागों के टीचिंग कैडर पर लागू नहीं होगी। तय अवधि में संबंधित मंत्री सामान्य तबादला आदेश जारी कर सकेंगे, लेकिन सभी शर्तों और नियमों का कड़ाई से पालन जरूरी होगा।





जानकारी के अनुसार सरकार ने स्पष्ट किया है कि तबादले व्यापक मार्गदर्शक सिद्धांत-2013 के अनुसार ही होंगे, जिन्हें समय-समय पर संशोधित किया गया है। किसी कर्मचारी के तीन साल के सामान्य कार्यकाल या स्टे को ध्यान में रखते हुए ही ट्रांसफर पर फैसला लिया जाएगा। प्रभारी मंत्री अपने-अपने विभागों में उन नियमित ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों के तबादलों को मंजूरी दे सकेंगे, जिन्होंने मौजूदा तैनाती पर निर्धारित अवधि पूरी कर ली है।

प्रशासनिक जरूरतों को देखते हुए तबादले न्यूनतम रखे जाएंगे और किसी भी स्थिति में विभाग, निगम, बोर्ड या विश्वविद्यालय के कैडर की संख्या के तीन फीसदी से अधिक नहीं होंगे। इस सीमा का पालन सुनिश्चित करना संबंधित विभाग की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी। विशेष परिस्थितियों जैसे कम दूरी या अल्प अवधि की छूट के मामलों में मुख्यमंत्री की मंजूरी से तबादले किए जा सकेंगे। कर्मचारी अपने विभाग में सीधे आवेदन कर सकते हैं और सभी निर्देश कार्मिक विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

### 21 और 22 को हर पंचायत में होगी एंटी चिट्टा ग्राम सभा : सीएम सुक्खू



बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

**नशे** के खिलाफ अब राज्य स्तर पर निर्णायक व जमीनी लड़ाई लड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने साफ शब्दों में कहा कि चिट्टा जैसी घातक लत को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार हर पंचायत तक पहुंचेगी और समाज को इस लड़ाई का भागीदार बनाएगी। इसी कड़ी में 21 और 22 जनवरी को प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में एंटी चिट्टा ग्राम सभाएं आयोजित होंगी, जिनमें नशे की स्थिति की समीक्षा से लेकर युवाओं के कदम तय किए जाएंगे। सीएम ने कहा कि इन ग्राम सभाओं में पंचायत स्तर पर चिट्टा से जुड़ी संपूर्ण स्थिति की मैपिंग की जाएगी और विभिन्न विभागों के अधिकारी पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे। नशे की गिरफ्त में आए स्थानीय युवाओं को मुख्यधारा में लौटाने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी तय की जाएगी, ताकि पंचायत खुद निगरानी और समाधान का केंद्र बन सके।

नशे के दुष्प्रभावों के खिलाफ जन-जागरूकता को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए सरकार खेलों का सहारा ले रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश भर में जल्द ही खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें कबड्डी, क्रिकेट और वॉलीबाल की स्पर्धाएं ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर कराई जाएंगी और विजेता टीमों को मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी, ताकि युवा ऊर्जा को सकारात्मक दिशा मिले। चिट्टा तस्करी की कमर तोड़ने के लिए सरकार ने बहुआयामी रणनीति अपनाई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि तस्करी और सप्लाई की पूरी श्रृंखला को तोड़ा जाएगा। चिट्टा गतिविधियों से बनाई गई संपत्तियों की पहचान कर ली गई है और इन्हें ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि अपराध से कमाई गई दौलत का खात्मा हो और कड़ा संदेश जाए।

### कैबिनेट की बैठक में 19 को पंचायत चुनाव पर फैसला संभव

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 19 जनवरी को प्रदेश कैबिनेट की बैठक बुलाई है। नए साल की यह पहली कैबिनेट बैठक होगी, जो शिमला में प्रदेश सचिवालय स्थित शिखर सम्मेलन हाल में सुबह 11 बजे शुरू होगी। बैठक में सरकार से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी और विभिन्न विभागों से संबंधित प्रस्तावों पर मुहर लगने की संभावना है। कैबिनेट बैठक में पंचायत चुनाव को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए हैं कि राज्य निर्वाचन आयोग के साथ समन्वय बनाकर अप्रैल में पंचायत चुनाव कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने इससे पहले कोर्ट के आदेशों पर अपनी आपत्ति जताते हुए कहा था कि सरकार फैसले का कानूनी अध्ययन करेगी और जरूरत पड़ी तो आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। ऐसे में माना जा रहा है कि इस मुद्दे पर कैबिनेट में विस्तृत चर्चा होगी। बैठक में विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर भर्तियों को लेकर भी चर्चा संभावित है। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा बजट भाषण में की गई कुछ घोषणाएं, जो अभी तक जमीन पर पूरी तरह लागू नहीं हो पाई हैं, उन पर भी कैबिनेट विचार कर सकती है। बैठक के बाद सरकार की आगामी नीतियों और फैसलों की दिशा और स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# आर्मी चीफ बोले–पाकिस्तान बॉर्डर पर 8 आतंकी कैंप एक्टिव

**◆ 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी जारी है, किसी भी दुस्साहस का दिया जाएगा जवाब**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। भविष्य में किसी भी तरह के आतंकी या सैन्य दुस्साहस के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं। भारत पूरी ताकत से जवाब देगा। जनरल द्विवेदी ने बताया कि बॉर्डर के पास 8 आतंकी कैंप अभी भी सक्रिय हैं। अगर कोई हरकत होती है तो एक्शन लिया जाएगा।



उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' थलसेना, वायुसेना और नौसेना के तालमेल का बेहतरीन उदाहरण है। ऑपरेशन सिंदूर में 100 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। रविवार को बॉर्डर के पास ड्रोन देखे जाने के सवाल पर आर्मी चीफ बोले- वे बहुत छोटे ड्रोन हैं। ये लाइट जलाकर उड़ते हैं। बहुत अधिक ऊंचाई पर नहीं उड़ते और बहुत कम ही दिखाई दिए हैं। 10 जनवरी को लगभग 6 ड्रोन देखे गए, जबकि 11 और 12 जनवरी को 2 से 3 ड्रोन दिखाई दिए।

आर्मी चीफ ने कहा कि भारत, पाकिस्तान और चीन के बीच 1963 के समझौते को अवैध मानता है। जिसके तहत पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी में अपना क्षेत्र चीन को सौंप दिया था। उन्होंने कहा कि हम वहां किसी भी गतिविधि को स्वीकार नहीं करते हैं। जहां तक चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का सवाल है। हम इसे स्वीकार नहीं करते। हम इसे दोनों देशों की अवैध कार्रवाई मानते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान के झूठ पर दावा, 'ऑपरेशन सिंदूर' में मारे गए थे सिर्फ 100 लोग

**'ऑपरेशन** सिंदूर' को लेकर पाकिस्तानी सेना द्वारा दावा किया गया 150 लोगों के इलिमिनेशन का झूठ भारतीय सेना ने उजागर कर दिया। आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि 13-14 अगस्त के आसपास पाकिस्तान ने गलती से 150 लोगों की लिस्ट बनाई थी। भारतीय हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान को अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ी और लिस्ट वापस लेनी पड़ी। जम्मू-कश्मीर और इंटरनेशनल बॉर्डर पर हुई फायरिंग में करीब 100 लोगों की मौत हुई थी।

# अब सैनिक स्कूल में लगी आग

अनंत ज्ञान



आग को बुझाती फायर ब्रिगेड की टीम। अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सैनिक स्कूल में बुधवार को अचानक आग लग गई। स्कूल में इन दिनों मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है तथा छत बदलने का कार्य जारी है। दोपहर 1.30 के करीब अचानक स्कूल की टॉप फ्लोर में अचानक धुआं उठने लगा। लोगों ने देखा तो शोर मचाया तथा स्कूल की और भागे। मौके पर फायर ब्रिगेड और पुलिस भी पहुंची तथा आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। अचानक हुई इस घटना से शहर भर में हड़कंप मच गया।

गनीमत यह रही की स्कूल में इन दिनों छुट्टियां है तथा स्टूडेंट्स अपने-अपने घर गए हुए हैं। प्रदेश के एकमात्र सैनिक स्कूल में हुई इस अग्निकांड से नुकसान का आकलन अभी नहीं किया गया है। उधर, फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर वह मुश्किल आग पर काबू पाया। उधर किसी को घायल होने की कोई सूचना नहीं है। एनसीसी रूम में आग लगने से वहां रखा सामान जल गया। स्कूल एडम ऑफिसर कर्नल राजेंद्र सिंह ने बताया कि वह मौके पर ही मौजूद थे तथा राहत और बचाव का कार्य किया जा रहा है।

# अर्की अग्निकांड दूसरे दिन मिले पांच अवशेष

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** अर्की बाजार में अग्निकांड की भेंट चढ़ी इमारत के मलबे को हटाने का कार्य दूसरे दिन भी जारी रहा। तलाशी अभियान के दौरान मृतकों के पांच शारीरिक अवशेष बरामद किए गए। अभी भी तीन से चार लापता लोगों की तलाश जारी है। सोमवार एक बच्चे सहित तीन शव बरामद हुए थे।

मंगलवार को एनडीआरएफ की टीम ने नए सिरे से खोजी कुत्तों के साथ तलाशी अभियान चलाया। जानकारी के मुताबिक मौके से कुछ छोटे शारीरिक अवशेष बरामद किए गए हैं, जिन्हें आगे की पहचान के लिए डीएनए विश्लेषण हेतु एफएसएल भेजा जा रहा है। वहीं, पुलिस ने मौके से मिले सिलेंडरों के साक्ष्य के आधार पर आवश्यक वस्तुएं अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर किया है। घटनास्थल से कुछ सिलेंडर बरामद किए गए हैं। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की जांच जारी है। बचाव और तलाशी अभियान सुबह ही फिर से शुरू कर दिया गया है। मलबे के नीचे फंसे किसी भी पीड़ित का पता लगाने और यदि कोई मानव अवशेष हों तो उन्हें बरामद करने के लिए समन्वित तरीके से अभियान चलाया जा रहा है।

एसपी सोलन के अनुसार बचाव व तलाशी अभियान जारी है और बचाव कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष सावधानी बरती जा रही है।



मौके से मिले शरीर के अवशेष। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

### क्या कहते हैं एसपी सोलन

**एसपी** सोलन गौरव सिंह ने बताया कि मामले में अद्यतन जानकारी शरीर के कुछ छोटे अवशेष बरामद किए गए हैं जिन्हें आगे की पहचान के लिए डीएनए विश्लेषण हेतु एफएसएल भेजा जा रहा है। घटनास्थल से कुछ सिलेंडर भी बरामद किए गए हैं। आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले की जांच जारी है।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या, 23 दिन में 7 हिंदुओं का मर्डर

**◆ 28 साल के ऑटो ड्राइवर को घर लौटते वक्त मारा चाकू**

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिणी हिस्से चटगांव डिवीजन के फेनी जिला स्थित दागनभुइयां में अज्ञात बदमाशों ने 28 साल के हिंदू युवक समीर कुमार दास की पीट-पीटकर और चाकू मारकर हत्या कर दी। उसका ऑटोरिक्शा भी लूट लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, समीर रविवार शाम करीब 7 बजे ऑटोरिक्शा लेकर घर से निकला था। देर रात तक जब वह नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब 2 बजे जगतपुर गांव के एक खेत में स्थानीय लोगों को उसका शव मिला।

दागनभुइयां थाने के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, समीर की हत्या में देसी हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। प्राथमिक जांच में लग रहा है कि हत्या पहले से प्लानिंग के तहत की गई थी। जांच जारी है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बांग्लादेश में 23 दिनों के दौरान हिंदू की हत्या की यह 7वीं घटना है। इससे पहले 5 जनवरी को बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई थी। मृतक 40 साल का शरत चक्रवर्ती मणि था। (अनंत ज्ञान)

# ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों से 25% टैरिफ वसूलेगा अमेरिका: ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों को धमकी दी है। उन्होंने घोषणा की कि ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। इससे भारत पर काफी असर पड़ सकता है। यह भारत के लिए और चिंता की बात हो सकती है, क्योंकि रूसी तेल को खरीदने की वजह से उसके ऊपर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा हुआ है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 12 जनवरी को ईरान के साथ व्यापार जारी रखने वाले देशों के खिलाफ एक बड़ा व्यापारिक कदम उठाने का ऐलान किया। इसके तहत ऐसे सभी देशों पर अमेरिका के साथ होने वाले हर तरह के कारोबार पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उन्होंने कहा कि जो भी देश इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ व्यापार करेगा, उसे अमेरिका के साथ किए जाने वाले किसी भी व्यापार पर 25 प्रतिशत टैरिफ देना होगा। यह आदेश अंतिम और निर्णायक है। ट्रंप की यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब ईरान में देशव्यापी प्रदर्शन हो रहे हैं। ट्रंप सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्ती बरतने को लेकर तेहरान पर दबाव बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति पहले भी कई बार चेतावनी दे चुके हैं। उन्होंने कहा है कि अगर उनकी सरकार को यह पता चला कि ईरान की सरकार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ घातक बल का इस्तेमाल कर रही है, तो अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर सकता है। ट्रंप ने कहा कि यह एक रेड लाइन है, जिसे ईरान अब पार करना शुरू कर रहा है. इसी वजह से ट्रंप और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम बेहद सख्त विकल्पों पर विचार कर रही है। (अनंत ज्ञान)

**उपलब्धि** कालका–शिमला ट्रैक पर अपग्रेडेड पैनोरमिक विस्टाडोम कोच का हो चुका सफल ट्रायल

# ...तो अब 48 डिग्री मोड़ पर भी 28 किमी प्रति घंटा से दौड़ेगी ट्रेन

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** विश्व धरोहर कालका-शिमला रेललाइन में पर्यटकों का सफर रोमांचक और सुरक्षित बनाने के लिए रेलवे ने पैनोरमिक विस्टाडोम को अपग्रेड कर सात महीने बाद रेलवे ट्रैक में उतारा।

खास बात यह रही कि इस ट्रैक पर आधुनिक सुविधाओं से पैनोरमिक लैस विस्टाडोम कोच को 28 किलोमीटर की स्पीड से चलाकर सफल ट्रायल किया गया। पिछले वर्ष किए गए ट्रायल में 25 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड का ट्रायल हुआ था, तब इसमें कुछ खामियां पाई गई थी। अपग्रेड के बाद 28 की स्पीड में पहली बार 48 डिग्री के कर्व पर पैनोरमिक विस्टाडोम को दौड़ाया गया है। इससे पहले भी 48 डिग्री के कर्व आने पर स्पीड को कंट्रोल करते थे, लेकिन इस बार ऐसे कर्व पर भी अधिक स्पीड में सफलता रेलवे बोर्ड को मिल गई है। आरडीएसओ की टीम ट्रायल के बाद इसे रेल मंत्रालय को भेजेगी।



पैनोरमिक विस्टाडोम ट्रेन के ट्रायल की फाइल फोटो। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पैशल

> **आरडीएसओ** की टीम ने अपग्रेड किए गए पैनोरमिक विस्टाडोम कोच के ट्रायल कर रही है। ये कोच खास तौर पर तैयार किए गए हैं। आधुनिक सुविधाओं कोच यात्रियों को लुभाएंगे। सुविधा और सुरक्षा की दृष्टि से हर तरह से बारीकियों की जांच की जा रही है। **-नवीन कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, अंबाला**

### तकनीकी खामियों की भी जांच

**इस** दौरान आपात ब्रेक, प्रेशर और चढ़ाई की तकनीकी खामियों की भी जांच की गई। कालका से शिमला तक बुधवार को टीम ने ट्रायल किया है। विस्टाडोम कोच की चार बोगियों को जोड़कर कालका रेलवे स्टेशन से ट्रेन को रवाना किया गया। इतना ही नहीं सोलन, कंडाघाट और कनोह स्टेशन में ट्रेन रोकने बावजूद विस्टाडोम कोच अन्य ट्रेनों के मुकाबले 35 मिनट कम समय से शिमला पहुंचा। अगर सब कुछ ठीक रहता है तो वर्ष 2026 में रेलवे बोर्ड दो नई ट्रेनों की सौगात देगा। इसमें पैनोरमिक विस्टाडोम के साथ डीजल हाइड्रोलिक मल्टीपल यूनिट (डीएचएमयू) शामिल है।

### एयर पावर ब्रेक से बढ़ी सुरक्षा

**खास** बात यह है कि देश में ब्रॉडगेज ट्रैक पर चलने वाली बोगियों की तरह नैरोगेज रेल लाइन में पैनोरमिक विस्टाडोम कोच में एयर पावर ब्रेक सिस्टम होगा। जो दुर्घटनाओं को काफी कम कर देगा। पैनोरमिक विंडो में शीशे बड़े होने के साथ ही छत तक होते हैं, जिससे यात्री बाहर के नजारों का बेहतर तरीके से लुत्फ उठा सकेंगे। इसी के साथ लगेज के लिए भी अलग से जगह ट्रेन में रहेगी, जबकि एक लगेज कोच अलग से भी तैयार किया है। सभी बोगियों में एयर स्प्रिंग लगाया गया है। साथ ही छोटी पेंटरी भी कोच में लगाई गई है। विस्टाडोम एसी कोच और साउंड प्रूफ पैनोरमिक विस्टाडोम एसी कोच में यात्रियों को कई आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में भाजपा द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर महान विचारक, दार्शनिक और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में युवाओं को उनके मार्गदर्शन पर चलने और उनकी दी शिक्षा से प्रेरित होकर कार्य करने का संदेश दिया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं सुजानपुर मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं के साथ संवाद का भी अवसर मिला। स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा, आत्मबल और नेतृत्व की प्रेरणा देते हैं। युवाओं में दिखाई गई ऊर्जा और संकल्प भारत के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी हैं। इस सफल आयोजन के लिए युवा मोर्चा, मंडल के पदाधिकारियों और समर्पित कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

### डीएवी भड़ोली में मनाया लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली स्कूल में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व अत्यंत उत्साह, उमंग और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा तथा शिक्षकों द्वारा विधिवत लोहड़ी की अग्नि प्रज्वलित की गई। उन्होंने विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की हार्दिक शुभ कामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि नई फसल के आगमन के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला यह पर्व भारत की समृद्ध एवं रंग-बिरंगी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जो हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और सामूहिक उत्सव का संदेश देता है। बच्चों ने लोहड़ी से संबंधित गीत, कविताएं एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

### जलाड़ी में बच्चों को बताया लोहड़ी का महत्व

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में लोहड़ी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।लोहड़ी के त्यौहार पर स्कूल के प्रागंण में आग जलाकर मन्त्रोच्चारण से लोहड़ी के त्योहार का शुभारंभ किया गया। बच्चों ने अग्नि में आहुति डाली और आठवी कक्षा की आराध्या और इशिता ने भाषण के माध्यम से बच्चों को लोहड़ी के महत्व को बताया। जिसमें नर्सरी से आठवीं कक्षा के बच्चों ने नाच, गाकर लोहडी का त्यौहार मनाया। प्रिंसिपल आरती कटोच ने बच्चों से कहा कि यह त्यौहार हमारी खुशी और उल्लास का संदेश देते है।

### जेईई मेन परीक्षा संबंधी एडवाइजरी की जारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के विकास नगर स्थित हिम अकादमी पब्लिक स्कूल ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित जेईई मेन 2026 के प्रथम सत्र (21 से 30 जनवरी) को ध्यान में रखते हुए छात्रों और अभिभावकों के लिए आधिकारिक अकादमिक एवं परीक्षा संबंधी एडवाइजरी जारी की। स्कूल के विशेषज्ञों ने बताया कि सफलता के लिए अवधारणात्मक स्पष्टता, समय प्रबंधन और उत्तरों की सटीकता अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों को भौतिकी में संख्यात्मक और बहु-अवधारणा प्रश्नों का अभ्यास, रसायन विज्ञान में एनसीईआरटी पर फोकस और गणित में प्रभावी प्रश्न चयन रणनीति अपनाने की सलाह दी गई है। मॉक टेस्ट, त्रुटि-विश्लेषण और व्यवस्थित पुनरावृत्ति को अध्ययन योजना में शामिल करना आवश्यक बताया गया। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे परीक्षा के दौरान बच्चों को सकारात्मक और तनावमुक्त वातावरण दें और प्रयास व मानसिक संतुलन को प्राथमिकता दें। स्कूल ने सभी अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा मन

**अनंत ज्ञान, जाहू।** उपमंडल भोरंज के ईस्ट पॉइंट पब्लिक स्कूल सुलगवान में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त अध्यापक मेहर सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रमन वर्मा ने की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राजस्थानी नृत्य, पहाड़ी गिद्दा, देश रंगीला, फ्रेंड्स हैं ऑसम, रिंग डांस और राम आएंगे जैसी विविध प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। राजस्थानी नृत्य शानवी व उसके साथियों, पहाड़ी गिद्दा ईवा और मित्रों, देश रंगीला साक्षी और खुशबू, फ्रेंड्स हैं ऑसम अवनि और साथियों, रिंग डांस आराध्या और राम आएंगे स्वरा व मित्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। मुख्य अतिथि मेहर सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। प्रधानाचार्य रमन वर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

### सरेडी पंचायत की टीम ने जीती क्रिकेट ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ के फाहल में पिछले 6 दिनों तक चल रही क्रिकेट ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। फाइनल में सरेडी पंचायत की टीम ने 6 विकेट से जीत हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। यह उपलब्धि टीम के लिए लगभग 10 वर्षों के बाद आई है। दो माह पहले पंचायत प्रधान राजेश कुमार शर्मा ने 5100 रुपये की राशि देकर टीम को खेल का सामान उपलब्ध करवाया था। फाइनल में लहड़ा टीम ने 12 ओवर में 120 रन बनाए, जिसका जवाब सरेडी टीम ने 10 ओवर में 6 विकेट शेष रहते हुए जीतकर दिया। विजेता टीम को 15 हजार रुपये और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये प्रदान किए गए। मैन ऑफ द मैच व सीरीज का सम्मान संजीव परमार को 48 रनों की शानदार पारी के लिए मिला। टीम में कप्तान मुकेश, अमन, ठाकुर, लवली, विनय, शमी, अंकु, अक्षय, पंकज, दीपक, निशांत, पवन, शुभम, ऋषभ और मनोज शामिल थे। पंचायत प्रधान ने कहा कि टीम को पंचायत द्वारा टी-शर्ट और अन्य खेलों का सामान प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा और उन्हें बधाई दी।

# राजेंद्र राणा के कार्यक्रम में शिरकत पर असमंजस, 'गुटबाजी' से बंटे नेता-वर्कर्स

## सुजानपुर के चौगान में सेना दिवस पर होगा कार्यक्रम, राज्यपाल व जयराम भी आएंगे

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सर्व कल्याणकारी संस्था के बैनर तले सुजानपुर के चौगान मैदान में सेना दिवस के मौके पर 15 जनवरी को पूर्व विधायक राजेंद्र राणा की ओर से आयोजित करवाए जा रहे कार्यक्रम को लेकर जिले के वर्कर्स-नेता अजीबोगरीब 'पशोपेश' में हैं कि वह इस कार्यक्रम में जाएं या न जाएं। वे इधर और उधर की नाराजगी के बीच में जूझ रहे हैं। कार्यक्रम की शक्ल-सूरत तो विशाल दिख ही रही है, लेकिन अहम बात यह है कि इसमें राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के अलावा कई बड़ी हस्तियां भी शामिल होने वाली हैं। इसके अलावा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों से प्रमुख नेताओं खासकर संगठन से जुड़े हुए लोगों को भी बुलाया गया है, लेकिन उनकी असल दिक्कत यह है कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के इस गृह जिले में कार्यक्रम में मौजूदगी को लेकर वे एक-दूसरे को पूछ रहे हैं कि जाएं या न जाएं? इसी ऊहापोह की इन दिनों यहां अच्छी खासी चर्चा हो रही है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### समीरपुर की राजनीति का प्रभाव

**हमीरपुर** जिले की राजनीति गुटों में बंटी है, यह बात किसी से छिपी नहीं है। एक गुट समीरपुर के साथ परंपरागत राजनीति के साथ बंधा हुआ है, जबकि नए माहौल में पिछले कुछ सालों से जो राजनीतिक हालात प्रदेश की राजनीति में तैयार हुए हैं इसका असर जिले की राजनीति पर भी लगभग सभी विधानसभा क्षेत्रों में खास तरीके से अब जनाधार को तलाश चुका है। कारण यह है कि आगामी विधानसभा चुनावों में कौन सा खेमा भारी होगा, किसकी प्रदेश में ज्यादा पैठ होगी? कौन सत्ता में लौटेगा? यही सबसे बड़ी दिक्कत है। पार्टी के भीतर प्रदेश में राजीव बिंदल के नेतृत्व में तैयार हुए पार्टी के नए संगठनात्मक ढांचे में कई पुराने लोगों को भी फिर से मौका मिला है। मोर्चों और अन्य संगठनों में भी कुछ नई स्थिति जिले के ढांचे में देखने को मिल रही है। इस नए ढांचे में जो नेता और वर्कर्स 'शुमार' हुए हैं, दिक्कत उन्हीं की है। वे किस लाइन पर चलें किसके साथ चलें, इधर ज्यादा चलें या उधर ज्यादा चलें या फिर समन्वय बनाकर चलें? यह सारी ऐसी दिक्कतें हैं, इस समय भाजपा के कुनबे में जो मुंह फुलाकर ऐसे खड़ी हुई पड़ी हैं, जिस कारण वर्कर्स और नेताओं में सक्रियता की स्थिति घटती जा रही है। उसमें 'पैनापन' भी नहीं दिखता।

### जयराम खेमे की सक्रियता

**दरअसल** पिछले विधानसभा चुनावों से ही जिले की राजनीति में अजीबोगरीब बदलाव आया है। यह स्थिति न केवल हमीरपुर, बल्कि पूरे संसदीय क्षेत्र में देखने को मिल रही है। बुनियादी तौर पर भाजपा का कुनबा तो यहां मजबूत है, लेकिन नेताओं की गुटबाजी की वजह से धरातल पर जो नुकसान भाजपा को हुआ है, अब आने वाले विधानसभा चुनावों के लिए तैयारी का दौर फिर शुरू हो चुका है और इसमें कौन नेता किस पर भारी पड़ेगा, किसकी 'तूती' बोलेगी। यह सारे ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब आसानी से मिलने वाला नहीं है, लेकिन राजनीति के जो जानकार हैं, उन्हें इसकी भनक आसानी से सूंघने में दिक्कत नहीं होती, मगर अब कार्यकर्ता हैं छोटे नेता हैं परेशानी असल में उन्हीं की है। चलें तो चलें किधर? यही वजह है कि पार्टी का एक वर्ग औपचारिक रूप में मौन धारण किए हुए हैं। असर किस पर पड़ेगा, इसका पता अभी नहीं चलेगा, लेकिन जयराम खेमा जिले में धरातल पर मजबूत होने के लिए जो कवायद पहले हुए कार्यक्रमों के जरिए कर चुके हैं, उसकी चर्चा भी खासी है। राजेंद्र राणा पहले भी ऐसे कार्यक्रमों की मार्फत अपना राजनीतिक कद दिखा चुके हैं, लेकिन अब बदली परिस्थितियों में उन्हें फिर से साबित करना है, इसलिए इस कार्यक्रम पर नजरें सभी की टिकी हुई हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री धूमल और सांसद अनुराग ठाकुर ने दी लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं

अनंत ज्ञान




**हमीरपुर।** लोहड़ी के पावन अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर व पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेशवासियों और हमीरपुर जिला की जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने संदेश में कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहींए बल्कि हिमाचल सहित उत्तर भारत की लोकसंस्कृति, कृषि परंपराओं और सामाजिक सौहार्द का उत्सव है। यह पर्व नई फसलए नए उत्साह और नए संकल्पों का प्रतीक है। लोहड़ी हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनेए परिश्रम का सम्मान करने और सामूहिकता के भाव को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व प्रदेश के हर परिवार के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि लोहड़ी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो पीढ़ियों से समाज को जोड़ने का कार्य करती आ रही है। यह पर्व भाईचारेए आपसी प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश देता है। लोहड़ी की अग्नि नकारात्मकता को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है और हमें परंपराओं के संरक्षण के साथ.साथ नए भविष्य की ओर अग्रसर होने का संकल्प दिलाती है। दोनों नेताओं ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे लोहड़ी के अवसर पर आपसी सौहार्द, सामाजिक समरसता और हिमाचल की सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करें। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह पर्व हिमाचल प्रदेश और हमीरपुर के हर नागरिक के जीवन में खुशियांए स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति लेकर आए।

# पलेहड़ा गांव में पेयजल योजना का लोकार्पण

## ग्रामीणों को मिली राहत, विधायक ने महिला मंडल भवन की भी दी सौगात

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने पंचायत कोहडरा के पलेहड़ा गांव में बहुप्रतीक्षित पेयजल परियोजना का विधिवत लोकार्पण किया। इस परियोजना की लागत 3.50 लाख रुपये है और इसके पूरा होने से सैकड़ों ग्रामीण अब स्वच्छ, नियमित और पर्याप्त पेयजल सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।



बहुप्रतीक्षित पेयजल परियोजना का लोकार्पण करते हुए। अनंत ज्ञान

विधायक ने कहा कि पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता से किसी भी गांव को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा और जनहित से जुड़े कार्यों में संसाधनों की कमी बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। कई मामलों में मौके पर ही समाधान किया गया और शेष मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर विधायक ने महिला मंडल पलेहड़ा भवन का भी लोकार्पण किया। यह भवन ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। विधायक ने कहा कि इस तरह के पहल से महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम में युवा मोर्चा अध्यक्ष पंकज डटवालिया, ग्राम पंचायत कोहडरा और क्यारा बाग के प्रधान, पलेहड़ा विकास कमेटी के प्रधान, महिला मंडल की सदस्याएं, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक द्वारा वर्षों पुरानी समस्या का समाधान करने पर आभार व्यक्त किया और क्षेत्र के विकास कार्यों की निरंतरता की उम्मीद जताई।

इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनका संकल्प है और जनता के विश्वास पर खरा उतरना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इस पहल ने क्षेत्र में जल संकट और महिलाओं के सशक्तिकरण दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कदम साबित होने की दिशा में काम किया है।

# फोरलेन से बाहर हुई 5.5 किलोमीटर एनएच सड़क अब पीडब्ल्यूडी के तहत होगी सुधारित

अनंत ज्ञान

**शशि सोनल, नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र की नेशनल हाईवे सड़क जो फोरलेन की अलाइनमेंट से बाहर हुई है, शीघ्र ही चकाचक होगी सरकार ने इसके लिए 9.50 करोड़ स्वीकृत किए है। इस राशि से हिमाचल प्रदेश पीडब्ल्यूडी विभाग इस करीब 5.5 किलोमीटर लंबी सड़क का कार्य करेगा। जिससे जहां वाहनों को हिचकोलों से राहत मिलेगी वहीं लोगों को खड्डों के कारण हो रही परेशानी से निजात मिलेगी। नादौन ब्यासपुल से चीलवाहल भूंपल तक अलग अलग जगह से करीब 5.5 किलोमीटर सड़क जो फोरलेन से बाहर रह गई है उस सड़क को 9.50 करोड़ की लागत से चकाचक किया जाएगा। काबिलेगौर है कि पिछले करीब चार साल पीडब्ल्यूडी से मटौर-शिमला फोरलेन का कार्य चला हुआ है। जिसके चलते नेशनल हाईवे ने इस सड़क की ओर ज्यादा तब्बजो नहीं दी गइ। फलस्वरूप फोरलेन की अलाइनमेंट से नेशनल हाईवे के बचे हुए सड़क के हिस्से की हालत काफी खस्ता है। इसमें जगह जगह खड्डे पड़े हुए हैं।

### नगर परिषद अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**नगर** परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने कहा कि फोरलेन से बचे नेशनल हाईवे के हिस्से की देख रेख का जिम्मा अब पीडब्ल्यूडी का होगा। इस सड़क की दशा सुधारने के लिए सरकार ने 9.50 करोड़ राशि स्वीकृत की है। जिससे यह सड़क शीघ्र ही चकाचक हो जाएगी। जिससे लोगों को काफी सुविधा होगी । शम्मी सोनी ने इसके लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया है।



नादौन के ब्यास पुल से नादौन ब्यास पुल से वाईपास तक और जलाड़ी से चीलवाहल तक फोरलेन से करीब 5.5 किलोमीटर सड़क फोरलेन की अलाइनमेंट से छूटी सड़क की दशा काफी दयनीय है। नादौन शहर में ब्यास पुल से इंद्रपाल चौंक तक नेशनल हाईवे की खस्ताहाल है यह करीब आधा किलोमीटर सड़क लंबे अर्से से दयानीय स्थिति में है जिसके चलते न केवल वाहन चालकों को अपितु पैदल आने जाने वालों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

लोक निर्माण विभाग नादौन के सहायक अभियंता पंकज कौशल ने बताया कि ब्यास पुल से चीलवाहल तक फोरलेन की अलाइनमेंट से बाहर हुई सड़क के स्थानांतरण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। इस सड़क पर सरकार द्वारा करीब 9.50 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# इलेक्ट्रिक बसों के लिए वर्कशॉप में चार्जिंग किए प्वॉइंट स्थापित, बसों का इंतजार

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा इलेक्ट्रिक बसों को बेड़े में शामिल करने के लिए शिमला और सोलन में ट्रायल किया जा रहा है। इसके इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग प्वाइंट जगह-जगह स्थापित किए जा रहे हैं। हमीरपुर डिपो में इलेक्ट्रिक बसों के लिए चार्जिंग प्वाइंट लगाया गया है, ताकि ट्रायल बेस पर भेजी जा रही इलेक्ट्रिक बसों को चार्जिंग के लिए स्टेशन मुहैया करवाए जा सकें। हमीरपुर डिपो की वर्कशॉप में पहला चार्जिंग स्टेशन लगा दिया गया है, जबकि दूसरा चार्जिंग स्टेशन भी जल्द ही वर्कशॉप में स्थापित किया जाएगा, ताकि ट्रायल बेस पर भेजी जा रही इलेक्ट्रिक बसों को चार्जिंग प्वाइंट मिल सके। बता दें कि एचआरटीसी वर्कशॉप हमीरपुर में 180 किलोवाट का पहला चार्जिंग स्टेशन बनकर तैयार हो गया है। इसमें एक साथ दो इलेक्ट्रिक बसें चार्ज हो सकेंगी। आने वाले समय में यहां पर एक और चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा। उसके बाद वर्कशॉप में एक साथ चार इलेक्ट्रिक बसें चार्जिंग पर लगाई जा सकेंगी। इसके अलावा बस स्टैंड हमीरपुर में भी दो चार्जिंग प्वाइंट लगाए जाएंगें। यहां पर भी एक साथ चार इलेक्ट्रिक बसें चार्ज हो सकेंगीं। हालांकि इसके उपरांत जाहू में भी एक चार्जिंग प्वाइंट लगाया जाएगा, ताकि हमीरपुर डिपो में जब इलेक्ट्रिक बसें आ जाएं, तो उन्हें चार्जिंग के लिए चार्जिंग स्टेशन मिल सके। निगम प्रबंधन ने भी इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए रोड़ मैप तैयार कर लिया है, ताकि ट्रायल बेस पर आ रही इलेक्ट्रिक बसों को अच्छे से परखा जा सके। फिलहाल अभी शिमला और सोलन में ही इलेक्ट्रिक बसें ट्रायल बेस पर चलाई जा रही हैं। गौर रहे कि हिमाचल पथ परिवहन निगम इलेक्ट्रिक बसें चलाने जा रहा है और हमीरपुर डिपो में भी यह बसें शीघ्र शामिल की जाएंगी। फिलहाल इन बसों को लोकल रूटों पर चलाया जाएगा, ताकि यात्रियों को भी बेहतर सुविधा मिल सके और इसकी बैटरी बैकअप का भी पता चल सकेगा। सूत्रों की मानें तो निगम की नई इलेक्ट्रिक बसें एक बार चार्ज होने पर 220 से 250 किलोमीटर तक चलेगीं। पहले जहां कंपनी 180 किलोमीटर रेंज वाली बैटरी दे रही थी। इसमें अब बैटरी क्षमता को बढ़ाया गया है। इन बसों की खास बात यह है कि यह बसें सिर्फ आधे घंटे में ही फुल चार्ज हो जाएगी, जिससे बसों के बार-बार चार्जिंग के झंझट से भी यात्रियों और निगम को राहत मिलेगी।



इस बारे में उप मंडलीय प्रबंधक राज कुमार पाठक ने बताया कि शिमला और सोलन में इलेक्ट्रिक बसें ट्रायल बेस पर चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इसके बाद हमीरपुर में भी इलेक्ट्रिक बसों आ जाएंगी जिसके हमीरपुर डिपो के वर्कशॉप में इलेक्ट्रिक बसों के लिए पहला चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर दिया गया है। 180 किलो वाट का चार्जिंग स्टेशन लगाया गया है, ताकि इलेक्ट्रिक बसें कम समय से चार्ज हो सकें। बस अड्डा हमीरपुर और जाहू बस अड्डा में भी जल्द ही चार्जिंग स्टेशन लगा दिए जाएंगे, ताकि इलेक्ट्रिक बसों को जगह-जगह चार्जिंग स्टेशन मिल सके।

# बीपीएल चयन प्रक्रिया के द्वितीय-तृतीय चरण शुरू, 25 तक होंगे नए आवेदन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार के नवीनतम निर्देशों के अनुसार बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) चयन प्रक्रिया को चरणबद्ध ढंग से पूर्ण किया जा रहा है। टौणी देवी स्थित विकास खंड बमसन की खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) एवं नादौन ब्लॉक का अतिरिक्त कार्यभार देख रहीं वैशाली शर्मा ने बताया कि बीपीएल चयन प्रक्रिया का प्रथम चरण 31 दिसंबर 2025 को पूर्ण कर लिया गया है, जिसकी सूचियां खंड स्तरीय समिति द्वारा प्रकाशित की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा बीपीएल प्रक्रिया के द्वितीय एवं तृतीय चरण आरंभ करने के आदेश जारी किए गए हैं, जिनमें चयन के मानदंडों में संशोधन किया गया है। द्वितीय चरण के अंतर्गत ऐसे परिवार जिन्होंने बीपीएल के लिए आवेदन किया था और सभी मानदंड पूरे करते थे, लेकिन पक्का मकान होने के कारण चयन से वंचित रह गए थे, उन्हें अब बहिष्करण मानदंड से छूट प्रदान की जाएगी। ऐसे परिवारों की सूची इस चरण में तैयार की जाएगी। तृतीय चरण में उन परिवारों को बीपीएल सूची में शामिल किया जाएगा, जिनमें 27 वर्ष की आयु तक के अनाथ सदस्य हों, अथवा जिनमें केवल 59 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध सदस्य हों और 27 से 59 वर्ष के बीच कोई सक्षम व्यस्क न हो। इसके अतिरिक्त, महिला मुखिया वाले ऐसे परिवार जिनमें 27 से 59 वर्ष की आयु का कोई सक्षम पुरुष सदस्य न होकर जिनमें विधवा, अविवाहित, तलाकशुदा व परित्यक्त महिलाएं शामिल हैं भी समावेशन मानदंडों के अंतर्गत पात्र होंगे। अन्य सभी मानदंड पूर्ववत लागू रहेंगे।

बीडीओ ने बताया कि पात्र परिवार 25 जनवरी 2026 तक संबंधित पंचायत में नए आवेदन भी कर सकते हैं। सभी आवेदनों व सूचियों को 31 जनवरी 2026 तक खंड स्तरीय समिति द्वारा अधिसूचित कर दिया जाएगा। उन्होंने पात्र परिवारों से निर्धारित तिथि तक पंचायत स्तर पर आवेदन सुनिश्चित करने की अपील की है।

# मनरेगा कानून बदलना गरीबों के साथ धोखा: प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा कानून में किए गए बदलाव स्पष्ट रूप से राजनीतिक विवशता और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की तस्वीर का उपयोग भाजपा की मानसिकता और राजनीतिक मजबूरी को दर्शाता है। कौशल ने बताया कि जिन महात्मा गांधी के स्टैचू विश्व के लगभग सौ देशों में स्थापित हैं और जिनकी समाधि पर विश्व के राष्ट्राध्यक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर शीश झुकाते हैं, उनके नाम को मनरेगा कानून से हटाना शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है।



कौशल ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण है और इसके प्रावधानों में बदलाव करोड़ों लाभार्थियों के साथ धोखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेरोज़गारी भत्ते से रोजगार की कानूनी बाध्यता को जोड़ना रोजगार के अधिकार को निरस्त करना है। कौशल ने यह भी कहा कि भाजपा की नीतियां हमेशा धनाढ्य वर्ग के पक्ष में रही हैं और गरीब जनता के हितों के खिलाफ रही हैं, और मनरेगा में बदलाव भी इसी सोच का परिणाम है।

# हिम अकादमी स्कूल के विद्यार्थियों ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में रचा गौरवपूर्ण इतिहास

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर हमीरपुर ने एक बार पुन: यह सिद्ध कर दिया है कि उत्कृष्ट शिक्षा का उद्देश्य केवल सीमित परीक्षाओं की तैयारी नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को विविध एवं प्रतिष्ठित करियर क्षेत्रों में सफलता के लिए सक्षम बनाना है। सीएलएटी 2025-26 के घोषित परिणामों में विद्यालय के कक्षा 12 के विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट प्रदर्शन ने संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और दूरदर्शी दृष्टिकोण को प्रभावशाली रूप से उजागर किया है। इस राष्ट्रीय स्तर की विधि प्रवेश परीक्षा में मास्टर नंदन अवस्थी ने राज्य रैंक 15 अर्जित कर अपनी बौद्धिक क्षमता, अनुशासन और निरंतर परिश्रम का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया, वहीं मास्टर क्षितिज गर्ग ने राज्य रैंक 84 प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्ट परंपरा को सुदृढ़ किया।




यह उल्लेखनीय उपलब्धि इस तथ्य को रेखांकित करती है कि हिम अकादमी अब केवल नीट एवं जेईई जैसी विज्ञान आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं तक सीमित न रहकर, कानून, मानविकी और अन्य उभरते शैक्षणिक क्षेत्रों में भी संगठित एवं प्रभावी तैयारी प्रदान कर रही है। विद्यालय में लागू एकीकृत शैक्षणिक एवं कोचिंग ढांचा इस सफलता की आधारशिला है, जिसमें गहन अकादमिक अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की रणनीतिक तैयारी, नियमित आकलन, मॉक टेस्ट और व्यक्तिगत मार्गदर्शन का संतुलित समन्वय किया जाता है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस उपलब्धि के निर्माण में विज्ञान संकाय के अनुभवी अध्यापकों का मार्गदर्शन अत्यंत प्रभावी रहा है। उनके द्वारा विकसित तार्किक सोच, विश्लेषणात्मक क्षमता, भाषा-बोध और समय प्रबंधन जैसे कौशल सीएलएटी जैसी उच्च स्तरीय परीक्षाओं में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। हिम अकादमी स्कूल की शैक्षणिक दर्शन यह मानता है कि आधुनिक युग में विद्यार्थियों को केवल एक ही करियर विकल्प तक सीमित रखना उचित नहीं है। इसी सोच के अंतर्गत विद्यालय विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए बहु-आयामी करियर मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है, जिससे वे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए स्वयं को सक्षम बना सकें। विद्यालय परिवार इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर दोनों विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता है तथा उनके कानूनी क्षेत्र में उज्ज्वल, नैतिक और सफल भविष्य की कामना करता है।

**उत्सव** इंडियन आइडल अनुज शर्मा के नाम रही भोरंज लोहड़ी उत्सव की सांस्कृतिक संध्या

# भोरंज लोहड़ी उत्सव का होगा विस्तार: सुरेश

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल मुख्यालय में सोमवार को आयोजित लोहड़ी उत्सव की सांस्कृतिक संध्या हिमाचल प्रदेश के स्टार कलाकार एवं इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा के नाम रही। इस अवसर पर स्थानीय विधायक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ लोहड़ी उत्सव का और दीप प्रज्ज्वलित करके सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि इस उत्सव का विस्तार किया जाएगा। इससे भोरंज क्षेत्र को एक नई सांस्कृतिक पहचान मिलेगी। उन्होंने उत्सव की स्मारिका का विमोचन भी किया। सांस्कृतिक संध्या में इंडियन आइडल अनुज शर्मा ने एक के बाद एक हिंदी, पंजाबी और पहाड़ी गानों से खूब धमाल मचाया और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अनुज शर्मा का जादू इस कदर चला कि कड़ाके की ठंड के बावजूद लोग देर रात तक उनके गानों पर नाचते रहे। अनुज शर्मा से पहले जानी-मानी लोक कलाकार मनसा पंडित, सपना, शिवदयाल सिंह, निखिल रणौत, कुसुम जस्सी, बबलू, राजेश कुमार, आंचल ठाकुर, शगुन रणौत, अहान, रिशु ठाकुर, शिवांगी रांगड़ा, उपमा ठाकुर, मोहित शर्मा, कशिश ठाकुर, मान सिंह, अक्षिता शर्मा, हेमराज संधू, अंशिका, रिद्धिमा और अन्य कलाकारों ने लोहड़ी की सांस्कृतिक संध्या में खूब रंग जमाया।



भोरंज लोहड़ी उत्सव के दौरान विधायक को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

कॉमेडियन पंकज डोगरा ने अपनी हास्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोट-पोट किया। इससे पहले, दिन में दोपहर बाद से ही आरंभ की गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। सबसे पहले, डिग्री कालेज की रिया एंड पार्टी ने लोहड़ी पर समूह गान प्रस्तुत किया।

एसवी कालेज तरक्वाड़ी की प्रियंका एंड पार्टी, डीएवी स्कूल लझयाणी की वनिका एंड पार्टी, न्यू ईरा पब्लिक स्कूल की वृंदा एंड पार्टी, शांति निकेतन स्कूल भरेड़ी के ग्रुप, लक्ष्मी मेमोरियल स्कूल भोटी के अर्षित, युवान, सहज और वंशिका, आंगनवाड़ी वर्कर्स रीता देवी एंड पार्टी, महिला मंडल फगलोट और अन्य सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

सांस्कृतिक संध्या में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया और मनजीत डोगरा, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर, एसडीएम शशिपाल शर्मा, डीएसपी लालमन शर्मा, तहसीलदार डॉ आशीष शर्मा, बीडीओ कुलवंत सिंह, अन्य अधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय बन्याल, राजीव लाल मैहर, वतन सिंह डोगरा, डॉ. रमेश डोगरा, सुभाष जैलदार, रोशन लाल शर्मा, दीप चंद, प्रवेश ठाकुर, विजय डोगरा, बीडीसी सदस्य वीना देवी, पंचायत प्रधान संदीप चैहान, मुकेश बन्याल, राकेश गोल्डी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# हिंद संग्राम परिषद ने जरूरतमंदों को दी 37,700 रुपए की सहायता

◆ बच्चों को पढ़ाई के लिए दी आर्थिक मदद, लोहड़ी पर्व भी बच्चों संग मनाया

अनंत ज्ञान

**नादौन।** प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था हिंद संग्राम परिषद की इकाई नादौन व कांगू की संयुक्त बैठक चेयरमैन अश्वनी शर्मा व शिक्षा ठाकुर की अध्यक्षता में राम नाटक क्लब नौहगी, में आयोजित की गई। इस बैठक में परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में प्रदेश प्रवक्ता मोहन सिंह ठाकुर, बैंक मैनेजर सुदर्शन जरीयाल, केएस धीमान, वरिष्ठ सलाहकार गुरदयाल सिंह, ब्रह्म दास शर्मा, प्रशोतम दास, समाज सेवी आशु मंडयाल, गिरधारी लाल, कृष्ण देव शर्मा,रशील सिंह, वेद प्रकाश सोनी, अमरजीत सिंह, रक्षा देवी, कुसुम लता, शोभा देवी, आदि उपस्थित रहे। बैठक में हिंद संग्राम परिषद ने जरूरत मंदों को 37 हजार 700 रुपए की आर्थिक सहायता दी। संस्था के प्रवक्ता ने बताया कि समा देवी तमेटी कांगड़ा व विजय कुमारी गांव बड़ा रक्कड़ कांगड़ा को 12-12 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। इसके अलावा रीता कुमारी नौंहगी को 2000 रुपए, मैना विशाल ज्वालामुखी को 13 हजार रुपए, मोनिका भाटिया गांव बूणी को 6 हजार रुपए, उर्मिला देवी गांव गलोड़ व प्रवीण कुमारी गांव माजरा को तीन-तीन हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। इसके अलावा बच्चों को पढ़ाई के लिए भी आर्थिक सहायता दी गई। जिनमें रितिका गांव रैल को 1500, अंशिका रैल को 1500, पवना देवी गांव रक्कड़ को 2000, सीमा देवी गांव तमेटी कांगड़ा को 2000, जलाड़ी की ववीता को 3000,पायल ठाकुर, आशीष ठाकुर गांव जंलाडी को 2000-2000 रुपए के अलावा लाभार्थियों को बस किराया 700 रुपए भी अलग से दिया गया। इस अवसर पर संस्था ने बच्चों के साथ लोहड़ी का पर्व बड़ी धूम धाम मनाया तथा उन्हें रेवड़ियां व मूंगफली आदि बांटी गई। इस अवसर पर पंडित वासुदेव शर्मा ने पदाधिकारियों व वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### दिसंबर का लंबित बिल जल्द करवाएं जमा

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के तहत आने वाले जिन उपभोक्ताओं ने दिसंबर 2025 महीने का बिजली बिल या उससे भी अधिक समय से लंबित बिल अभी तक जमा नहीं करवाया है, वे सभी अपना बिजली बिल जल्द विद्युत उपमंडल ढलियारा या बिजली बोर्ड की ऑनलाइन साइट के माध्यम से जमा करवा दें। अन्यथा बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर उनके बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इस संबंध में अलग से कोई नोटिस नहीं दिया जाएगा। इसे अंतिम सूचना या नोटिस माना जाएगा। यह सूचना सहायक अभियंता ई. मनीष कुमार संधू, विद्युत उपमंडल ढलियारा द्वारा दी गई है।

### भारत-जर्मनी संबंधों को मिली नई मजबूती: मनजीत

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** नई दिल्ली में भारत और जर्मनी के बीच रिश्तों की एक नई इबारत लिखी गई, जब दोनों देशों ने कई महत्वपूर्ण कूटनीतिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों का सीधा संबंध देश की सुरक्षा, शिक्षा और तकनीकी विकास से है। किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जर्मनी के साथ भविष्य की रणनीतियों और कूटनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है।

### शिक्षा बोर्ड परिसर में मनाया लोहड़ी पर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के परिसर में लोहड़ी पर्व मनाया गया। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम ने सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा तथा डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा ने पुराने एवं लोकप्रसिद्ध गीत गाकर उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों का मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुतियों ने वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया और सभी को लोक संस्कृति से जोडऩे का कार्य किया।

### लोहड़ी पर्व पर की सुख-शांति की कामना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** न्यायिक परिसर धर्मशाला में पावन लोहड़ी दिवस के अवसर पर धर्मशाला बार एसोसिएशन की ओर से पारंपरिक उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में लोहड़ी पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंवर चिराग भानु सिंह, प्रदेश वक्फ ट्रिब्यूनल अध्यक्ष ( जिला एवं सत्र न्यायधीश ) जसवंत ठाकुर, पीठासीन जज (फैमिली कोर्ट) अरविंद मल्होत्रा, पीठासीन जज (लेबर कोर्ट) परवीन चौहान, अतिरिक्त ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश चौहान आदि उपस्थित रहे। लोहड़ी की पावन अग्नि प्रज्वलित कर समृद्धि, सुख-शांति और आपसी भाईचारे की कामना की गई।

### रोटरी क्लब ने विशेष बच्चों के साथ मनाई लोहड़ी



**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** रोटरी क्लब धर्मशाला ने खनियारा स्थित सूर्य उदय स्कूल के विशेष बच्चों के साथ लोहड़ी मनाई। क्लब सदस्यों ने बच्चों के साथ- मय बिताया और उन्हें लोहड़ी की मिठाइयां व रेवड़ियां वितरित कर पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना और समाज में समावेशी सोच को मजबूत करना रहा। रोटरी क्लब के सदस्य रोटेरियन डॉ. एनएन शर्मा ने स्कूल की सहायता के लिए 5,000 रुपए की नकद राशि भेंट की। क्लब सचिव रोटेरियन पीपी अजय शर्मा ने बच्चों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी। स्कूल प्रशासन की ओर से अनुराधा शर्मा एवं सचिन ने रोटरी क्लब धर्मशाला का आभार व्यक्त किया।

# परागपुर में शोभायात्रा के साथ राज्यस्तरीय लोहड़ी मेला शुरू

## बच्चों ने लोकनृत्य और संगीत से लगाए चार चांद, स्थानीय संस्कृति की देखने की मिली झलक

अनंत ज्ञान

**परागपुर।** धरोहर गांव परागपुर में मंगलवार को शोभायात्रा के आयोजन के साथ राज्यस्तरीय लोहड़ी मेले का आगाज हो गया। इस उत्सव के शुभारंभ अवसर पर कांग्रेस नेता सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और शोभायात्रा की अगवाई की।

जनसमूह को संबोधित करते हुए सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक समृद्धि और गौरवशाली परंपराओं के प्रतीक हैं। मेले का मुख्य आकर्षण रही शोभायात्रा परागपुर के मुख्य बाजार से होती हुई धरोहर गांव के प्राचीन मंदिर तक पहुंची, जिसमें स्थानीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। उत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रही। प्रख्यात पहाड़ी गायक नीतिश मैहरा ने अपनी विशेष प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब धमाल मचाया। इसके अलावा, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए हिमाचली लोक नृत्य और संगीत ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बालिका आश्रम गरली के बच्चों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। समारोह के दौरान एसडीएम ज्वालाजी डॉ संजीव शर्मा, तहसीलदार रक्कड़ अनुजा शर्मा, डाडासीबा बीरबल, खंड विकास अधिकारी अशोक, नाएब तहसीलदार प्रागपुर बलविंदर सिंह, रक्कड़ अश्वनी, जंसवा कोटला राज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



कांग्रेस नेता सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत। अनंत ज्ञान

# लंबागांव क्षेत्र में पशुओं में फैली अज्ञात बीमारी, लोगों की बढ़ी चिंता

अनंत ज्ञान

◆ **कई पशुओं की मौत पशुपालक दहशत में**

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** लंबागांव क्षेत्र में बीते करीब एक माह से दुधारू पशुओं में फैल रही अज्ञात बीमारी ने पशुपालकों की चिंता बढ़ा दी है। इस बीमारी से अब तक करीब चार गऊओं के अलावा एक भेड़ और एक बकरी की मौत हो चुकी है। अब यह अज्ञात बीमारी क्षेत्र के और पशुओं में भी होने लगी है। पशुपालकों के अनुसार यह बीमारी बेहद घातक है। जिस भी पशु को यह बीमारी अपनी चपेट में ले रही है, वह कुछ दिनों बाद बैठ जाता है और फिर दोबारा खड़ा नहीं हो पाता। करीब आठ से दस दिन के भीतर पशु की मौत हो जा रही है। इससे क्षेत्र के पशुपालक भयभीत हैं और अपने पशुधन को लेकर खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

स्थानीय पशुपालकों का कहना है कि यदि समय रहते संबंधित विभाग ने इस बीमारी पर काबू नहीं पाया तो आने वाले समय में यह और विकराल रूप धारण कर सकती है। लंबागांव स्थित पशुपालन विभाग के चिकित्सक डॉ. मुकेश ठाकुर ने बताया कि मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। वहीं, सीनियर वेटरनरी ऑफिसर संजय अवस्थी से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि पशुपालन विभाग तुरंत मौके पर विशेषज्ञ टीम भेजकर बीमारी की जांच कराए। इस संबंध में पशु पालन विभाग के सहायक निदेशक डॉक्टर अनीश ने बताया कि 15 जनवरी को कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से पशुपालन विभाग से संबंधित विशेषज्ञों की टीम भेजी जा रही है।

### राख भरनौली में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल शाहपुर के सहायक अभियंता विक्रम शर्मा ने बताया कि 15 जनवरी को 11 केवी कोटला फीडर के तहत राख भरनौली, भनियार, जलारी, निचली छतरी व साथ लगते गांव में विद्युत लाइनों के उचित रखरखाव के चलते प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे अथवा कार्य की समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने सर्वसाधारण जनता से बिजली बोर्ड को सहयोग करने की अपील भी की है।

# राज्यस्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह की तैयारियों को समय पर करें पूरा : डीसी

अनंत ज्ञान

◆ **परागपुर में होगा आयोजन, सीएम सुक्खू करेंगे बतौर मुख्यातिथि शिरकत**

**ब्यूरो। धर्मशाला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) परागपुर के खेल मैदान में राज्यस्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस पर समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। बैठक में राज्यस्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें तथा सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण की जाएं। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मंच सज्जा, आमंत्रण, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत, चिकित्सा सुविधाओं एवं अन्य प्रबंधों को लेकर विशेष दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी एवं एनएसएस कैडेट्स की टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा।

### धर्मशाला में उपमुख्यमंत्री फहराएंगे तिरंगा

**गणतंत्र** दिवस पर पुलिस मैदान धर्मशाला में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्यातिथि होंगे। डीसी हेमराज बैरवा ने उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी सभागार गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। बैठक में उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह के बेहतर आयोजन के लिए संबंधित विभागों को सभी तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि उपमुख्यमंत्री 26 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे शहीद स्मारक में माल्यार्पण के उपरांत प्रातः 11 बजे पुलिस मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इस दौरान पुलिस, होमगार्ड, एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स की प्लाटूनों द्वारा शानदार मार्च पास्ट निकाला जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यातिथि के जनता के नाम संदेश के उपरांत विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### कांग्रेस पार्टी की कार्यशैली पर भाजपा नेताओं ने उठाए गंभीर सवाल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भाजपा मंडल अध्यक्ष सुलह चंद्रवीर कटोच, मंडल अध्यक्ष थुरल विकास धीमान एवं मंडल अध्यक्ष भवारना हंसराज चौधरी ने संयुक्त प्रेस बयान में कांग्रेस पार्टी की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सुलह विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान जो घटनाक्रम सामने आया है, वह निंदनीय है। पार्टी कार्यक्रम के नाम पर मल्टीटास्क वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य सरकारी कर्मचारियों को बिना वर्दी के कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के स्वागत समारोह में बुलाना प्रशासनिक मर्यादाओं का खुला उल्लंघन है। भाजपा नेताओं ने कहा कि सीमित संसाधनों और भारी कार्यभार से जूझ रहे कर्मचारियों को राजनीतिक कार्यक्रमों में खींचना उनकी गरिमा और नियमों का अपमान है। भाजपा जनता की आवाज बनकर ऐसे कृत्यों का विरोध करती रहेगी।

फॉर्म संख्या 3 [देखें विनियमन-13 (1)(ए)]

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 1)**
**द्वितीय तल एससीओ 33-34-35 सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़**

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के नियम के उप-नियम (2 ए) के नियम 5 साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अंतर्गत समन।

**प्रदर्श संख्याः- 30928** **समन** **केस संख्याः- OA/1169/2025**

**एचडीएफसी बैंक बनाम मनदीप सिंह**

**1. श्री मनदीप सिंह पुत्र श्री सुभाष चंद निवासी मकान नं. 1, गांव अंबलाहर, घेड़ मंगाहर, तहसील देहरा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176114**

**2. गौरव विपन कुमार पुत्र विपन कुमार निवासी मकान नं. 581, थथलेहड़ डेडो 581 घेड़ देहरा, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 177114**

चूँकि, **OA /1169/2025** दिनांक **23.09.2025** को माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। चूँकि यह माननीय न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा 19(4) के तहत उक्त आवेदन पर समन/नोटिस जारी करने के लिए सक्षम है। (OA) आपके विरुद्ध **24,18,769,32/- रुपये** के ऋण की वसूली के लिए दायर किया गया है (दस्तावेजों आदि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)। अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अनुसार, आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है-

(i) संदेह या समन की सेवा के तीस दिनों के भीतर यह कारण बताएं कि क्यों प्रार्थित राहत प्रदान नहीं की जानी चाहिए; (ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3A के तहत आवेदक द्वारा निर्दिष्ट संपत्तियों और संपत्तियों के अलावा अन्य संपत्तियों या सम्पत्तियों का विवरण प्रदान करने के लिए; (iii) आपको संपत्तियों की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई और निपटान लंबित रहने तक मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत प्रकट की गई सुरक्षित संपत्तियों या ऐसी अन्य संपत्तियों और संपदाओं से निपटने या उनका निपटान करने से रोका जाता है; (iv) आप ट्रिब्यूनल की पूर्व स्वीकृति के बिना मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत निर्दिष्ट या प्रकट की गई किसी भी संपत्ति और/या अन्य संपत्तियों और संपदाओं को, अपने व्यवसाय के सामान्य क्रम को छोड़कर, बिक्री, पट्टे या अन्यथा तरीके से हस्तांतरित नहीं करेंगे; (v) आप सामान्य व्यवसाय के क्रम में सुरक्षित संपत्तियों या अन्य संपत्तियों और संपदाओं की बिक्री से प्राप्त बिक्री आय का हिसाब रखने और ऐसी बिक्री आय को ऐसी संपत्तियों पर सुरक्षा हित रखने वाले बैंक या वित्तीय संस्थानों के साथ रखे गए खाते में जमा करने के लिए उत्तरदायी होंगे। आपको आवेदक को दी गई एक प्रति के साथ लिखित बयान दाखिल करने और **21/01/2026** को **सुबह 10:30 बजे** रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया जाता है। ऐसा न करने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। इस दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायाधिकरण की मुहर से जारीः **25/09/2025**


**ह/-समन जारी करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर।**





















## प्रेस परिसर में लोहड़ी



'अनंत ज्ञान' परिवार ने लोहड़ी का पावन पर्व नगरोटा बगवां स्थित प्रेस परिसर में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार अलाव प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में सीईओ विशाल धीमान, डायरेक्टर प्रतिभा धीमान, संपादक समरजीत, प्रोडक्शन हेड पुरुषोत्तम चंद, डीजीएम संजीव कुमार सहित सर्कुलेशन विभाग, डिजिटल और 'अनंत ज्ञान' टीम के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने लोहड़ी पर्व की परंपराओं को निभाते हुए आपसी सौहार्द और एकजुटता का संदेश दिया।

# धर्मशाला के सैकड़ों परिवार बीपीएल से बाहर, व्यवस्था का हुआ पतन : सुधीर

## कहा- कांग्रेस सरकार की नीतियों से गरीबों के साथ अन्याय

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो। धर्मशाला।** धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सैकड़ों गरीब परिवारों को बीपीएल सूची से बाहर कर दिया गया है। यह पूरी तरह से गरीब विरोधी निर्णय है और इससे सरकार की व्यवस्था का पतन साफ झलकता है। सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला ब्लॉक की लगभग 27 पंचायतों में बीपीएल में शामिल होने वाले परिवारों की संख्या पहले सैकड़ों में होती थी, जो अब घटकर केवल दर्जनों में रह गई है कई जगह संख्या शून्य है।

मुख्यमंत्री के बेतुके निर्देशों पर बिना सोचे-समझे गरीब परिवारों को बीपीएल से बाहर किया जा रहा है। नियम पहले भी थे, लेकिन उस समय इतने परिवार बाहर क्यों नहीं हुए यह अपने आप में सरकार की मंशा को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अदूरदर्शिता और छुटभैये नेताओं की सलाह पर पूरे हिमाचल, विशेषकर धर्मशाला, को बर्बादी की ओर धकेला जा रहा है। सुधीर ने मुख्यमंत्री को खुली चुनौती देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मुझसे जी भरकर राजनीति कर लें, लेकिन हिमाचल और धर्मशाला की जनता को बख्श दें। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की धर्मशाला से ईर्ष्या जगजाहिर है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 30 करोड़ रुपए आज तक जमा नहीं करवाए गए, स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट ठप पड़े हैं, जबकि प्रदेश के बाहर के वकीलों को 120 करोड़ रुपए दे दिए गए। शहर में कोई नया विकास कार्य नहीं चल रहा है। पीडब्ल्यूडी और जलशक्ति विभाग में ठेकेदारों को भुगतान नहीं हो पा रहा है।

## हैप्पी बर्थडे



डाडासीबा की कविता शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



मंडी के एनके पंडित और सोनिया शर्मा को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



भड़वार के अरविंद राणा (हैप्पी) और कुसुम लता को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# ईको टूरिज्म सोसायटी के तहत आएगी वन विभाग की वन वाटिका

## वन वाटिका में एंट्री के लिए शुल्क होगा तय, एकत्रित राशि होगी देखरेख में खर्च

◆ **पेयजल की व्यवस्था सहित टॉयलट ब्लॉक निर्माण की भी योजना**

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में शहीद स्मारक के साथ वन विभाग की ओर से निर्मित वन वाटिका को ईको टूरिज्म सोसायटी के तहत लाया जाएगा। इसके चलते वन वाटिका में प्रवेश के लिए शुल्क तय किया जाएगा। शुल्क से एकत्रित होने वाली राशि को वन वाटिका की देखरेख में खर्च किया जाएगा। आगामी समय में इस वन वाटिका में आगुंतकों के लिए पेयजल सहित शौचालय सुविधा उपलब्ध करवाने की भी योजना है।

वन वाटिका की देखरेख व मरम्मत के लिए वन विभाग जहां बजट का प्रावधान करने के साथ जिला प्रशासन, नगर निगम और स्मार्ट सिटी की ओर से वन वाटिका के विकास के लिए आने वाले सुझावों पर भी अमल करने की बात कह रहा है। गौरतलब है कि वन वाटिका में आने वाले आगुंतकों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली खाद्य सामग्री व पानी की बोतलें भी वन वाटिका में एकत्रित हो जाती हैं। हालांकि, वन विभाग की ओर से समय-समय पर वन वाटिका की सफाई करवाई जाती है, लेकिन पार्क की नियमित सफाई हो, इसके लिए बजट प्रावधान होना जरूरी है, इसी दिशा में वन विभाग विचार कर रहा है। उधर, वन मंडल धर्मशाला के डीएफओ दिनेश शर्मा का कहना है कि वन वाटिका में झाड़ियां, घास उगते रहते हैं। वन वाटिका में घूमने आने वाले लोग भी कचरे का निष्पादन कई बार सही ढंग से नहीं करते, जिसके चलते प्लास्टिक बेस्ट भी पार्क में एकत्रित हो जाता है। हालांकि, विभाग की ओर से समय-समय पर वन वाटिका को साफ तो करवाया जाता है, लेकिन इसके लिए बजट प्रावधान किया जाना जरूरी है। अभी वन वाटिका में प्रवेश निशुल्क रखा गया है, लेकिन आने वाले दिनों में इसे ईको टूरिज्म सोसायटी के तहत लाया जाएगा और वन वाटिका में आने वालों के लिए शुल्क निर्धारित किया जाएगा। शुल्क कुछ ज्यादा नहीं होगा, वाजिब सा शुल्क तय किया जाएगा। डीएफओ शुल्क से एकत्रित होने वाली राशि को वन वाटिका की देखरेख पर खर्च किया जाएगा। वन वाटिका में शौचालय और पेयजल की व्यवस्था भी की जाएगी। वन वाटिका के विकास के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम या स्मार्ट सिटी की ओर से भी कोई सुझाव आते हैं, उन पर भी अमल किया जाएगा।




पेयजल सहित शौचालय सुविधा उपलब्ध करवाने की योजना। अनंत ज्ञान

# संपर्क फाउंडेशन ने सम्मानित किए शिक्षक



डाइट धर्मशाला में टॉप ब्लॉक, टॉप स्कूल एवं टॉप टीचर अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

◆ **16 स्कूलों के मुखियों व 29 शिक्षकों को संपर्क ट्रॉफी देकर नवाजा**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** डाइट धर्मशाला में टॉप ब्लॉक, टॉप स्कूल एवं टॉप टीचर अवॉर्ड समारोह का आयोजन संपर्क फाउंडेशन की ओर से किया गया। इस कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य एवं जिला समग्र शिक्षा अधिकारी राकेश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए।

जिला समन्वयक डॉ. जोगिंद्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लॉकों, विद्यालयों एवं शिक्षकों को प्रोत्साहित करना तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना रहा। इसमें संपर्क फाउंडेशन द्वारा दिए गए उपकरणों के उपयोग करना, फाउंडेशन द्वारा बच्चों की शिक्षा में शिक्षकों द्वारा किए गए नवाचार, दी गई सामग्री का समुचित प्रयोग शामिल रहा। गौरतलब है कि संपर्क फाउंडेशन हिमाचल सरकार के साथ 2018 से शिक्षा में गुणवत्ता के लिए काम कर रही है। वर्ष 2024-25 में फाउंडेशन की ओर से 330 स्कूलों में संपर्क टीबी डिवाइस दिए गए थे। मुख्य अतिथि राकेश शर्मा ने चयनित 8 खंडों के खंड शिक्षा अधिकारियों, 16 स्कूलों के मुखियों तथा 29 शिक्षकों को संपर्क ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में स्व. अश्वनी कुमार विज्ञान स्नातक राजकीय उच्च विद्यालय भडियाड़ा शिक्षा खंड रैत को टॉप टीचर अवॉर्ड दिया गया, जिनका सम्मान स्कूल प्रमुख नीलम ठाकुर द्वारा लिया गया, जो दिवंगत शिक्षक के परिजनों को सौंप देंगी। इस अवसर पर खंड परियोजना अधिकारी धर्मशाला ममता ठाकुर, अनुभाग अधिकारी वित्त समग्र शिक्षा वरुण सिंह, जिला समन्वयक मंडी मोनिका ठाकुर, जिला समन्वयक कांगड़ा पायल शर्मा सहित 55 सम्मानित शिक्षक व स्कूल प्रभारी शामिल रहे।

## बच्चों में दिखा लोहड़ी पर्व का खासा उत्साह

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** नववर्ष के आगमन के साथ ही शुरू होने वाले विभिन्न त्योहारों एवं लोक उत्सवों की सूची में लोहड़ी का पर्व खास महत्व रखता है। लोहड़ी पर्व को लेकर डाडासीबा, नंगल चौक, चनोर, बढल व ढलियारा आदि क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा गया। वहीं, कड़ाके की ठंड में बच्चे भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने टोलियां बनाकर घर-घर जाकर सुंदर, मुंदरिये हो, तेरा कौन विचारा हो, दुल्ला भट्टी वाला हो, दुल्ले धी व्याही हो, सेर शक्कर पाई हो और कई तरह के गीत गाकर बच्चों लोहड़ी मांगी।

# पिछड़ा वर्ग आयोग कार्यालय का धर्मशाला स्थानांतरण महत्वपूर्ण कदम : रॉबिन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश सरकार की ओर से हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने का निर्णय संविधान में निहित सामाजिक न्याय, समानता एवं प्रशासनिक सुगमता के सिद्धांतों के अनुरूप लिया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। चौधरी फाउंडेशन के अध्यक्ष रॉबिन कौंडल ने कहा कि संस्था सरकार के इस निर्णय का स्वागत करती है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की ओबीसी आबादी का एक बड़ा भाग लगभग 80 प्रतिशत कांगड़ा जिला एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में निवास करता है। ऐसे में आयोग का कार्यालय धर्मशाला में स्थापित होने से पिछड़े वर्ग के नागरिकों को अपनी शिकायतें, सुझाव एवं आवेदन प्रस्तुत करने में भौगोलिक और आर्थिक दृष्टि से सुविधा प्राप्त होगी। यह निर्णय प्रभावी प्रशासन एवं जनहित की अवधारणा को सुदृढ़ करता है। हाल ही में माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका, जिसके माध्यम से इस स्थानांतरण प्रक्रिया पर विचाराधीन स्थिति उत्पन्न हुई है, के संदर्भ में चौधरी फाउंडेशन यह स्पष्ट करना चाहता है कि किसी भी संवैधानिक अथवा वैधानिक आयोग के कार्यालय का स्थान निर्धारण राज्य सरकार का नीतिगत एवं प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र होता है, बशर्ते यह निर्णय मनमाना न होकर तथ्यों, आंकड़ों और व्यापक जनहित पर आधारित हो। चौधरी फाउंडेशन का मानना है कि शिमला में कार्यालय स्थित होने के कारण अब तक ओबीसी समुदाय के अनेक नागरिकों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 एवं 15 में निहित समान अवसर एवं समानता के सिद्धांतों की भावना के विपरीत प्रतीत होता है। फाउंडेशन को पूर्ण विश्वास है कि हिमाचल प्रदेश सरकार माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष सभी प्रासंगिक तथ्यों, आंकड़ों एवं संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर अपना पक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करेगी।

# नशे के विरुद्ध सरकार अपना रही जीरो टॉलरेंस की नीति : पठानिया

## बोले- नशा तस्करों की केवल गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि अवैध संपत्तियों पर भी हो रही कठोर कार्रवाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो। धर्मशाला।** उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। सरकार ने नशे के कारोबार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने बताया कि चिट्टा तस्करी में संलिप्त पाए जाने पर 11 पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किया जा चुका है, जो इस बात का प्रमाण है कि कानून सभी के लिए समान है। चाहे कोई भी पद या हैसियत क्यों न हो, नशा तस्करी और अवैध कारोबार में शामिल व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रदेश सरकार ने सूचना देने वालों के लिए इनाम योजना लागू की है। इसके तहत 2 ग्राम तक चिट्टे की सूचना पर 10 हजार रुपये, 5 ग्राम तक पर 25 हजार रुपये, 25 ग्राम तक पर 50 हजार रुपए, 1 किलो तक पर 5 लाख रुपएतथा 1 किलो से अधिक चिट्टे की सूचना देने पर 10 लाख रुपए का इनाम की घोषणा की गई है। पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार चिट्टे और नशे से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए प्रदेश में 112 आपातकालीन नंबर शुरू किया गया है। आम नागरिक इस नंबर पर कॉल कर नशा तस्करी से जुड़ी किसी भी प्रकार की सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के कर्मी भी यदि नशे के कारोबार में संलिप्त पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अब तक कई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है। इसके साथ ही नशा तस्करों के विरुद्ध केवल गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि उनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों पर भी कठोर कार्रवाई की जा रही है। अब तक 60 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट के तहत 66 मामलों में जब्त की जा चुकी है। इसके साथ ही सरकारी भूमि पर कब्जा कर या चिट्टे के धंधे से अर्जित की गई अवैध संपत्तियों को भी चिन्हित कर जब्त किया गया है।

### सेना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा



शाहपुर में अधिकारियों के साथ बैठक करते केवल पठानिया। अनंत ज्ञान

**उपमुख्य** सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने मंगलवार को उपमंडल कार्यालय शहपुर में तहसीलदार शाहपुर, जायका प्रोजेक्ट एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ सेना दिवस के कार्यक्रम को लेकर की बैठक की और तैयारियों को लेकर लिया जायजा। पठानिया 15 जनवरी को सुबह 10:30 बजे शाहपुर गोरड़ा में कृषि विभाग के अंतर्गत किसान सुविधा केंद्र का उदघाटन करेंगे। 11:00 बजे उपमंडल कार्यलय के पास शाहपुर में युद्ध स्मारक की आधारशिला रखेंगे। 11:30 बजे शाहपुर में 78वें सेना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों सहित कांग्रेस के सभी अग्रणी सगठनों के पदाधिकारियों सहित कांग्रेस सम्मानित कार्यकर्ता और शाहपुर की जनता को आमंत्रित किया है।

# साल में दो बार नियमित करने की पुरानी व्यवस्था को किया जाए बहाल

◆ **अनुबंध कर्मचारी व दैनिक भोगी कर्मचारी के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक किशोरी को सौंपा ज्ञापन**

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** अनुबंध अधिकारी एवं कर्मचारी व दैनिक भोगी कर्मचारी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को राज्य बिजली बोर्ड की ब्लॉक उपाध्यक्ष शिवांगी के नेतृत्व में विधायक किशोरी लाल से मिला।

अनुबंध कर्मचारियों द्वारा सितंबर माह में नियमितीकरण की मांग उठाई गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों का 2 साल का अनुबंध पीरियड है। सरकार द्वारा घोषित है, लेकिन जो कर्मचारी सितंबर 2024 से पहले नियुक्त हुए थे, अपना दो साल का अनुबंध कार्यकाल सितंबर 2026 तक पूरा कर रहे हैं, उन्हें नियमित होने के लिए उन्हें मार्च 2027 तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें नौ से दस माह अतिरिक्त सेवाएं बतौर अनुबंध कर्मचारी देनी पड़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश विभिन्न विभागों और बोर्डों पशुपालन विभाग, आयुर्वेद विभाग, जेओए, एचआरटीसी में हजारों अनुबंध कर्मचारियों और अधिकारियों की नियुक्ति हुई है। प्रदेश के कर्मचारी संगठनों द्वारा भी इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि अनुबंध कार्यकाल पूरा करते ही उन्हें नियमित किया जाए या साल में दो बार नियमित करने की पुरानी व्यवस्था को बहाल किया जाए। विधायक किशोरी लाल ने आश्वाशन दिया कि वह उनकी मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाएंगे तथा जल्द ही इसका हल निकलेगा। इस अवसर अजय कुमार, उषा देवी, दिनेश कुमार, उर्मिला देवी, शैलजा ठाकुर सहित अन्य अनुबंध कर्मचारी मौजूद रहे।

**पर्व** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

# विद्यार्थियों ने नृत्य से लूटी वाहवाही

अनंत ज्ञान

**जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा ने लोहड़ी पर्व का धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें लोहड़ी पर्व की जानकारी प्रदान की गई। कक्षा सातवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इसके उपरांत विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा द्वारा लोहड़ी पूजन किया गया और अग्नि में मूंगफली, रेवड़ी, गच्चक, चावल, गुड, तिल, धूप, घी का अर्घ्य दिया गया।

वहीं, डोल पर विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश और समस्त स्टाफ ने नृत्य किया। विद्यालय के सभी बच्चों को मूंगफली, गच्चक, रेवड़ी, बांटी गई। बच्चों ने भी ढोल पर नृत्य प्रस्तुत किया। वरिंद्र नरियाल ने सभी को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य राकेश राणा ने कहा कि हमें अपनी बुरी आदतों की आहुति देकर अपने जीवन में अच्छी आदतों को अपनाना है और संकल्प लेना है कि हम बुराई की राह छोड़कर अच्छाई की राह पर चले और बुरे विचारों की आहुति अग्नि में डाल देना चाहिए और अपने जीवन में कड़ी मेहनत, लगन और साहस के साथ मुश्किलों का सामना करना चाहिए।




तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा ने लोहड़ी पर्व को धूमधाम से मनाया। अनंत ज्ञान

**छात्रा मौत मामला**

# आरोपी छात्राओं की अंतरिम जमानत पर फैसला आज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा मौत मामले में कोर्ट द्वारा बुधवार को आरोपी छात्राओं की अंतरिम जमानत पर फैसला लिया जाएगा।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

जानकारी के अनुसार, चार आरोपी छात्राओं में से 2 ने कोर्ट से अंतरिम जमानत ली थी। इसकी अवधि बुधवार को समाप्त हो रही है, जबकि बुधवार को कोर्ट में ही पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी छात्राओं से की गई पूछताछ की रिपोर्ट पेश की जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले में मंगलवार को लोहड़ी के चलते पूछताछ नहीं की गई है।

इससे पहले अंतरिम पर चल रहे प्रोफेसर की जमानत अवधि कोर्ट से 17 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। फॉरेंसिक जांच से कुछ डिजिटल तथ्य पुलिस विभाग को मिल चुके हैं, जबकि कुछ पर जांच चल रही है। उधर, इस मामले में डीआईजी नॉर्थ रेंज सौम्या सांबशिवन ने बताया कि इस मामले में पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है।

# तीन साल में मुनाफे की ओर अग्रसर कृषि एवं ग्रामीण बैंक

## चेयरमैन राम चंद्र पठानिया ने पेश किया तीन वर्षों का ब्योरा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व वर्षों में नुकसान में रहा कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण बैंक सीमित पिछले तीन वर्षों में मुनाफे की ओर अग्रसर हुआ है। बैंक के चेयरमैन राम चंद्र पठानिया ने मंगलवार को धर्मशाला में पत्रकारवार्ता के दौरान बैंक के तीन वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पहले जहां बैंक मात्र 19 लाख रुपए के लाभांश के साथ घाटे में था। वहीं, वर्तमान वित्तीय वर्ष में बैंक ने 3 करोड़ 19 लाख रुपए का लाभ अर्जित किया है, जो पिछले तीन वर्षों में सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि बैंक में दो प्रकार की वन टाइम सेटलमेंट योजनाएं चल रही हैं, जिनमें 96 मामलों में बैंक जमीनों का मालिक बन चुका है। 2015 तक के मामलों में 25 प्रतिशत तक ब्याज माफी दी जा रही है। बैंक डिजिटलाइजेशन की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। एनपीए 22 प्रतिशत से घटकर 19.3 प्रतिशत रह गया है।

### पंचरुखी, कांगड़ा और ज्वालाजी में जल्द खोली जाएंगे शाखाएं

**चेयरमैन** ने कहा कि किसानों के लिए ऋण सुविधाएं मात्र कुछेक औपचारिकताओं से पूरी की जा रही हैं। बैंक की ओर से कृषि संबंधित लोगों को सुविधाएं प्रदान की जा रही है। बैंक, सरकारी गारंटी पर नाबार्ड से धनराशि प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बैंक से राज्य के बाहर पैसों का वितरण नहीं किया जाता है। बैंक की पहले 30 शाखाएं थी, जबकि 5 और खोली जा रही हैं, जिनमें मैहतपुर व जाहू में शाखाएं खोली दी गई हैं और पंचरुखी, कांगड़ा और ज्वालामुखी में जल्द शाखाएं खोल दी जाएंगी।

**23 कर्मी ट्रेनी के रूप में किए भर्ती :** सीएम सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में सहकारी क्षेत्र में राज्य आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष 23 नए कर्मियों को ट्रेनी के रूप में नियुक्त किया गया है, जिनमें 4 असिस्टेंट मैनेजर व 19 रिकवरी सुपरवाइजर शामिल हैं। बैंक की ओर से 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया है। अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया ने कहा कि बैंक में भर्ती आईबीपीएस के माध्यम से पारदर्शिता से की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### भराड़ी में तेज गति से वाहन चलाने पर कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** भराड़ी क्षेत्र में तेज गति से वाहन चलाने, मोडिफाइड साइलेंसर लगाने और यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस ने कार्रवाई की है। इसी दौरान पुलिस ने दो मोडिफाइड बाइकों को जब्त किया, जबकि तीन बाइक चालक मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, पांच बाइकें अत्यधिक तेज गति से भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से गुजरीं, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जांच में सामने आया कि कुछ बाइकों पर नंबर प्लेट नहीं थी, जबकि कुछ की नंबर प्लेट ढकी हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बाइक चालकों को पकड़ लिया। पकड़े गए वाहनों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने बाइकों को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि तेज गति से वाहन चलाना और नंबर प्लेट छिपाना मोटर वाहन अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। फरार चालकों की तलाश की जा रही है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर स्टूडेंट्स किए जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिले के राजकीय माध्यमिक विद्यालय मालटा में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा की प्रतिज्ञा लेकर संकल्प लिया कि वे सड़क पर चलते समय नियमों का पालन करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। विद्यार्थियों ने सड़क जागरूकता के नारों के साथ रैली भी निकाली। इस विशेष अवसर पर विद्यालय को गोद लेने वाले दित्ला राम (रिटायर्ड शास्त्री) एवं स्वयंसेवक भूरी सिंह उपस्थित रहे। दित्ला राम ने स्टूडेंट्स को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें सड़क पर चलने के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। जबकि भूरी सिंह द्वारा विद्यार्थियों को जागरूकता शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान विद्यालय के मुख्याध्यापक व अन्य सभी अध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्याध्यापक कुलदीप कुमार ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया।

### पर्स मिला है, निशानी बताकर ले जाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बीते कल बरठीं स्कूल की प्रार्थना सभा के दौरान समय एक राहगीर को स्कूल के मुख्य गेट के पास सड़क पर एक छोटा पर्स पड़ा मिला। उक्त व्यक्ति ने पर्स को तुरंत विद्यालय में गेट पर उपस्थित अध्यापक को सौंपते हुए बताया कि यह पर्स सड़क पर गिरा हुआ मिला है। विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को इस संबंध में अवगत कराया गया किंतु किसी भी छात्र द्वारा पर्स पर अपना दावा नहीं किया गया। कंप्यूटर शिक्षक देशराज रणौत ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्स में आभूषण एवं कुछ नगद राशि मौजूद है। पर्स का वास्तविक मालिक पर्स की पहचान बताकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं से इसे प्राप्त कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी की अमानत को लंबे समय तक संभालकर रखना उनके लिए बोझ है इसलिए संबंधित व्यक्ति शीघ्र संपर्क करें।

### सिक्योरिटी गार्ड्स के 60 पदों के लिए होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** इवान सिक्योरिटी फंक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सिक्योरिटी गार्ड्स के 60 पदों को भरा जा रहा है। इन पदों के लिए 16 जनवरी को श्री नयना देवी जी में, 19 जनवरी को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर में तथा 27 जनवरी को उप-रोजगार कार्यालय घुमारवीं में प्रातः 11 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी बिलासपुर राजेश मेहता ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड्स के इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं अथवा स्नातक पास रखी गई है। इन पदों के लिए पुरुष एवं महिला उम्मीदवार की आयु 20 से 36 वर्ष होनी अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त पुरुष उम्मीदवार की न्यूनतम ऊंचाई 5 फुट 7 इंच तथा न्यूनतम वजन 60 किग्रा तथा महिला उम्मीदवार की न्यूनतम ऊंचाई 5 फुट 4 इंच एवं 48 किग्रा वजन होना आवश्यक है। चयनित अभ्यर्थियों को 10,500 रुपए से 25,000 रुपये तक मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित स्थान, तिथि व समय पर उपस्थित होकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं।

### मलारी में छिंज का आयोजन 29 जनवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** क्षेत्रवासियों के सहयोग से दशकों पूर्व शुरू हुई ऐतिहासिक मलारी छिंज का आयोजन इस वर्ष भी 29 जनवरी को किया जाएगा। आयोजन को लेकर मलारी में कमेटी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की एक बैठक आयोजित की गई। जानकारी देते हुए कमेटी के पदाधिकारी विजय कौशल ने बताया कि कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया है कि 28 जनवरी को छिंज के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जबकि 29 जनवरी को पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता करवाई जाएगी। कुश्ती प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की जाएगी। जिसमें उत्तरी भारत के नामी पहलवान अपनी उत्कृष्ट कुश्ती कला का प्रदर्शन करेंगे। विजय कौशल ने इस आयोजन के लिए क्षेत्रवासियों के सहयोग को सराहनीय बताया और अधिक से अधिक लोगों से आयोजन को सफल बनाने के लिए सहयोग की अपील की है।

### गगल सीमेंट में चालकों को रोजाना सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह (1 से 31 जनवरी 2026) के तहत गगल सीमेंट वर्क्स परिसर में वाहन चालकों के लिए प्रतिदिन सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करना है। अभियान के तहत प्रत्येक सुबह चालकों को सुरक्षित वाहन संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम का संचालन इंटक जिला उपाध्यक्ष एवं केसीसी कर्मचारी शिव सिंह वर्मा कर रहे हैं। वे चालकों को यातायात संकेतों का पालन, निर्धारित गति सीमा, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। शिव सिंह वर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों के जीवन की सुरक्षा से जुड़ा विषय है। उन्होंने चालकों से पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से चालकों में जागरूकता बढ़ती है और सुरक्षित ड्राइविंग की आदत विकसित होती है, जिससे कार्यस्थल और सड़कों पर दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

# गृह कर नोटिस पर उद्योगपतियों में आक्रोश

## कहा- हम पहले से कर रहे भुगतान, फिर नगर परिषद की वसूली का क्या औचित्य

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** बिलासपुर औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों को नगर परिषद द्वारा गृह कर वसूली के नोटिस भेजे जाने से पूरे औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वर्षों से उद्योग विभाग के अंतर्गत आईए डीए को मेंटेनेंस टैक्स अदा कर रहे उद्योगपतियों का कहना है कि जब वे पहले ही नियमित रूप से उद्योग विभाग को कर भुगतान कर रहे हैं, तो नगर परिषद द्वारा गृह कर वसूली का नोटिस भेजना सीधा-सीधा दोहरा कर थोपने की कार्रवाई है।

उद्योगपतियों के अनुसार, उद्योग विभाग से आवंटित औद्योगिक भू-खंडों और भवनों के रख-रखाव, सड़क, सफाई, प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं के नाम पर उनसे पहले ही मेंटेनेंस टैक्स वसूला जा रहा है। इसके बावजूद अब नगर परिषद द्वारा गृह कर वसूली की मांग करना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि उद्योगों की आर्थिक कमर तोड़ने वाला कदम भी साबित हो सकता है।

उद्योगपतियों का आरोप है कि उद्योग विभाग और नगर परिषद के बीच अधिकार क्षेत्र को लेकर चल रही खींचतान का खामियाजा सीधे तौर पर उद्योगपतियों को भुगतना पड़ रहा है। एक ओर उद्योग विभाग अपने क्षेत्राधिकार का हवाला देकर मेंटेनेंस टैक्स वसूल रहा है, तो दूसरी ओर नगर परिषद औद्योगिक इकाइयों को नगर सीमा में बताकर गृह कर की मांग कर रही है। इस टकराव में नीतिगत स्पष्टता के अभाव ने उद्योगपतियों को असमंजस की स्थिति में डाल दिया है। उद्योग जगत का कहना है कि यदि यह दोहरा कर लेने के नोटिसों को तत्काल वापस नहीं लिया गया तो औद्योगिक इकाइयों की संचालन लागत में भारी बढ़ोतरी होगी, जिसका सीधा असर उत्पादन, रोजगार और निवेश पर पड़ेगा। उद्योगपतियों ने सवाल उठाया है कि क्या सरकार उद्योगों को प्रोत्साहन देना चाहती है या फिर करों के बोझ तले दबाकर उन्हें बंद करने की ओर धकेल रही है।

उद्योगपतियों ने राज्य सरकार से मांग की है कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर उद्योग विभाग और नगर परिषद के बीच स्पष्ट नीति तय की जाए, ताकि दोहरे कर की स्थिति समाप्त हो और उद्योगों को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उद्योग संगठन एकजुट होकर आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे।

### क्या कहते हैं जिला लघु उद्योग संघ के महासचिव

**इस** बारे में जिला लघु उद्योग संघ के महासचिव इंद्र ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कोई भी उद्योगपति इस ग्रह कर को देने के लिए बाध्य नहीं है क्योंकि सारी प्रणाली उद्योग विभाग के आइ ए डी ए के अंतर्गत आती है इसलिए नगर परिषद को टैक्स वसूलने का कोई अधिकार नहीं है।



# घुमारवीं शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की कवायद तेज

अनंत ज्ञान


बैठक करते उपमंडल अधिकारी। अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** घुमारवीं शहर में बढ़ते अतिक्रमण और अवैध रूप से लगाई जा रही रेहड़ी-फड़ी की समस्या को लेकर उपमंडल अधिकारी (ना.) गौरव चौधरी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद, व्यापार मंडल, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना और लोगों को हो रही असुविधा को दूर करना रहा।

उपमंडल अधिकारी गौरव चौधरी ने स्पष्ट किया कि शहर में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण और अवैध रेहड़ी-फड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि फुटपाथ आम नागरिकों के लिए होते हैं, न कि दुकानों, ठेलों या वाहनों के लिए। फुटपाथों पर अतिक्रमण से यातायात बाधित होता है और बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने नगर परिषद और पुलिस विभाग को आपसी समन्वय से फुटपाथ पूरी तरह खाली रखने और भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने देने के निर्देश दिए। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि नगर परिषद और पुलिस विभाग हर 15 दिन में संयुक्त निरीक्षण करेंगे, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सके।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपमंडल अधिकारी ने व्यापार मंडल से भी सहयोग की अपील की। इसके अलावा नगर परिषद को शहर में निर्मित पार्किंग व्यवस्था को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए।

# पांच साल से फरार महिला पंजाब से काबू

अनंत ज्ञान


पुलिस टीम के साथ आरोपी महिला। अनंत ज्ञान

**भराड़ी।** बिलासपुर जिला पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रही एक घोषित अपराधी महिला को पंजाब से गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी महिला न्यायालय के आदेशों की लगातार अवहेलना कर रही थी और कई वर्षों से पुलिस की पकड़ से बाहर थी।

गिरफ्तार महिला की पहचान निशा देवी (43) पत्नी खेम सिंह, निवासी गांव कवान, जिला मंडी के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना भराड़ी में वर्ष 2020 में दर्ज एफआईआर संख्या 105/20 के तहत धारा 323, 506 और 34 भारतीय दंड संहिता में मामला दर्ज है, जो मारपीट और आपराधिक धमकी से जुड़ा हुआ है।

पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से अदालत में पेश नहीं हो रही थी। समन और वारंट के बावजूद हाजिर न होने पर माननीय जेएमएफसी कोर्ट नंबर-2, घुमारवीं, जिला बिलासपुर ने 24 दिसंबर 2025 को उसे घोषित अपराधी करार दिया था। घोषित अपराधी घोषित होने के बाद आरोपी हिमाचल प्रदेश से फरार होकर पंजाब में छिप गई थी। थाना भराड़ी पुलिस को उसकी मौजूदगी को लेकर गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर एक विशेष टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने पंजाब के डेरा बस्सी क्षेत्र में जलालपुर गांव स्थित नाहर इंडस्ट्री के समीप दबिश देकर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में फरार और घोषित अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून से भागने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं और 11वीं की प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा, जिला बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) में रिक्त स्थानों के सापेक्ष कक्षा 9वीं एवं कक्षा 11वीं में पार्श्व प्रवेश हेतु परीक्षा-2026 का आयोजन 7 फरवरी 2026 को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र एवं रोल नंबर संबंधित वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। कक्षा नौवीं के लिए अभ्यर्थी https://cbseitms.nic.in/2025/nvsix_9 तथा कक्षा 11वीं के लिए https://cbseitms.nic.in/2025/nvsxi_11 पर जाकर अपना रोल नंबर डाउनलोड कर सकते हैं। यह जानकारी राकेश कटोच, प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा ने दी।

सीबीएसई के निर्देशानुसार किसी भी अभ्यर्थी को बिना प्रवेश पत्र अथवा रोल नंबर के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। किसी असामान्य परिस्थिति में यदि प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कठिनाई आती है तो अभ्यर्थी पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा, जिला बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

कक्षा नौवीं की पार्श्व प्रवेश परीक्षा का परीक्षा केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र), बिलासपुर निर्धारित किया गया है, जबकि कक्षा ग्यारहवीं की पार्श्व प्रवेश परीक्षा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा में आयोजित की जाएगी।

# एडीसी ने घाघस स्कूल का किया दौरा


घाघस स्कूल का निरीक्षण करते अतिरिक्त उपायुक्त। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान ब्यूरो

**बिलासपुर।** अपना विद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत ओमकांत ठाकुर, अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घाघस का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधन से संवाद करते हुए शैक्षणिक तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की समीक्षा की और अनुशासन, मूल्यपरक शिक्षा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों और स्टाफ ने बेहतर स्वास्थ्य एवं स्वच्छ पर्यावरण के लिए शपथ ली तथा नशे के विरुद्ध संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ लोहड़ी पर्व भी मनाया गया, जिससे विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक सौहार्द और उत्साह का वातावरण बना। अतिरिक्त उपायुक्त ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए अपना विद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक गुणवत्ता सुदृढ़ करने के लिए जिला प्रशासन के निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

# स्वामी विवेकानंद कॉलेज में एड्स जागरूकता अभियान

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को स्वामी विवेकानंद कॉलेज, घुमारवीं में 'युवा शक्ति से एड्स मुक्त भारत' संकल्प के तहत जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम 12 जनवरी 2026 को आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रीतम लाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ था और वे महान आध्यात्मिक नेता, दार्शनिक, समाज सुधारक एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत थे।

प्रधानाचार्य ने स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध विचार 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वामी जी युवा शक्ति को राष्ट्र का भविष्य मानते थे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने वर्ष 1984 में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया, ताकि युवा उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।



कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी एवं अधिकारी। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम में युवाओं से सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि एचआईवी/एड्स आज भी एक गंभीर सामाजिक चुनौती है, लेकिन जागरूकता, सकारात्मक सोच और समय पर जांच व उपचार से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। इस अवसर पर 'ज्ञान ही शक्ति है' के संदेश के माध्यम से एड्स रोकथाम पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कविता लेखन प्रतियोगिता में पायल ठाकुर ने प्रथम, अंकिता ने द्वितीय और शुनैना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में आरती प्रथम, साक्षी शर्मा द्वितीय तथा प्रीती शर्मा तृतीय रहीं। व्याख्यान प्रतियोगिता में निधि ने पहला, पारुल शर्मा ने दूसरा और विनय ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निखिल एंड ग्रुप प्रथम, अभिषेक एंड ग्रुप द्वितीय और शगुन एंड ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को माय भारत बिलासपुर द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक, स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हार की टीस से उभर नहीं पा रहे स्वयं-भू नेता, कभी बन रहे समन्वयक तो कभी प्रधान : जगदीश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पैंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर ने बीती सात जनवरी को संपन्न हुई सदर खंड तथा शहरी इकाई की संयुक्त बैठक में लिए गए निर्णय को दरकिनार करते हुए कुछ लोगों द्वारा चाय की दुकान पर बैठकर जिला कार्यकारिणी के चुनाव करके कार्यकारिणी घोषित करने पर हैरानी जताई।



जिला प्रधान जगदीश दिनेश और अन्य सभी पदाधिकारियों द्वारा आश्चर्य व्यक्त किया कि जो लोग 11 अप्रैल 2025 को संविधान के अनुसार हुए चुनाव में पेंशनरों द्वारा नकार दिए गए। वह अपनी हार को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए ऐसी हरकतें कर रहे हैं। कभी संयुक्त संघर्ष समिति का जिला समन्वयक बन जाते हैं और अब जिला प्रधान। मुट्ठी भर लोगों को साथ लेकर अपनी डफली बजाने वाले इस प्रकार के असंतुष्ट लोगों की वास्तविकता से सभी परिचित हैं। ऐसे में अन्य पेंशनर्ज को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं में बाकायदा अधिसूचना और समय देने के बाद चुनाव हुए थे, जिसमें पेंशनर्ज ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। संवैधानिक तरीके से हुए इस चुनाव में हार चुके लोगों को जनादेश स्वीकार करना चाहिए न कि हार को लेकर जन जन में हंसी का पात्र बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि हार से तिलमिलाए यही लोग मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के घुमारवीं में संपन्न हुए जबरदस्त कार्यक्रम में भी मीन मेख निकालने पर तुले हैं।

उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर की कार्यकारिणी द्वारा 17 दिसंबर 2025 मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार का एक सफल कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा पेंशनरों की मांगों को चरणबद्ध तरीके से मानने का वायदा किया तो निराश होकर ये कुछ एक स्वयं-भू पेंशनरों के हितैषी बनने के लिए ऐसी हरकतें कर रहे हैं। पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर की कार्यकारिणी की नोटिफिकेशन 11 अप्रैल 2025 को हुए चुनाव के आधार पर सभी विभागों के मुख्यों को प्रेषित कर दी गई है। सभी पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन से भी मांग की है कि इस स्वयंभू संगठन के लोगों को मान्यता न दें।

# संविधान की अनदेखी कर शोषित वर्गों के साथ हो रहा है अन्याय : सीताराम कौंडल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक जिला प्रधान एवं सेवानिवृत्त डीएसपी सीता राम कौंडल की अध्यक्षता में करलोटी में आयोजित की गई। इस बैठक में मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश बौद्धिक प्रकोष्ठ प्रमुख विपन बंसल ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं और पुरुषों को संबोधित करते हुए प्रधान सीता राम कौंडल ने कहा कि वर्तमान में संविधान की अस्मितता पर खतरा मंडरा रहा है। जिस प्रकार सरकारें अपनी सुविधानुसार संशोधन कर रही है, उससे तय हो गया है कि आने वाला समय आरक्षित वर्ग के लिए सही नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकारें जहां आरक्षित वर्ग के हितों पर कुठाराघात कर रही हैं, वहीं बैकलॉग जैसे मसलों को सरेआम नजरअंदाज किया जा रहा है।



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्य। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि अभी हाल में हैडमास्टर और प्रिंसीपल के पदों पर हुई पदोन्नति को लेकर रोस्टर को पूरी तरह से दरकिनार किया गया। जिससे इस वर्ग में पदोन्नति की आस लगाए लोगों को मानसिक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा।

कौंडल ने कहा कि अब पदोन्नति के लिए आरक्षित वर्ग से जुड़े प्रवक्ताओं ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कहा कि रोस्टर की अनदेखी सोची समझी चाल का परिणाम है, ताकि पात्र लोगों को उनके अधिकार से वंचित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि संयुक्त संघर्ष मोर्चा इस प्रकार की कोताही को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा, इसके लिए कानूनी पक्ष तलाशे जा रहे हैं। वहीं, जिला महामंत्री आचार्य नंद लाल ने बताया कि संयुक्त संघर्ष मोर्चा अपने संविधान बचाओ अभियान के तहत गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहा है।

इस बैठक में कैप्टन ज्ञान चंद, दीना नाथ, बंसत राम, गोपाल सिंह, कुलवंत सिंह, मदन लाल, महेंद्र सिंह, अजय कुमार, मदन लाल, राजीव कुमार, विजय कुमार, कृष्णा कुमारी, हेमलता आदि मौजूद थे।

# केंद्र बजट में हिमाचल को अधिक वित्तीय सहायता दे : राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा तथा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दकड़ी में लगभग 62 लाख रुपए की लागत से पूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 42 लाख रुपए से निर्मित सामुदायिक भवन तथा राजकीय उच्च विद्यालय चुवाड़ी में 20 लाख रुपए की लागत से बनी बाउंड्री वॉल शामिल है।

पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि आगामी केंद्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश को अधिक वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ बैठक में प्रदेश हित से जुड़े मुद्दे रखे गए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्राकृतिक आपदाओं के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील है और भूकंपरोधी निर्माण से लागत में 20-25 प्रतिशत तक वृद्धि होगी। इसके लिए केंद्र से विशेष सहायता जरूरी है। धर्माणी ने रेलवे परियोजनाओं, कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार और बल्क ड्रग पार्क में राज्य पर पड़ रहे अतिरिक्त खर्च का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार आगामी बजट में प्रदेश के हितों को प्राथमिकता देगी।

**उपलब्धि** इटली में खेले विश्व शीतकालीन खेलों में जीते पदक, जिले को दिलाया अंतरराष्ट्रीय गौरव

# इटली में बिलासपुर के दिव्यांग बच्चों का परचम

अरुण डोगरा रितू

**ब्यूरो, बिलासपुर।** इटली के ट्यूरिन में 8 से 15 मार्च 2025 तक आयोजित स्पेशल ओलिंपिक्स विश्व शीतकालीन खेलों में बिलासपुर के दिव्यांग बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर असाधारण प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया। सीमित संसाधनों और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद बिलासपुर के इन बच्चों ने साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी भी बाधा की मोहताज नहीं होती।


अपनी मैडम के साथ बिलासपुर के बच्चे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान विशेष

इन विश्वस्तरीय खेलों में स्पेशल ओलिंपिक्स भारत की ओर से 30 खिलाड़ियों ने 6 विभिन्न खेलों में भाग लिया और कुल 8 स्वर्ण, 16 रजत व 7 कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। वहीं स्पेशल ओलिंपिक्स हिमाचल प्रदेश की 15 सदस्यीय टीम ने 5 खेलों में हिस्सा लेते हुए 6 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदक हासिल किए। इस शानदार सफलता में चेतना संस्था, बिलासपुर से जुड़े चार दिव्यांग खिलाड़ियों दीपक ठाकुर, शालिनी चौहान, शुभम शर्मा और शिवांजलि की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इन खिलाड़ियों ने न केवल पदक जीते, बल्कि बिलासपुर के दिव्यांग बच्चों की क्षमता और आत्मविश्वास को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दीपक ठाकुर को स्वर्ण पदक के लिए 20 लाख रुपए तथा शालिनी चौहान को रजत पदक के लिए 14 लाख रुपए की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यह सम्मान बिलासपुर के दिव्यांग खिलाड़ियों के संघर्ष, समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रतीक है। खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्पेशल ओलिंपिक्स विश्व शीतकालीन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत स्पेशल ओलिंपिक्स हिमाचल प्रदेश के 13 पदक विजेता खिलाड़ियों को कुल लगभग 1 करोड़ 60 लाख रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी गई।

चेतना संस्था, बिलासपुर ने इस उपलब्धि के लिए केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडावीय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की यह पहल दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। संस्था ने स्पेशल ओलिंपिक्स भारत की अध्यक्षा मल्लिका नड्डा के प्रयासों की भी सराहना की, जिनके मार्गदर्शन से देश और प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के निरंतर अवसर मिल रहे हैं। बिलासपुर के इन दिव्यांग बच्चों की यह सफलता उन सैकड़ों बच्चों के लिए प्रेरणा है, जो आज भी अवसर की प्रतीक्षा में हैं।

स्वदेशी उद्योग, शिक्षा, चिकित्सा, ज्ञान, तकनीक, खानपान, भाषा, वेशभूषा एवं स्वाभिमान के बिना विश्व का कोई भी देश महान नहीं बन सकता।
– स्वामी रामदेव

संपादकीय

## गरीबों का ख्याल

प्रदेश की सक्खू सरकार हमेशा से ही गरीबों के कल्याण के प्रति गंभीर रही है और उनका हित सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाती रही है। इसी सोच के तहत सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जीवन यापन कर रहे लोगों के लिए राहतकारी निर्णय लिया है। हाल ही में यह निर्णय लिया गया कि पक्के मकान होने के बावजूद किसी गरीब का नाम बीपीएल सूची से नहीं हटाया जाएगा। यह कदम वास्तव में गरीबों के लिए लोहड़ी के त्योहार का एक उपहार साबित हुआ है।

इससे पहले चर्चा थी कि जिन लोगों के मकान पक्के हैं, उनके नाम बीपीएल सूची से हटा दिए जाएंगे। यदि ऐसा होता, तो प्रदेश के हजारों गरीब परिवारों पर गंभीर असर पड़ता। यह कोई उचित मापदंड नहीं है कि जिसने मेहनत-मजदूरी करके और ईमानदारी से अपने जीवन को सुधारने की कोशिश की, वह सरकार की मदद से पक्का मकान बना ले, तो उसे बीपीएल सूची से बाहर कर दिया जाए। यह कदम गरीबों के साथ अन्याय के समान होता, क्योंकि वे समाज और प्रदेश के विकास में सर्, य भूमिका निभा रहे हैं।

सरकार ने अपने निर्णय के माध्यम से यह सुनिश्चित किया है कि अब ऐसे परिवार भी बीपीएल सूची में शामिल रहेंगे, जिन्हें पक्के मकान होने या आयु सीमा के कारण पहले अपात्र घोषित किया गया था। इस घोषणा से अब संशय और भय के बादल छंट गए हैं। यदि कोई परिवार विभाग द्वारा निर्धारित अन्य सभी आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करता है, तो उसे सिर्फ पक्का मकान होने के आधार पर बीपीएल सूची से बाहर नहीं किया जा सकता।

सरकार अब आयु सीमा के कारण पहले खारिज किए गए आवेदनों की भी पुनः समीक्षा करेगी। यदि किसी परिवार के खिलाफ अन्य कोई अपात्रता नहीं पाई जाती, तो उसे बीपीएल सूची में शामिल किया जाएगा। यह कदम उन गरीबों के लिए बहुत बड़ी राहत है, जिन्होंने ईमानदारी से मेहनत करके अपने जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास किया है।

सरकार ने पहले जो दो महत्वपूर्ण शर्तें लगाने की योजना बनाई थी, उन्हें अब हटा दिया गया है। विपक्षी दल ने इसे मुद्दा बनाकर सरकार पर दबाव डाला था, लेकिन सक्खू सरकार ने सही समय पर सही निर्णय लेकर अपने फैसले में संशोधन किया और गरीबों के हित को प्राथमिकता दी।

अब सरकार को चाहिए कि वह जल्द से जल्द गरीबों की संशोधित बीपीएल सूची जारी करे। इससे पात्र लोगों का संशय और भय दूर होगा और वे सुनिश्चित हो पाएंगे कि उनकी मेहनत और पात्रता के आधार पर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। यह कदम न केवल गरीबों की आर्थिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के दृष्टिकोण से भी अत्यंत आवश्यक है।

सरकार का यह निर्णय गरीबों में विश्वास और आत्मसम्मान दोनों बढ़ाएगा। यह उन्हें यह संदेश देगा कि उनकी मेहनत व्यर्थ नहीं जाती और शासन की नीतियाँ उनके कल्याण के लिए ही बनाई जाती हैं। इस प्रकार, प्रदेश में सामाजिक न्याय और समरसता को बढ़ावा मिलेगा।

सक्खू सरकार ने स्पष्ट किया है कि बीपीएल सूची में शामिल होने के लिए पात्रता मानदंडों को पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से लागू किया जाएगा। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि गरीबों का अधिकार उनके मेहनत और पात्रता के अनुसार सुरक्षित रहे। सरकार की इस नीति से यह भी संदेश जाता है कि गरीबों को उनके सुधार और विकास के प्रयासों के कारण दंडित नहीं किया जाएगा, बल्कि उनका हक और सम्मान संरक्षित किया जाएगा।


इस निर्णय से प्रदेश में गरीबों के बीच सकारात्मक माहौल और उत्साह बढ़ा है। लोग खुशी-खुशी लोहड़ी का त्योहार मना रहे हैं और उन्हें अब यह भरोसा है कि उनके प्रयासों का फल मिलेगा। यह कदम अन्य राज्यों के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे गरीबों के हित में न्यायसंगत निर्णय लिए जा सकते हैं।

कुल-मिलाकर, सुक्खू सरकार का यह निर्णय यह साबित करता है कि वह केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि गरीबों के हित और सामाजिक न्याय के लिए ठोस कदम उठाने में भी विश्वास रखती है। संशोधित बीपीएल सूची के शीघ्र जारी होने से गरीबों में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी और उन्हें अपने भविष्य की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। यह प्रदेश की सरकार द्वारा गरीबों के प्रति किए गए वचन और उनके कल्याण के प्रति गंभीरता का स्पष्ट प्रमाण है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | आज की प्रमुख हस्ती

### बिहार के 'माउंटेन मैन'

**दशरथ** मांझी, जिन्हें पूरे देश में 'बिहार का माउंटेन मैन' कहा जाता है, असाधारण इच्छाशक्ति और अथक परिश्रम के प्रतीक थे। उनका जन्म 14 जनवरी 1934 को बिहार के गया जिले के गहलौर गांव में हुआ। वे एक अत्यंत गरीब परिवार से थे और बचपन से ही कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत किया। उस समय गहलौर गांव में न तो पक्की सड़कें थीं, न बिजली और न ही अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाएं।



दशरथ मांझी
जन्म : 14 जनवरी, 1934
मृत्यु : 17 अगस्त, 2007

गांव और शहर के बीच एक ऊंचा पहाड़ था, जिसे पार करके ही लोगों को इलाज, शिक्षा और रोजगार के लिए जाना पड़ता था। इसी कठिनाई ने दशरथ मांझी के जीवन को एक नया मोड़ दिया, जब उनकी पत्नी फाल्गुनी देवी पहाड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं और समय पर अस्पताल न पहुंच पाने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना ने दशरथ मांझी को भीतर तक झकझोर दिया। उन्होंने ठान लिया कि वे पहाड़ को काटकर रास्ता बनाएंगे ताकि भविष्य में किसी और को ऐसी त्रासदी न झेलनी पड़े।

सिर्फ हथौड़ी और छेनी के सहारे, बिना किसी सरकारी सहायता के, दशरथ मांझी ने अकेले ही पहाड़ काटना शुरू किया। लोगों ने उनका मजाक उड़ाया और उन्हें पागल कहा, लेकिन वे अपने लक्ष्य से विचलित नहीं हुए। लगभग 22 वर्षों (1960-1982) की कड़ी मेहनत के बाद उन्होंने 360 फुट लंबा, 30 फुट चौड़ा और 25 फुट ऊंचा पहाड़ काटकर सड़क बना दी। इस सड़क से अत्री और वजीरगंज की दूरी 55 किलोमीटर से घटकर केवल 15 किलोमीटर रह गई। दशरथ मांझी का यह कार्य केवल एक सड़क निर्माण नहीं था, बल्कि यह मानव संकल्प की जीत थी। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सच्ची लगन, धैर्य और उद्देश्य के सामने कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। वे सदैव प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। ■



कविता

### रेवड़ी की मिठास

कैप्टन डॉ. जय महलवाल अनजान, ई01
प्रोफेसर कॉलोनी, बिलासपुर कॉलेज

**लोहड़ी** का पावन त्योहार आता है, घर घर में खुशियों का मेला लाता है।
प्यार और मिठास का शुभ संदेश, सबके मनों को खूब भरमाता है।
गिद्दा और ढोल की थाप पर, नाचते गाते भांगड़ा लोग पाते हैं।
मुबारक हो लोहड़ी का त्योहार, जिसमें सबके चेहरे खुशियां पाते हैं ।
गुड़, मूंगफली और रेवड़ी की मिठास, लोहड़ी की खुशियों को बढ़ाते हैं।
लोहड़ी की रात गीठा जलाकर, सब लोग खुशियां मनाते हैं।
लोहड़ी का त्योहार तिल चौली का त्योहार, बच्चे घर घर जाकर लोहड़ी गाते हैं।
सबको लोहड़ी की शुभकामनाएं देकर, दूल्हा भट्टी वाले की गाथा खूब सुनाते हैं।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल में फोरलेन : प्रगति या भविष्य से खिलवाड़

हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में फोरलेन और बहुस्तरीय सड़क परियोजनाओं को जिस उत्साह और जल्दबाजी के साथ आगे बढ़ाया गया है, उसने विकास की उस परिभाषा को कठघरे में खड़ा कर दिया है, जो गति, चौड़ाई और कंक्रीट के विस्तार को ही प्रगति का पर्याय मानती है।



हितेंद्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला

पहाड़ों में सड़क केवल यातायात का साधन नहीं होती वह भूगोल, समाज, संस्कृति और आजीविका की रीढ़ होती है। जब इसी रीढ़ पर बिना संवेदनशीलता और वैज्ञानिक समझ के भारी हस्तक्षेप किया जाता है, तो उसके दुष्परिणाम केवल दरारों तक सीमित नहीं रहते। वे घरों, खेतों, पहाड़ियों और पूरे सामाजिक ताने-बाने में उभरकर सामने आते हैं। बीते कुछ वर्षों में हिमाचल प्रदेश में फोरलेन परियोजनाओं के चलते जो दृश्य उभरे हैं, वे किसी एक स्थान या एक घटना तक सीमित नहीं हैं।

शिमला, सोलन, मंडी और कुल्लू जैसे जिलों में पहाड़ियों की अंधाधुंध कटाई, सुरंगों में किए गए विस्फोट, मलबे का अवैज्ञानिक निस्तारण और प्राकृतिक जलधाराओं का अवरोध यह स्पष्ट संकेत देते हैं कि मौजूदा विकास मॉडल पहाड़ी यथार्थ से टकरा रहा है। राजधानी शिमला तक फोरलेन का पहुंचना इस टकराव का सबसे तीखा उदाहरण बन गया है, जहां विकास की आड़ में स्वयं राजधानी की भौगोलिक स्थिरता प्रश्नचिन्हों के घेरे में आ खड़ी हुई है। शिमला और उसके आसपास जिन इलाकों में मकानों में गहरी दरारें पड़ीं, लोगों को अपने घर खाली करने पड़े और अनेक संरचनाएं रहने योग्य नहीं रहीं, वे घटनाएं किसी आकस्मिक प्राकृतिक आपदा का परिणाम नहीं थीं।

वे मानव-निर्मित संकट थे, जिनकी चेतावनी भू-वैज्ञानिक वर्षों से देते आ रहे हैं। हिमालय का युवा पर्वत होना कोई अकादमिक तथ्य मात्र नहीं है यह हर भूस्खलन, हर धंसती सड़क और हर टूटते मकान के साथ स्वयं को दोहराता है। इसके बावजूद, जब फोरलेन जैसी परियोजनाओं में वही निर्माण मॉडल अपनाया जाता है जो मैदानी इलाकों के लिए विकसित किए गए हैं, तो यह तकनीकी चूक से अधिक नीति-स्तरीय लापरवाही बन जाती है। भविष्य के संकेत यहीं से स्पष्ट हो जाते हैं। यदि यही रफ्तार, यही दृष्टिकोण और यही उदासीनता बनी रही, तो हिमाचल में सड़कें भले चौड़ी हो जाएं, पर वे टिकाऊ नहीं रह पाएंगी। हर मानसून में बाधित यातायात, हर वर्ष बढ़ते भूस्खलन और लगातार बढ़ती मरम्मत लागत इस ओर इशारा करती हैं कि मौजूदा विकास मॉडल आर्थिक रूप से भी



आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। जिस सड़क को सुविधा का माध्यम माना जा रहा है, वही भविष्य में प्रशासन और जनता दोनों के लिए सबसे बड़ा बोझ बन सकती है।

इस विमर्श का सबसे चिंताजनक पक्ष यह है कि हिमाचल की आर्थिकी जो मुख्यत: कृषि और बागवानी पर आधारित है इस तथाकथित विकास की सबसे बड़ी कीमत चुका रही है। सेब की बागवानी केवल एक फसल नहीं, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका, संस्कृति और पहचान का आधार है। जब सड़क चौड़ी करने के नाम पर पहाड़ों की ढलानों को काटा जाता है, खेत नष्ट होते हैं, जलस्रोत दब जाते हैं और मिट्टी की प्राकृतिक पकड़ खत्म हो जाती है, तो उसका प्रभाव केवल वर्तमान उत्पादन तक सीमित नहीं रहता। आने वाले दशकों की उत्पादकता भी इससे प्रभावित होती है। वर्षों में विकसित हुए सेब के बाग कुछ ही दिनों की अवैज्ञानिक कटाई में बर्बाद हो जाते हैं।

भविष्य का एक स्पष्ट संकेत हिमाचल प्रदेश में गहराते जल संकट के रूप में सामने आ रहा है। सुरंगों और गहरी कटिंग के कारण पहाड़ों के भीतर मौजूद प्राकृतिक जलधाराएं बाधित हो रही हैं। जिन स्रोतों पर गांवों की पेयजल और सिंचाई व्यवस्था निर्भर थी, वे या तो सूख चुके हैं या अपना मार्ग बदल चुके हैं।

जलवायु परिवर्तन के इस दौर में यह संकट और अधिक भयावह रूप ले सकता है। जब अवैज्ञानिक सड़क निर्माण और बदलता मौसम एक-दूसरे के प्रभाव को बढ़ाते हैं, तो पहाड़ी समाज के लिए यह दोहरी मार बन जाता है। यह समझना आवश्यक है कि स्थानीय लोग विकास के विरोधी नहीं हैं। हिमाचल का समाज लंबे समय से सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग करता रहा है, परंतु वह ऐसा विकास चाहता है जो प्रकृति और जीवन दोनों को सुरक्षित रखे। लोग सड़क चाहते हैं, लेकिन अपने घर, जमीन और जलस्रोत खोकर नहीं। विकास योजनाओं में यदि स्थानीय सहभागिता और संवेदनशीलता नहीं होगी, तो सामाजिक असंतोष और गहराएगा।

नीतिगत स्तर पर यह प्रश्न गंभीर है कि क्या हिमालयी क्षेत्रों के लिए अलग विकास मॉडल की आवश्यकता नहीं है। अन्य पर्वतीय क्षेत्रों में सीमित चौड़ाई की सड़कें और भू-वैज्ञानिक परिस्थितियों के अनुरूप निर्माण अपनाया जाता है। हिमाचल के लिए भी यही रास्ता भविष्य की ओर ले जाता है।

फोरलेन परियोजनाओं का विरोधाभास यह है कि वे जिन समस्याओं के समाधान के लिए लाई गई हैं, वही समस्याएं भविष्य में और गंभीर बन सकती हैं। यदि सड़कें हर मानसून में बंद हों, तो वे सुविधा नहीं, असुविधा बन जाती हैं। इसलिए आवश्यक है कि हिमाचल में विकास की परिभाषा को पुन: गढ़ा जाए और यह समझा जाए कि हिमालय को जीतना नहीं, बल्कि उसके साथ जीना ही टिकाऊ भविष्य की कुंजी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सशक्त और समरस समाज का निर्माण समय की पुकार

समाज केवल व्यक्तियों का समूह नहीं होता, बल्कि वह परंपराओं, मूल्यों, विश्वासों, रिश्तों और साझा जिम्मेदारियों से बुना हुआ एक सशक्त ताना-बाना होता है। यही सामाजिक ताना-बाना किसी भी देश और सभ्यता की आत्मा होता है। दुर्भाग्यवश, आज यह ताना-बाना धीरे-धीरे कमजोर होता दिखाई दे रहा है, जो न केवल चिंताजनक है, बल्कि भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी भी है।



केशव शर्मा रसिक
वरिष्ठ लेखक व साहित्यकार

कभी संयुक्त परिवार भारतीय समाज की पहचान हुआ करते थे, जहां तीन-चार पीढ़ियां एक साथ रहती थीं। आज वही परिवार एकल परिवारों में सिमटते जा रहे हैं। बुजुर्ग उपेक्षित हैं, बच्चे मोबाइल और इंटरनेट की दुनिया में खोए हुए हैं और पति-पत्नी के बीच संवाद की कमी बढ़ती जा रही है। रिश्तों में भावनात्मक गर्माहट की जगह औपचारिकता और स्वार्थ ने ले ली है।

आधुनिक जीवनशैली ने व्यक्ति को 'मैं' तक सीमित कर दिया है। सामाजिक हित के स्थान पर व्यक्तिगत लाभ को प्राथमिकता दी जा रही है। पहले जहां पड़ोसी एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी होते थे, आज वही पड़ोसी एक-दूसरे को पहचानते तक नहीं। यह बढ़ता व्यक्तिवाद समाज को भीतर से खोखला कर रहा है। तकनीक ने जहां दुनिया को करीब लाया है, वहीं रिश्तों के बीच अदृश्य दीवारें भी खड़ी कर दी हैं। सोशल मीडिया पर सैकड़ों 'दोस्त' हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में संवेदनशील संवाद का अभाव है। आभासी संबंधों ने वास्तविक संबंधों की जगह ले ली है, जिससे सामाजिक जुड़ाव कमजोर हुआ है।

ईमानदारी, सहानुभूति, सहयोग और त्याग जैसे नैतिक मूल्य धीरे-धीरे हाशिए पर जा रहे हैं। प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में संवेदनशीलता पीछे छूटती जा रही है। अपराध, भ्रष्टाचार, असहिष्णुता और हिंसा जैसी प्रवृत्तियां इसी मूल्यहीनता का परिणाम हैं। इसके अलावा धर्म, जाति, भाषा और विचारधाराओं के नाम



पर समाज में खाई गहरी होती जा रही है। संवाद के स्थान पर टकराव और सहमति के स्थान पर असहमति हावी हो रही है। सहिष्णुता, जो भारतीय समाज की पहचान रही है, आज सबसे अधिक संकट में है।


वर्तमान शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य धीरे-धीरे केवल रोजगार प्राप्ति तक सीमित होता जा रहा है। ज्ञान अर्जन के साथ-साथ जिन संस्कारों, सामाजिक जिम्मेदारियों और नैतिक मूल्यों का विकास होना चाहिए था, वे हाशिए पर चले गए हैं। इसका परिणाम यह है कि आज का पढ़ा-लिखा वर्ग भी कई बार सामाजिक दायित्वों के प्रति उदासीन दिखाई देता है। शिक्षा यदि केवल डिग्री और नौकरी तक सीमित रह जाए, तो वह समाज को संवेदनशील और उत्तरदायी नागरिक देने में असफल हो जाती है। सामाजिक ताना-बाने को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए परिवार, शिक्षा संस्थान, मीडिया और सरकार—सभी को सामूहिक रूप से प्रयास करने होंगे। परिवार को पहली पाठशाला के रूप में संवाद, आपसी सम्मान और समझदारी को बढ़ावा देना होगा। शिक्षा संस्थानों में अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ नैतिक शिक्षा और जीवन-मूल्यों को अनिवार्य रूप से शामिल करना आवश्यक है। मीडिया को सनसनी फैलाने के बजाय सामाजिक समरसता और सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना चाहिए। वहीं सरकार की नीतियां भी सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने वाली होनी चाहिए।

तकनीक का उपयोग यदि संबंधों को जोड़ने के लिए किया जाए, न कि उन्हें तोड़ने के लिए, तो यह समाज के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है। आज आवश्यकता है समाज में सहिष्णुता, संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को पुनर्जीवित करने की। यदि समय रहते सामाजिक ताना-बाने को सहेजने का प्रयास नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियां ऐसे समाज में जीने को विवश होंगी जहां रिश्ते तो होंगे, पर उनमें संवेदनाएं नहीं होंगी। इसलिए आज आत्ममंथन आवश्यक है, ताकि टूटते धागों को फिर से जोड़कर एक मजबूत, संवेदनशील और समरस समाज का निर्माण किया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नैतिकता : भविष्य की अनिवार्य शर्त

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चर्चा चारों ओर हो रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि भविष्य की दिशा और दशा को निर्धारित करने में एआई एक अत्यंत महत्वपूर्ण साधन बनता जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जनक अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक जॉन मैकार्थी को माना जाता है।




लकेश चंदेल
घुमारवीं, जिला बिलासपुर

एआई वह तकनीक है, जिसके अंतर्गत मशीनों को इस प्रकार प्रोग्राम किया जाता है कि वे मनुष्य की तरह सोचने, सीखने, निर्णय लेने और समस्याओं का समाधान करने में सक्षम हो सकें। अपनी व्यापक उपयोगिता के कारण आज एआई एक प्रभावशाली और अनिवार्य तकनीक के रूप में उभर चुका है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग आज स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्योग, बैंकिंग, साइबर सुरक्षा, परिवहन और प्रशासन जैसे अनेक क्षेत्रों में हो रहा है। इसकी सहायता से जटिल कार्य अपेक्षाकृत कम समय और अधिक सटीकता के साथ पूरे किए जा सकते हैं। एआई बहुकार्य को संभव बनाता है और मानवीय त्रुटियों को कम करता है। विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में एआई ने क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं। वर्चुअल क्लासरूम, स्मार्ट लर्निंग प्लेटफॉर्म, एआई-संचालित असिस्टेंट और उन्नत मूल्यांकन प्रणालियां छात्रों को व्यक्तिगत सीखने का अनुभव प्रदान कर रही हैं। अब शिक्षा केवल पुस्तकों और कक्षाओं तक सीमित नहीं रह गई है।

हालांकि, जहां एआई के अनेक लाभ हैं, वहीं इसके कुछ गंभीर नकारात्मक पहलू भी सामने आए हैं। एआई का दुरुपयोग गलत सूचना फैलाने, साइबर अपराध, निगरानी के माध्यम से व्यक्तिगत गोपनीयता के उल्लंघन और आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, एआई की




सबसे बड़ी चुनौती स्वचालन है। मशीनें अब ऐसे कार्य करने लगी हैं, जिन्हें पहले मनुष्य किया करता था। इससे अनेक पारंपरिक नौकरियों पर खतरा मंडराने लगा है। नौकरीपेशा लोगों को रोजगार छिनने का भय है, वहीं शिक्षित युवाओं को भविष्य में रोजगार के अवसर कम होने की चिंता सताने लगी है।

सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा विश्लेषण और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई ने कार्य को सरल बना दिया है, परंतु इससे इन क्षेत्रों में मानव श्रम की आवश्यकता भी घट सकती है। ऐसे समय में यह आवश्यक हो गया है कि व्यक्ति स्वयं को नई तकनीकों और आधुनिक कौशलों से लैस करे। केवल वही लोग भविष्य में टिक पाएंगे, जो तकनीकी परिवर्तनों के साथ स्वयं को ढाल सकेंगे।

इन चुनौतियों के बीच 'एथिकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। एथिकल एआई से तात्पर्य ऐसे एआई विकास और उपयोग से है, जो नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों और मानव अधिकारों के अनुरूप हो। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एआई तकनीक समाज के हर वर्ग के लिए लाभकारी बने और उससे होने वाली संभावित हानियों को न्यूनतम किया जा सके। जिम्मेदार एआई का प्रयोग पारदर्शिता, निष्पक्षता, जवाबदेही और गोपनीयता के सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए।

वैश्विक समुदाय एआई के सकारात्मक पक्षों का अधिकतम लाभ उठाना चाहता है, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभावों से आंख नहीं मूंदी जा सकती। किसी भी नई तकनीक की तरह एआई में भी लाभ और दोष दोनों निहित हैं। आवश्यकता इस बात की है कि इसका उपयोग विवेक, जिम्मेदारी और पूर्ण नैतिकता के साथ किया जाए। तभी यह मानव जीवन को सरल, सुरक्षित और अधिक प्रभावी बना सकता है। एआई को नैतिकता और मानव कल्याण के साथ जोड़ना बेहद जरूरी। तभी सही मायनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वास्तव में मानवता की प्रगति का सशक्त माध्यम बन सकेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आलोक : करुणा, सहानुभूति और शांति का जीवंत प्रतीक

शांति शब्द का अपना एक जादू है जिसकी तलाश में ऋषि, मुनि, योगी, तपस्वी और सांसारिक लोग भी मोह से विरक्त होकर जंगलों में नदी के किनारों पर या ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ जाते हैं।



कनुप्रिया
नूरपुर, जिला कांगड़ा, (हि.प्र.)

शांति को किसने देखा, केवल महसूस किया जा सकता है। आज एक व्यक्ति इसे संक्षिप्त क्षण के लिए अनुभव करता है, तो कोई और इसे पहली बार अनुभव कर रहा होता है और कोई हो सकता है कल करे या कोई शायद उसके अगले दिन इसे अनुभव करे। शांति एक घटना नहीं है एक सतत अभ्यास है।

यह वह है जिसकी ओर लोग सक्रिय रूप से चल रहे हैं, लेकिन सबसे अद्भुत यह है कि एक कुत्ता जो कि आवारा रहा शांति का एक अप्रत्याशित प्रतीक बन गया जो करुणा और एकता की यात्रा पर बौद्ध भिक्षुओं के साथ हजारों मील अभी भी चल रहा है। शांति की तलाश में सब नहीं चल सकते वह भी हाथ में कटोरा लिए नंगे पांव। चलना सबका अलग-अलग है, कुछ आंतरिक रूप से, कुछ दुख में, कुछ गलतफहमी में, कुछ आरोप में, कुछ थकावट के माध्यम से शांति में चल रहे होते हैं।

वह चलना भी वास्तविक है। हर दिन यात्रा जारी रहती है, दुनिया में कहीं न कहीं कोई प्रतिक्रिया पर संयम चुन रहा होता है। कोई सुविधा पर करुणा। शारीरिक रूप से चल रहे लोगों के लिए आपके कदम जितना आप जानते हैं उससे कहीं ज्यादा मायने रखते हैं।

आध्यात्मिक रूप से चल रहे लोगों के लिए आपका धीरज भी उतना ही मायने रखता है। शांति सदैव समझौता नहीं, कभी दृढ़ता है कभी धैर्य है। एक दिन में दुनिया कभी नहीं बदली न ही बदलेगी यह कदम दर कदम बदलती है। इसकी कहानी भारतभर में 112 दिनों की शांति यात्रा के दौरान शुरू हुई जब भिक्षुओं के एक समूह का सामना एक आवारा भारतीय परिया




कुत्ते से हुआ जिसने उन्हें अपने परिवार के रूप में चुना। भिक्षुओं द्वारा नाम दिया गया आलोक जिसका मतलब आध्यात्मिक तौर पर जो जागरूक हो।

आलोक की वफादारी तब परखी गई, जब वह एक कार से टकरा गया और बाद में गंभीर रूप से बीमार पड़ गया। उसकी सुरक्षा को लेकर चिंतित भिक्षुओं ने उसे कुछ समय के लिए आराम देने के लिए एक ट्रक में बैठा दिया, परंतु आलोक ने वह सुविधा स्वीकार नहीं की। वह ट्रक से कूदकर फिर उसी सड़क पर लौट आया, मानो किसी पुराने साथी का साथ छोड़ना उसे स्वीकार न हो। यह केवल जिद नहीं थी, बल्कि उस मार्ग के प्रति उसकी निष्ठा थी जिसे उसने शांति की राह मान लिया था। बिना बोले और बिना किसी अपेक्षा के आलोक की यह मौन यात्रा कोलकाता से शुरू होकर समुंदर पार अमेरिका तक पहुंच गई। वह उन भिक्षुओं के साथ चलता रहा जो स्वयं शांति के तीर्थयात्री हैं। मौसम बदलते रहे, लोग बदले, स्थान बदलते गए, लेकिन यह शांति का दूत निरंतर चलता रहा। इस यात्रा में न कोई स्वार्थ है, न अभिमान—केवल निरंतरता, सहानुभूति और करुणा का सहज संगम है। सहानुभूति तब जन्म लेती है जब हम स्वयं किसी पीड़ा को भोगते हैं, और करुणा तब जब दूसरों के दुख को समझकर उसे कम करने का प्रयास करते हैं।

आज आवश्यकता है निर्दयता के स्थान पर करुणा चुनने की और अज्ञानता के स्थान पर सहानुभूति अपनाने की। क्योंकि केवल मार्ग पर चलना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर नया मार्ग बनाना भी उतना ही आवश्यक है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 31 मार्च तक निपटाएं राजस्व मामले : उपायुक्त

## डीसी अपूर्व देवगन ने सुंदरनगर व डैहर में की राजस्व मामलों की समीक्षा, समयबद्ध निपटारे के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने उपमंडल सुंदरनगर के तहत तहसील सुंगरनगर तथा उप-तहसील डैहर में राजस्व मामलों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों के समयबद्ध व त्वरित निपटारे को प्रदेश सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है और सभी राजस्व अधिकारी तय समय अवधि में लंबित मामलों का निपटान सुनिश्चित करें।

अपूर्व देवगन ने कहा कि राजस्व अधिकारी सबसे पुराने मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि 31 दिसंबर, 2023 से पूर्व के लंबित मामलों का इस वर्ष 31 मार्च तक निपटारा सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तकसीम के मामलों के शीघ्र निपटारे पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी फील्ड मामलों को पूरी गंभीरता से निपटाएं। मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश सरकार ने हर सप्ताह तीन दिन राजस्व अदालतें लगाकर राजस्व मामलों का त्वरित निपटारा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित राजस्व अधिकारी पेशियों की तिथियां निर्धारित करते हुए हर सप्ताह मंगलवार, बुधवार और शुक्रवार को कोर्ट लगाएं।


डीसी अपूर्व देवगन ने सुंदरनगर व डैहर में राजस्व मामलों की समीक्षा की। अनंत ज्ञान

उपायुक्त ने जयदेवी, महादेव, कांगू के कानूनगो तथा तहसील सुंदरनगर के तहत लंबित राजस्व मामलों के निपटारे पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि शेष लंबित मामलों को शून्य स्तर पर लाने की दिशा में सभी राजस्व अधिकारी पूरी लगन के साथ कार्य करें। इसमें पटवारी, कानूनगो, तहसीलदार सहित सभी राजस्व अधिकारियों का सहयोग आवश्यक रहता है।

समीक्षा के दौरान प्रत्येक कानूनगो वृत्त के कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। एक अप्रैल, 2025 से 31 दिसंबर, 2025 तक सुंदरनगर तहसील के अंतर्गत फील्ड कानूनगो द्वारा हुकमन तकसीम के 18, खानगी तकसीम के 15 तथा निशानदेही के 50 मामले निपटाए गए। इसी अवधि में महादेव कानूनगो द्वारा हुकमन तकसीम के 31, खानगी के 33 तथा निशानदेही के 178 मामलों का निपटारा किया गया। कानूनगो जैदेवी द्वारा इस अवधि में हुकमन तकसीम के 21, खानगी के 19 तथा निशानदेही के 113 मामलों का तथा कलौहड़ कानूनगो द्वारा हुकमन तकसीम के 27, खानगी के 10 तथा निशानदेही के 103 मामलों का निपटारा किया गया।

◆ **फील्ड कानूनगो ने हुकमन, खानगी और निशानदेही मामलों का आकलन किया प्रस्तुत**

उप-तहसील डैहर के तहत हुकमन तकसीम के 11, खानगी के दो तथा निशानदेही के 75 मामले और कांगू कानूनगो द्वारा हुकमन तकसीम के 12, खानगी के 6 तथा निशानदेही के 68 मामलों का निपटारा इस अवधि में किया गया। उपायुक्त ने सभी राजस्व अधिकारियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए उन्हें पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ अपने कार्यों को पूर्ण करने को कहा ताकि लोगों को समय पर सरकार की इस पहल का समुचित लाभ मिल सके। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी (ना.) अमर नेगी, जिला राजस्व अधिकारी हरीश शर्मा सहित अन्य सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

# हिमाचल डेंटल कॉलेज और संस्कार फाउंडेशन की साझेदारी से नशा व तंबाकू मुक्त जीवनशैली की पहल

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** संस्कार ड्रग एंड डी-एडिक्शन सेंटर में हिमाचल डेंटल कॉलेज द्वारा डेंटल अवेयरनेस एवं टोबैको सेसेशन से संबंधित एक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

यह पहल हिमाचल डेंटल कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल सिंगला और डॉ. विकास जिंदल के मार्गदर्शन एवं समर्थन से संपन्न हुई, जिसका उद्देश्य समाज में नशा और तंबाकू मुक्त जीवनशैली के साथ-साथ बेहतर मौखिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्ति की प्रक्रिया से गुजर रहे व्यक्तियों में मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देकर उन्हें तंबाकू त्याग के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान कुल 15 मरीजों की मौखिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई और इसके बाद तंबाकू सेसेशन पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, वहीं ओरल हेल्थ अवेयरनेस सेशन के माध्यम से दांतों और मसूड़ों की सही देखभाल के तरीकों की जानकारी दी गई।



जांच शिविर के दौरान मरीजों की जांच करते डॉक्टर। अनंत ज्ञान

प्रतिभागियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से सभी को टूथब्रश और टूथपेस्ट वितरित किए गए ताकि वे नियमित रूप से मौखिक स्वच्छता बनाए रखें। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के इंचार्ज ऋषि देव, वीरेंदर राघवा, मनोचिकित्सक व रिसर्च स्कॉलर जीवन ज्योति और नीता स्टाफ नर्स के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। डेंटल कॉलेज की टीम में डॉ. साहिल, डॉ. संज्ञा, डॉ. सृष्टि, डॉक्टर श्रेया, डॉक्टर कार्तिक, डॉक्टर धनिष, डॉक्टर काजल और दरोपट्टी ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम हिमाचल डेंटल कॉलेज और संस्कार फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग की शुरुआत को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत भविष्य में नियमित रूप से इस तरह के जागरूकता और स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए जाएंगे।

# लॉर्ड बुद्धा कॉलेज में टैलेंट सर्च कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल के अंतर्गत अप्पर भांवला स्थित लॉर्ड बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में टैलेंट सर्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कालेज के प्रशिक्षुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर कालेज प्रबंधक वीप्स शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रिंसिपल डॉ आशुतोष दुबे ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें गुलदस्ता भेंट किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देती छात्राएं। अनंत ज्ञान

दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षु छात्राओं सिया, प्रियंका, रीना, मृनल, नीलम, रिया और स्नेहा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। शालू, निर्मला, सविता, यामिनी, ममता तथा नेहा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कविता और विशाल ने अपनी बेहतरीन आवाज में एकल गीत प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं धीरज, काव्या, दिशु, युक्ति, अक्षिता तथा शगुन ने एकल नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने मॉडलिंग कर मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। इनमें कनिका, तमन्ना, शिवाली, प्रियंका, शबनम, स्नेहा, युक्ति, धीरज, अक्षिता, मृनल, दु, अक्षय, काव्या, शिवानी, कनिका, नेहा, डिंपल, रंजना और कविता ने विभिन्न परिधानों के साथ बेहतरीन मॉडलिंग का प्रदर्शन किया। इसके अलावा प्रियंका और डिंपल ने साथियों सहित पहाड़ी गानों पर नाटी प्रस्तुत कर प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखाई। शिवानी तथा तमन्ना ने साथियों सहित पहाड़ी गिद्दा प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी।

भारती, दिव्यांश और अविरल ने साथियों सहित एकांकी प्रस्तुत कर वर्तमान में सोशल मीडिया को लेकर लोगों के बढ़ते रुझान सहित इसके फायदे और नुकसान से अवगत करवाया। इस दौरान प्रबंधक वीप्स शर्मा ने कहा कि बच्चों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए इस प्रकार के मंच कारगर साबित होते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को अनुशासन ने रहकर जीवन में आगे बढ़ने को लेकर प्रेरित किया।

## माउंट मौर्या स्कूल जोगिंद्रनगर में धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

# बच्चों को लोहड़ी पर्व का बताया महत्व

अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर में लोहड़ी का पावन पर्व हर्षोल्लास व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में अध्यापक वर्ग व विद्यार्थियों ने मिलकर लोहड़ी का पर्व मनाया और आपसी भाईचारे व सांस्कृतिक मूल्यों का संदेश दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि लोहड़ी के उपलक्ष्य में बच्चों को मूंगफली, रेवड़ी व पॉपकॉर्न वितरित किए गए।

विद्यार्थियों ने अग्नि प्रज्वलित कर विधिवत लोहड़ी का पूजन किया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर बच्चों को लोहड़ी पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।प्रधानाचार्य ने बताया कि लोहड़ी उत्तर भारत का एक प्रमुख एवं लोकप्रिय त्योहार है, जिसे विशेष रूप से पंजाब में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 जनवरी को लोहड़ी मनाई जा रही है। इस दिन लोग अपने घरों व चौराहों पर लोहड़ी जलाकर उसके चारों ओर परिक्रमा करते हैं, दुल्ला भट्टी की लोककथाएं सुनाते हैं और रेवड़ी व मूंगफली का प्रसाद ग्रहण करते हैं।बच्चों को यह भी बताया गया कि लोहड़ी शरद ऋतु के अंत में मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन वर्ष की सबसे लंबी अंतिम रात होती है और इसके बाद दिन धीरे-धीरे बड़े होने लगते हैं। यह पर्व किसानों के लिए भी विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस समय खेतों में फसलें लहलहाने लगती हैं और नई फसल के आगमन की खुशी में लोहड़ी का उत्सव मनाया जाता है।


माउंट मौर्या स्कूल जोगिंद्रनगर में लोहड़ी पर्व मनाते हुए। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर स्कूल के एमडी मनोज ठाकुर, समस्त अध्यापक वर्ग व सभी विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चिनार सदन के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसने समारोह को और भी आकर्षक बना दिया।

# सुंदरनगर में बालिकाओं को वितरित की रेवड़ी व मूंगफली

अनंत ज्ञान

◆ **बालिका देखभाल संस्थान में मनाया लोहड़ी पर्व**

**सुंदरनगर।** बालिका देखभाल संस्थान सुंदरनगर में लोहड़ी पर्व के अवसर पर हर्षोल्लास के साथ एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) सुन्दरनगर पूनम चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर संस्थान की बालिकाओं ने लोक नृत्य, लोकगीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। लोहड़ी पर्व की परंपरा के अनुसार बालिकाओं को रेवड़ी व मूंगफली वितरित की गई तथा सभी को खिचड़ी भी परोसी गई।

मुख्यातिथि पूनम चौहान ने लोहड़ी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व मुख्य रूप से फसल बोने और काटने से जुड़ा हुआ है। इस दिन सूर्य देव उत्तरायण होते हैं, जो शीत ऋतु के समापन एवं बसंत ऋतु के आगमन का संकेत देता है। लोहड़ी पर्व नई ऊर्जा, नई शुरुआत और सकारात्मक सोच का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पर्व सूर्य देव और अग्नि देव के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ-साथ नई फसल के स्वागत का उत्सव भी है।

उन्होंने कहा कि लोहड़ी पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों, लोकगीतों, नृत्यों तथा तिल, गुड़, रेवड़ी और मूंगफली जैसे पारंपरिक पकवानों के माध्यम से सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सहयोग का संदेश देता है। मुख्यातिथि ने बालिकाओं को संदेश देते हुए कहा कि उन्हें आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ रहना चाहिए तथा शिक्षा को अपने जीवन का मुख्य उद्देश्य बनाकर देश व समाज की सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में नगर परिषद सुन्दरनगर से आए बलवीर सोनी, ऋषि जरियाल, संस्थान का समस्त स्टाफ तथा आश्रम की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### आनंद धाम वृद्ध आश्रम में सजी कवि गोष्ठी

**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर के देहरी स्थित आनंद धाम वृद्ध आश्रम के सभागार में लोहड़ी पर्व के अवसर पर हिम साहित्य परिषद मंडी तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बहुभाषी कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से करीब तीस कवियों ने भाग लेकर काव्य पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि जगदीश कपूर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में साहित्यकार प्रकाश चंद धीमान उपस्थित रहे। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी, परिषद अध्यक्ष डॉ. पी.सी. कौंडल व कोषाध्यक्ष उत्तम चंद शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कवियों ने पर्यावरण संरक्षण, मां, बेटी, भ्रष्ट राजनीति, मीडिया की भूमिका, लोहड़ी-मकर संक्रांति तथा वृद्धों की अनदेखी जैसे विषयों पर प्रभावशाली कविताएं प्रस्तुत कीं। इस दौरान आश्रम की महिला कर्मचारियों एवं कवयित्रियों द्वारा पारंपरिक लोहड़ी गीतों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया।

### धर्मपुर, बल्ह सहित आज यहां रहेगा अवकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला के धर्मपुर, बल्ह, सुंदरनगर, जोगिंद्रनगर, पधर, करसोग और बालीचौकी उप-मंडलों में मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी बुधवार को स्थानीय अवकाश रहेगा। इन उप-मंडलों में सभी सरकारी कार्यालय और शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। जबकि जिला के अन्य उप-मंडलों सदर, गोहर, सरकाघाट, थुनाग और कोटली में इस दिन कोई अवकाश नहीं रहेगा तथा सभी कार्यालय और शिक्षण संस्थान सामान्य रूप से खुले रहेंगे। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन द्वारा कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए जिला मंडी के विभिन्न उप-मंडलों हेतु स्थानीय अवकाश पूर्व में घोषित किए गए हैं। उन्हीं आदेशों के तहत मकर संक्रांति के अवसर पर उपरोक्त सात उप-मंडलों में यह स्थानीय अवकाश रहेगा। आदेशों के अनुसार सदर, गोहर, सरकाघाट, थुनाग और कोटली उप-मंडलों में होली के अवसर पर 3 मार्च मंगलवार को स्थानीय अवकाश रहेगा। इसके अतिरिक्त सैर पर्व के अवसर पर पूरे जिला मंडी में 17 सितंबर को स्थानीय अवकाश रहेगा। एक कैलेंडर वर्ष में प्रत्येक उप-मंडल के लिए दो स्थानीय अवकाश घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत यह अवकाश निर्धारित किए गए हैं।

# सराला और कोलू-कोलू जैसे लोकल पर्वों से सजेगा लोहड़ी सप्ताह

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल व चौहार घाटी में लोहड़ी का पर्व लगभग एक सप्ताह पूर्व से ही आरंभ हो जाता है और इस दौरान गांववासी अलग-अलग लोकल पर्वों के साथ इसे विशेष पारंपरिक ढंग से मनाते हैं, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दोनों घाटियों में यह पर्व बड़े उत्साह से मनाया जाएगा, लोहड़ी मकर संक्रांति से एक दिन पहले मंगलवार 13 जनवरी की रात को घाटियों के समस्त गांवों में लोग अपने-अपने घरों में स्वादिष्ट पकवान बनाकर सगे-संबंधियों के साथ मिलकर खाएंगे जबकि 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन सुबह सबसे पहले कुल देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर हलवा, रोट, राजमाह और माह की खिचड़ी बनाकर रिश्तेदारों व पड़ोसियों के साथ बांटी जाएगी, छोटाभंगाल घाटी में यह पर्व बड़ों के चरण छूकर और एक-दूसरे को बधाइयां देने से शुरू होता है तथा एक सप्ताह तक चलता रहता है, इसके बाद कुछ गांवों में सराला नामक लोकल पर्व मनाया जाता है जिसमें 10 से 15 परिवार मिलकर एक चयनित घर में खान-पान की व्यवस्था करते हैं, वहीं चौहार घाटी में मकर संक्रांति के तीसरे दिन कोलू-कोलू पर्व मनाया जाता है जिसमें गांव की महिलाएं आटे के गोले बरसाकर सुख-शांति की कामना करती हैं और इसी तरह दोनों घाटियों में लोहड़ी पर्व पूरे विधिविधान के साथ संपन्न होता है।

# कोटली में मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर भरा जोश

## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चंपा ठाकुर का ढोल-नगाड़ों से किया स्वागत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सदर कांग्रेस पार्टी की बैठक कोटली में सम्पन्न हुई, जिसमें कांग्रेस पार्टी की नव नियुक्त जिला अध्यक्ष चंपा ठाकुर के कोटली पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इस बैठक में कांग्रेस पार्टी की ओर से चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ अभियान के तहत जिला कांग्रेस मंडी के प्रभारी एवं बिलासपुर से पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं का जोश देखने लायक रहा।

इस दौरान विभिन्न पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी तथा पार्टी पदाधिकारी सर्वश्री रामलाल शर्मा, योगेश पटियाल, चमनलाल ठाकुर, परमानंद, हेम सिंह, हुक्म चंद, धारी राम, राजेंद्र, टेक चंद, नन्दा देवी, संत राम और दिला राम ने जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ता भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। अपने संबोधन में चंपा ठाकुर ने कांग्रेस हाईकमान, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष,


नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चंपा ठाकुर का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

माननीय मुख्यमंत्री जी, प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल तथा पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रानी प्रतिभा का जिला की जिम्मेदारी सौंपने के लिए धन्यवाद किया और पार्टी व प्रदेश सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा ने मनरेगा योजना में की गई कटौती और नाम हटाए जाने को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए लोगों से कांग्रेस पार्टी के साथ मजबूती से इस आंदोलन में खड़े होने का आह्वान किया। बैठक में सदर मंडी के विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन रामलाल शर्मा ने किया।

# छोटा भंगाल व चौहार घाटी के बाजारों में सार्वजनिक शौचालय न होने से परेशानी

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल घाटी के मुल्थान तथा चौहार घाटी के स्कूल मार्किट बरोट और लकड़ बाजार में भले ही सरकार ने सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कर दिया हो, लेकिन छोटाभंगाल घाटी के लोहारडी, दयोट तथा चौहार घाटी के लम्बाडग, बस ठहराव बरोट, वोचिंग, टिक्कन और थल्टूखोड़ जैसे प्रमुख बाजारों में स्थानीय लोगों की लगातार मांग के बावजूद अभी तक सरकार और लोकनिर्माण विभाग द्वारा सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण नहीं किया गया है, जिस कारण यहां आने वाले लोगों को शौच के लिए झाड़ियों या बड़े पत्थरों का सहारा लेना पड़ता है और भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है, इस संबंध में मुल्थान पंचायत के उपप्रधान संजीव कुमार, लम्बाडग मार्किट के व्यापारी सुखदेव, विनोद कुमार, रामदेव, लालू राम और राम लाल ने बताया कि इन सभी बाजारों में बसों का ठहराव होता है और प्रतिदिन सैकड़ों लोग खरीदारी के लिए आते हैं, लेकिन शौचालय की सुविधा न होने से लोगों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ता है, इन सभी ने सरकार और लोकनिर्माण विभाग से मांग की है कि इन जरूरत वाले स्थानों पर जल्द से जल्द सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण किया जाए।

# सेन मोहल्ले के लोगों का सरकार व प्रशासन के खिलाफ फूटा गुस्सा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी शहर के सेन मोहल्ले के लोगों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कड़ा रोष जताया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2023 और 2025 में आई आपदाओं ने पूरे सेन मोहल्ले को गंभीर खतरे में डाल दिया है, लेकिन सरकार, विधायक और प्रशासन की ओर से अब तक केवल आश्वासन ही दिए जा रहे हैं, धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

लोगों ने बताया कि सेन मोहल्ले से रघुनाथ को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता वर्ष 2023 से टूटा पड़ा है, जिसे अब तक बहाल नहीं किया गया, जबकि इसी रास्ते से रोजाना स्कूली बच्चे, नौकरीपेशा लोग और शॉर्टकट के रूप में बड़ी संख्या में लोग दिन-रात आवागमन करते हैं, जिससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। इसके साथ ही

◆ **रास्ता टूटा व ब्यास का रुख बना मोहल्ले के लिए खतरा**

विक्टोरिया ब्रिज के पास डंपिंग से बनी अस्थायी पार्किंग के कारण ब्यास नदी का बहाव पूरी तरह सेन मोहल्ले की ओर मोड़ दिया गया है, जिससे भविष्य में बड़े लैंडस्लाइड का खतरा पैदा हो गया है और पूरा इलाका असुरक्षित स्थिति में पहुंच गया है।

लोगों का कहना है कि बार-बार चेताने के बावजूद न तो सरकार, न प्रशासन और न ही विधायक ने इस गंभीर स्थिति को लेकर कोई स्थायी समाधान निकाला। आक्रोशित लोगों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों का जल्द स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे सेन मोहल्ले में किसी भी नेता या सरकारी प्रतिनिधि को कदम नहीं रखने देंगे और न ही किसी को यहां राजनीति की रोटियां सेंकने दी जाएंगी।

**सुविधा** फ्लो इरिगेशन स्कीम पिंगला की सफल टेस्टिंग, 45 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

# 12 साल बाद किसानों को मिलेगी सिंचाई सुविधा

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। बहुप्रतीक्षित फ्लो इरिगेशन स्कीम (स्नह्रुस) पिंगला की विभाग द्वारा सफलतापूर्वक टेस्टिंग कर ली गई है। इसके पूर्ण रूप से चालू होने के बाद लगभग 45 हेक्टेयर कृषि भूमि को नियमित सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्र में खेती को नया जीवन मिलेगा और किसानों की आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

यह योजना वर्ष 1980 में निर्मित की गई थी और वर्ष 1990 में इसके पूरा होने के बाद कुछ समय तक सफलतापूर्वक संचालित भी रही थी। हालांकि प्राकृतिक आपदाओं के चलते यह योजना क्षतिग्रस्त हो गई और इसे बंद करना पड़ा। वर्ष 2014 में इसे दोबारा बहाल करने का प्रयास किया गया, लेकिन बार-बार आई आपदाओं के कारण यह स्थायी रूप से सुचारु नहीं हो सकी।


फ्लो इरिगेशन स्कीम पिंगला की सफल टेस्टिंग का दृश्य। अनंत ज्ञान

वर्ष 2022 में इस महत्वाकांक्षी योजना को फिर से नए सिरे से अवार्ड किया गया और इसे आधुनिक तकनीक के साथ पुनर्जीवित करने का कार्य शुरू हुआ। स्थानीय लोगों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस बार खुले चैनल के स्थान पर 250 मिमी व्यास की एमएसईआरडब्ल्यू पाइपलाइन बिछाई गई है। पहले खुले चैनल से पानी बहने के कारण कई घरों और रास्तों को खतरा बना रहता था, जिसे पाइपलाइन से पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है।

जल शक्ति विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता विवेक हाजिरी ने योजना की टेस्टिंग के बाद बताया कि फ्लो इरिगेशन स्कीम पिंगला की सफल टेस्टिंग विभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस परियोजना को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित और टिकाऊ बनाया गया है। पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने से न केवल जल क्षति रुकेगी, बल्कि ग्रामीणों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। आने वाले दिनों में योजना को पूर्ण रूप से चालू कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्र के किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता है कि इस योजना को लंबे समय तक सुचारु रूप से चलाया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। योजना के शुरू होने से पिंगला और आसपास के क्षेत्रों में खेती को नया बल मिलेगा। जिन किसानों को अब तक वर्षा पर निर्भर रहना पड़ता था, उन्हें अब नियमित सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी और क्षेत्र की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य जांच शिविर 16 को

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** आयुष विभाग द्वारा उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कमांद, ग्राम पंचायत डुमट बैहली, तहसील निहरी में 16 जनवरी को एक दिवसीय मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी सुंदरनगर डा. विक्रम चंद राणा ने दी। उन्होंने बताया कि यह शिविर सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक चलेगा और इसका आयोजन नवनियुक्त जिला आयुष अधिकारी मंडी डा. संजय शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर में विशेषज्ञ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे, जिसमें प्रकृति परीक्षण, कपिंग थेरेपी, मर्म चिकित्सा तथा बवासीर रोगियों की विशेष जांच अनुभवी चिकित्सकों द्वारा की जाएगी। इसके साथ ही शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। डा. राणा ने बताया कि शिविर में उपस्थित योग प्रशिक्षक विभिन्न रोगों में योग के महत्व पर जानकारी देंगे और लोगों को उपयोगी योगाभ्यास भी करवाएंगे।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
मंडी जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को नेरचौक, बासा, डैहर, चैलचौक में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अनिल शर्मा, जिला प्रभारी, मंडी
मो. 8263880288

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने अस्वस्थ व्यक्ति को दी व्हीलचेयर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में जनसेवा और मानवीय संवेदना की एक सराहनीय मिसाल उस समय देखने को मिली जब क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने पंचायत झंबर के गांव सूरजेहड़ा निवासी पूर्ण चंद पुत्र प्यारे लाल को अस्वस्थ होने के चलते व्हीलचेयर प्रदान की। यह सहायता इसलिए दी गई ताकि वे बीमारी की अवस्था में भी आसानी से आवागमन कर सकें और दैनिक जीवन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। व्हीलचेयर प्रदान करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और कहा कि बीमारी के समय समाज व जनप्रतिनिधियों का सहयोग पीड़ित व्यक्ति के लिए बड़ा सहारा बनता है। उन्होंने बताया कि अब तक वे कुटलैहड़ क्षेत्र में सौ से अधिक अस्वस्थ एवं दिव्यांग व्यक्तियों को व्हीलचेयर उपलब्ध करवा चुके हैं। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की। परिवारजनों ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि इस सहायता से उनके जीवन में काफी सुविधा मिलेगी।

### अध्यापकों के पदों को भरने के लिए काउंसलिंग रद्द

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना सोमलाल धीमान ने जानकारी दी कि 3 जुलाई, 2023 को दिव्यांग श्रेणी से शास्त्री व भाषा अध्यापकों के पद भरने के लिए काउंसलिंग आयोजित की गई थी, जिसे प्रशासनिक कारणों के चलते रद्द कर दिया गया है। धीमान ने बताया कि इस काउंसलिंग के माध्यम से दिव्यांग श्रेणी से शास्त्री अध्यापकों के कुल 5 पद बैच आधार पर भरे जाने थे, जिनमें भाषा अध्यापकों के 2 पद और शास्त्री अध्यापक के 3 पद शामिल थे।

### डेजी शर्मा राष्ट्रीय मंच पर करेंगे प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना के राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टक्का की जीवविज्ञान प्रवक्ता डेजी शर्मा का चयन स्मृद्धि योजना के तहत आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय शैक्षणिक प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट और नवाचारी प्रस्तुति के आधार पर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। अब वे भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित राष्ट्रीय मंच पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यालय प्रशासन, सहकर्मियों और विद्यार्थियों ने उन्हें इस सफलता पर बधाई देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

# एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर से औद्योगिक विकास को मिलेगी गति

अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना जिले के औद्योगिक विकास को नई गति देने की दिशा में एक बड़ी सौगात मिली है। केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने हरोली



विधानसभा क्षेत्र के पंडोगा औद्योगिक क्षेत्र में एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की है। यह टेक्नोलॉजी सेंटर करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से पंडोगा स्थित कम्युनिटी सेंटर भवन में स्थापित किया जाएगा।

इसके अलावा परवाणू में भी टेक्नोलॉजी सेंटर स्थापित करने की मंजूरी मिली उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर्स की स्वीकृत हिमाचल प्रदेश में उद्योगों को मजबूत करने की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय ने देशभर में 13 नए टेक्नोलॉजी सेंटर-एक्सटेंशन सेंटर स्थापित करने को लेकर कार्यालय ज्ञापन जारी किया है, जिनमें पंडोगा और परवाणू को भी शामिल किया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन टेक्नोलॉजी सेंटर्स के स्थापित होने से राज्य में औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी। इससे उद्योगों को आधुनिक तकनीकी सहयोग मिलेगा, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, स्टार्टअप तथा स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे और एमएसएमई इकाइयों की गुणवत्ता व प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी मजबूत होगी उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पंडोगा और परवाणू दोनों टेक्नोलॉजी सेंटर एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर लुधियाना के अधीन संचालित व मार्गदर्शित होंगे, जिससे प्रशिक्षण और सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित रहेगी।

### एआई लैब व तकनीकी मार्गदर्शन सहित मिलेंगी सुविधाएं

**उद्योग** विभाग के संयुक्त निदेशक ऊना, अंशुल धीमन ने बताया कि टेक्नोलॉजी सेंटर्स स्थापित होने से उद्योगों को क्वालिटी टेस्टिंग, डिजाइनिंग, आधुनिक मशीनरी, तकनीकी मार्गदर्शन सहित कई सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सेंटर से टूल एंड डाई मेकिंग एंड रिपेयर तथा प्रोडक्ट डेवलपमेंट में भी सहायता मिलेगी। इसके अलावा यहां कैड-कैम तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई)लैब जैसी आधुनिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। यहां स्थानीय उद्योगों की जरूरत के अनुरूप आधुनिक तकनीकी सेवाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके तहत एमएसएमई इकाइयों को आधुनिक तकनीक तक पहुंच सुनिश्चित होगी तथा युवाओं को ऑनलाइन व वर्चुअल माध्यम से भी प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। सेंटर के माध्यम से उत्पाद एवं प्रक्रिया डिजाइन से संबंधित परामर्श, उद्यमिता विकास तथा नवाचार आधारित गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

# वशिष्ट पब्लिक स्कूल में लोहड़ी पर्व की धूम



वशिष्ट पब्लिक स्कूल में लोहड़ी पर्व हर्षोल्लास, उत्साह व पारंपरिक वातावरण के साथ मनाते हुए छात्र व अध्यापक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल, ऊना में लोहड़ी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह एवं पारंपरिक वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

लोहड़ी पर्व का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट एवं प्रधानाचार्य दीपक कौशल द्वारा पवित्र अग्नि में आहुति डालकर किया गया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक विधि से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई। आयोजन के दौरान सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को लोहड़ी प्रसाद के रूप में मूंगफली और रेवड़ियां वितरित की गईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए लोहड़ी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लोहड़ी का त्योहार फसल, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक है। ऐसे पारंपरिक पर्वों को मनाने से बच्चों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों के बारे में गहरी जानकारी मिलती है। विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अभिभावकों को लोहड़ी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, आपसी भाईचारे और सामूहिक सहभागिता की भावना को मजबूत करते हैं। इसके अतिरिक्त विद्यालय के किंडरगार्टन में भी लोहड़ी पर्व का आयोजन किया गया, जहां अंजलि मैम द्वारा विद्यार्थियों को रेवड़ियां और मूंगफली वितरित की गईं। उन्होंने बच्चों को लोहड़ी पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से बताया तथा समझाया कि लोहड़ी का त्योहार क्यों मनाया जाता है और इस अवसर पर किस प्रकार पूजा-अर्चना की जाती है। बच्चों ने इस जानकारी को बड़े उत्साह और रुचि के साथ ग्रहण किया। सम्पूर्ण विद्यालय परिसर उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहा। बच्चों और अध्यापकों ने लोहड़ी पर्व का भरपूर आनंद लिया और यह आयोजन सभी के लिए सांस्कृतिक सीख एवं आनंद का यादगार अवसर बन गया।

# 250 परिवारों को 3 करोड़ से अधिक की आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान



**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए राहत की दिशा में एक बड़ी और ऐतिहासिक पहल सामने आई है। क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा के निरंतर और प्रभावी प्रयासों के चलते अब तक करीब 250 आपदा पीड़ित परिवारों को कुल 3 करोड़ 9 लाख 12 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है।

यह सहायता सीधे चैक के माध्यम से पीड़ित परिवारों को दी गई, जिससे आपदा के बाद उजड़ चुके जीवन को फिर से संवारने में उन्हें ठोस सहारा मिल सके। आपदा के बाद असहाय स्थिति में रह रहे परिवारों के लिए यह राहत किसी संजीवनी से कम नहीं है। विधायक विवेक शर्मा ने न केवल प्रशासनिक स्तर पर लगातार प्रयास किए, बल्कि राज्य सरकार तक पीड़ितों की आवाज को मजबूती से पहुंचाया। उनके प्रयासों का ही परिणाम रहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में राहत वितरण का कार्य चरणबद्ध, पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से संपन्न हो सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार राहत वितरण का कार्य दो प्रमुख चरणों में किया गया।

## जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में स्वास्थ्य मंत्री होंगे मुख्यातिथि

# 26 जनवरी को शांडिल छात्र स्कूल में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

अनंत ज्ञान



डीसी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा करते हुए। अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदेश के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय और अधिकारिता, सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल मुख्य अतिथि होंगे। वे 26 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इस वर्ष समारोह को अधिक भव्य एवं यादगार स्वरूप देने के लिए परेड के अलावा झांकियों, स्टॉल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

उपायुक्त जतिन लाल ने मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया तथा आयोजन को सुव्यवस्थित और गरिमामय बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल 26 जनवरी को प्रात: 10:45 बजे एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे प्रात: 11 बजे छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

ध्वज फहराने के बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे, मार्च-पास्ट की सलामी ग्रहण करेंगे तथा जिला वासियों को संबोधित करेंगे। समारोह की परेड में पुलिस और होमगार्ड की टुकड़ियों के साथ-साथ एनसीसी व एनएसएस के छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों तथा नाट्य दलों द्वारा देशभक्ति एवं लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि मौसम की प्रतिकूलता पर कार्यक्रम के लिए टाउन हॉल में वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। समारोह में प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

### स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) मैहतपुर में मंगलवार को नशा मुक्त व नशे से दूर रहने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य विशाल चौधरी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए नशा न करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा नशे के विरुद्ध एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसका उद्देश्य समाज में नशा मुक्त वातावरण के प्रति संदेश देना था। रैली में प्रशिक्षणार्थियों के साथ-साथ संस्थान के स्टाफ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान राजिंद्र चौधरी, प्रधानाचार्य, राजकीय माध्यमिक विद्यालय जसविंदर कौर, आशा वर्कर सरुचि शर्मा तथा महिला मंडल सदस्य मीनाक्षी उपस्थित रहीं।

# स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल में लोहड़ी पर्व पर सांस्कृतिक उत्सव



स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल में लोहड़ी पर्व मनाते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला मुख्यालय स्थित स्कॉलर्स यूनिफाइड स्कूल में लोहड़ी पर्व के उपलक्ष्य में पारंपरिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यार्थी व अध्यापक पारंपरिक पंजाबी परिधानों में सजे नजर आए, जिससे कार्यक्रम की सांस्कृतिक छटा और भी आकर्षक बन गई। विद्यालय के प्रिंसिपल धीरज शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने ढोल की थाप पर उत्साहपूर्वक नृत्य प्रस्तुत किया। छात्रों ने गिद्दा और भांगड़ा के माध्यम से लोहड़ी पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक लोकगीतों और तालियों की गूंज से विद्यालय परिसर जीवंत हो उठा। प्रधानाचार्य धीरज ने विद्यार्थियों को लोहड़ी पर्व के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व सामाजिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लोहड़ी नई फसल के स्वागत, प्रकृति के प्रति आभार और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने बच्चों को अपनी संस्कृति व परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश भी दिया।






# राज्यपाल ने संकल्प आईएएस के सफल अभ्यर्थियों का किया सम्मान



पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक, गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब लोक भवन में आयोजित 'वार्षिक पर्व मिलन' समारोह के दौरान संकल्प आईएएस, चंडीगढ़ के चयनित अभ्यर्थियों व विभिन्न सिविल सेवाओं में सेवारत पूर्व छात्रों को सम्मानित किया।

यह कार्यक्रम संकल्प आईएएस द्वारा सिविल सेवाओं में सफलता प्राप्त अभ्यर्थियों एवं सेवा में कार्यरत अधिकारियों के सम्मान के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सिविल सेवक संविधानिक मूल्यों के संरक्षक होते हैं तथा राज्य व नागरिकों के बीच महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने जनकल्याण केंद्रित सुशासन में सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं मानवीय दृष्टिकोण की महत्ता पर बल देते हुए जिम्मेदार एवं नैतिक सिविल सेवक तैयार करने में संस्थानों एवं मार्गदर्शकों की भूमिका की सराहना की।

राज्यपाल ने विभिन्न सेवाओं में कार्यरत 20 अधिकारियों को सम्मानित किया और उनके उत्कृष्ट योगदान एवं सेवा-भाव की प्रशंसा की। राज्यपाल ने संकल्प आईएएस के संकाय सदस्यों व मार्गदर्शकों की भी सराहना की, जिन्होंने विद्यार्थियों में अनुशासन, शैक्षणिक उत्कृष्टता व सार्वजनिक सेवा के मूल्यों का विकास किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका जारी रखेगा। संकल्प आईएएस, चंडीगढ़ के अध्यक्ष, चरनजीत राय ने जानकारी दी कि संस्थान द्वारा अब तक यूपीएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कुल 133 अभ्यर्थियों का चयन कराया जा चुका है।

# चंडीगढ़ में लोहड़ी पर्व की रही धूम

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में मंगलवार को लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बाजार मूंगफली, रेवड़ी और पतंगों से पटे पड़े रहे।

गली-गली ढोल की थाप पर जश्न मनाया गया। शहर के बाजारों में खूब रौनक रही। लोग पतंगबाजी कर रहे थे। इसके अलावा पंजाब यूनिवर्सिटी में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने इकट्ठा होकर लोहड़ी का त्योहार उत्साह से मनाया। सैकड़ों विद्यार्थी स्टूडेंट सेंटर में इकट्ठा हुए और लोहड़ी की आग जलाकर जश्न मनाया। इसके अलावा नगर निगम कार्यालय में भी लोहड़ी मनाई गई। लोहड़ी सेलिब्रेशन के दौरान मेयर हरप्रीत कौर बबला व अन्य पार्षद मौजूद रहे। त्योहार को लेकर चंडीगढ़ शहर के बाजारों में रौनक चरम पर है। मूंगफली, रेवड़ी और गजक से सजी दुकानों के साथ-साथ सड़क किनारे लगी रेहड़ियों पर भी खरीदारों की भीड़ देखी जा रही थी। बता दें कि पंजाब में लोहड़ी की खास धूम रहती है। पुरातन समय में परिवार में बेटा पैदा होने या बेटे की शादी पर यह त्योहार मनाया जाता था।



पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में लोहड़ी मनाते विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

समय बदलने के साथ अब बेटी पैदा होने पर भी यह त्योहार मनाया जाता है। इस त्योहार को लेकर घरों में गिद्दा, भंगड़ा और ढोल की थाप पर बोलियां डाली जाती हैं। शहरों से लेकर गांवों तक की महिलाओं के साथ लड़कियों की लोहड़ी का त्योहार मनाया गया। साथ ही महिलाओं ने गिद्दा और बोलियां डालकर खुशियां मनाईं। शहर के पतंग कारोबारी रमेश कुमार ने कहा कि लोहड़ी को लेकर बाजारों में पतंग की दुकान पर खूब भीड़ देखने को मिली। हालांकि, सुबह धुंध की वजह से लोग थोड़ा मायूस नजर आए, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही धूप निकल आई और आसमान साफ रहा और लोगों ने जमकर पतंगबाजी की। लोहड़ी के मौके पर लोग सिर्फ मूंगफली और रेवड़ी ही नहीं, बल्कि तिल के लड्डू भी बड़ी संख्या में खरीदे।

खरीदारों का कहना है कि यह पर्व साल में एक बार आता है और इसे पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। हालांकि, कई लोगों ने यह भी बताया कि समय के साथ लोहड़ी मनाने के तरीके में बदलाव आया है। पहले जहां बच्चे घर-घर जाकर लोहड़ी मांगते थे, अब वह परंपरा लगभग खत्म हो चुकी है।

# चंडीगढ़ में स्कूलों की विंटर वेकेशन 17 जनवरी तक बढ़ी

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में लगातार जारी ठंड और प्रतिकूल मौसम को देखते हुए प्रशासन ने स्कूलों को लेकर एक अहम फैसला किया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए स्कूलों के समय व विंटर वेकेशन से जुड़े नियमों को 17 जनवरी तक बढ़ा दिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि मौजूदा मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह विस्तार किया जा रहा है। यह आदेश केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों पर समान रूप से लागू होगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पिछले आदेश में जिन स्कूल टाइमिंग व विंटर वेकेशन से संबंधित निर्देश दिए गए थे, वही पूरी तरह लागू रहेंगे। यानी स्कूलों के समय में कोई नया बदलाव नहीं किया गया है, बल्कि पहले से तय नियम ही अब 17 जनवरी तक प्रभावी रहेंगे। पिछले आदेश में कहा गया था कि आठवीं तक और नान बोर्ड कक्षाएं 9वीं व 11वीं की पढ़ाई फिलहाल फिजिकल मोड में नहीं होगी। 10वीं, 12वीं की बोर्ड कक्षाएं तय कार्यक्रम के अनुसार चलेंगी। स्कूल इन कक्षाओं के लिए सुबह 9:30 बजे से पहले नहीं खुलेंगे और छुट्टी दोपहर 3:30 बजे होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि वे इन आदेशों का सख्ती से पालन करें और छात्रों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। आदेश की प्रति निदेशक स्कूल शिक्षा, चंडीगढ़ प्रशासन को जानकारी के लिए भेजी गई है। इसके साथ ही चंडीगढ़ के सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रधानाचार्यों और प्रमुखों को आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग का कहना है कि यह निर्णय बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है ताकि अत्यधिक ठंड के कारण छात्रों को किसी तरह की परेशानी न हो। अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन से भी अपील की गई है कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। हर साल सर्दियों के मौसम में ठंड बढ़ने पर स्कूलों के समय और छुट्टियों में बदलाव किया जाता है।

# व्यापारियों के साथ मेयर ने मनाया लोहड़ी पर्व

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ इंडस्ट्रियल यूथ एसोसिएशन ने इंडस्ट्रियल एरिया फेस 2 में लोहड़ी का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक हरिंद्र सिंह स्लैच और दीपक शर्मा रहे, जिन्होंने आए हुए सभी मेहमानों का ढोल बजाकर, गुलाब का फूल और शॉल भेंट करके स्वागत किया गया। इसमें महापौर हरप्रीत कौर बबला, उप महापौर जसवीर सिंह बंटी।



चंडीगढ़ इंडस्ट्रियल यूथ एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया लोहड़ी का त्योहार। अनंत ज्ञान

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा, भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन, अरुण सूद, रामवीर भट्टी व संजीव राणा महामंत्री बीजेपी चंडीगढ़ प्रदेश। डीआईजी विजय देव देसवाल, पूर्व मेयर दिवेश मोदगिल, चंदर वर्मा अध्यक्ष चंडीगढ़ बिजनेस काउंसिल एवं कंवर्टेड प्लॉट संगठन। बलजिंदर सिंह बिट्टू अध्यक्ष, WA एसोसिएशन। सलूजा अध्यक्ष ऑटोमोबाइल एसोसिएशन, मनीष निगम, चेयरमैन सिया, योगराज बंसल अध्यक्ष चंडीगढ़ फर्नीचर संगठन एवं चैयरमेन नरेश, फर्नीचर एसोसिएशन योगेश कपूर, अध्यक्ष व्यापारी एकता मंच, जरनैल अध्यक्ष इंडस्ट्रियल शेड एसोसिएशन। बाबलू दुबे, अध्यक्ष हिंदू तख्त, अशोक तिवारी, राष्ट्रीय प्रवक्ता हिंदू तख्त सोहन लाल, अध्यक्ष टेंनट एसोसिएशन, अरुण गोयल संयोजक बीजेपी इंडस्ट्रीरियल सैल, भाजपा के उपाध्यक्ष नरेश पांचाल, शक्ति देवशाली, भारत कुमार, प्रदेश सचिव मनीष शर्मा, जिला अध्यक्ष रविंद्र मलिक, पूर्व जिला अध्यक्ष देवी सिंह, रमेश कुमार निक्कू, कुंदन बेरवा मंडल अध्यक्ष चंदन बेरवा आदि उपस्थित रहे। लोहड़ी के इस खास मौके पर चंडीगढ़ महापौर, वरिष्ठ उपमहापौर, उपमहापौर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र बोल मल्होत्रा, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन एवं अरुण सूद रामवीर भट्टी दविंदर सिंह बावला ने अग्नि देकर लोहड़ी के इस खास त्योहार की शुरुआत की। उसके बाद अग्नि में मूंगफली, गच्चक, रेवड़ी डाल कर उसके बाद सबका मुंह मीठा करवाया गया।

# लंदन में 14 साल की सिख लड़की का गैंगरेप कराया

◆ **पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग ने फ्लैट में बंद किया, 200 सिखों ने घेरा डालकर छुड़ाया**

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** लंदन में पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग द्वारा सिख लड़की (14) को प्रेम जाल में फंसाकर यौन शोषण का मामला सामने आया है।

लड़की को पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग ने पहले अगवा किया और फिर फ्लैट में बंद कर 5-6 लोगों से उसका रेप कराया। लड़की ने भागने की कोशिश भी की, लेकिन उसे डराकर चुप करा दिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जैसे ही इस घटना के बारे में लंदन में रहने वाले सिखों को पता चला, तो वे आरोपी के फ्लैट के बाहर पहुंचे और जमकर हंगामा किया, जैसे-जैसे मामले का पता अन्य सिखों को चलता रहा, आरोपी के फ्लैट पर भीड़ बढ़ती गई। कुछ ही देर में वहां 200 से ज्यादा सिख पहुंच गए और कई घंटे हंगामा किया। इसके बाद सभी ने मिलकर लड़की को रिहा करवा लिया। सिखों का आरोप है कि वेस्ट लंदन में इस तरह छोटी बच्चियों को अगवा करके उनका यौन शोषण करने की घटनाएं आम होने लगी हैं।

इस मामले से जुड़ी दो पोस्ट और वीडियो डेविड आथर्टन नाम के यूजर्स की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर डाले गए। हाल ही में इंग्लैंड में इस तरह के मामले बढ़े है। अमेरिकी कारोबारी इलॉन मस्क ने भी इस पर चिंता जताई थी और कार्रवाई नहीं करने पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री की कड़ी आलोचना की थी।

# पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं की पकी 'सियासी' खिचड़ी

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

◆ **पुराने कार्यकर्ताओं को एक मंच पर लाने की कवायद**

**बैजनाथ।** लोहड़ी पर्व से पहले पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं की पकी सियासी खिचड़ी इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कहने को तो इस बैठक को पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं का एक मित्र मिलन का नाम दिया गया है। अब जो जानकारी छन-छनकर सामने आ रही है कि इस बैठक में पंचायत चुनावों से लेकर आगामी विधानसभा चुनाव की भी चर्चा की गई।

बैठक में भाजपा के जो कार्यकर्ता शामिल हुए वह कोई मामूली या आम कार्यकर्ता नहीं थे, बल्कि यह ऐसे कार्यकर्ता हैं, जो अपने-अपने इलाके में राजनीतिक तौर पर एक अलग रुतबा और पहचान रखते हैं। यही नहीं यह चुनाव के समय किसी भी राजनीतिक दल के पक्ष में हवा का रुख बनाने में इन्हें काफी हद तक महारत भी हासिल है। इसमें जहां कर्ण जम्वाल तथा संसार शर्मा जैसे पूर्व में पार्टी के मंडल अध्यक्ष रहे, तो शामिल हुए इसके साथ-साथ पार्टी के पांच पूर्व महामंत्री तीन पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष पार्टी के अन्य पूर्व में रहे वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हुए। इसके साथ-साथ वर्तमान में अपनी अपनी पंचायतों का बढ़िया तरीके से नेतृत्व कर रहे प्रधान उपप्रधान तथा बीडीसी सदस्य भी शामिल हुए। हालांकि, इस बैठक में केवल मात्र कुछ चुनिंदा लोगों को ही बुलाया गया था जिस ढंग से इस बैठक में लोग शामिल हुए हैं। अब इन भाजपा कार्यकर्ताओं ने भविष्य में विधानसभा के सभी के क्षेत्रों के पुराने कार्यकर्ताओं की एक बैठक करने का मन भी बना लिया है। हालांकि बैठक में पहुंचे लगभग सभी पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं ने फिलहाल किसी भी पार्टी या व्यक्ति विशेष का समर्थन या विरोध करने की बात नहीं कही है, परंतु अपनी ही पार्टी में इस तरह से नजरअंदाज होने की ठीस को कुछ कार्यकर्ताओं ने दबी जुबान में जरूर उठाया है। अगर भविष्य में प्रदेश में कोई तीसरा राजनीतिक विकल्प सामने आता है तो बैजनाथ में तो इन पुराने कार्यकर्ताओं को वो दल संपर्क सबसे पहले ही करेगा उसके बाद ही अगली रूपरेखा पर अमल करेगा। अगर तीसरा विकल्प नहीं भी पनपे तो भी जिस तरह से इन कार्यकर्ताओं की यह राजनीतिक एकता सामने आई है उससे यह साफ है कि अब इन कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करना किसी भी राजनीतिक दल के लिए सत्ता के सिंहासन से दूर रहने की ही बात होगी ।

## देश-विदेश

# सोना और चांदी ऑलटाइम हाई पर 2 दिन में चांदी 20,000 रुपए महंगी

एजेंसी, नई दिल्ली

**सोने**-चांदी के दाम मंगलवार को लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 6,566 रुपए बढ़कर 2,62,742 रुपए पर पहुंच गई है। सोमवार को इसने 2,57,283 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। दो दिन में चांदी करीब 20 हजार रुपए महंगी हो चुकी है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 33 रुपए बढ़कर 1,40,482 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है।

सोमवार को यह 1,40,449 रुपए प्रति 10 ग्राम था। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। (अनंत ज्ञान)

### 2025 में सोना 75% और चांदी 167% महंगी हुई

**पिछले** साल यानी 2025 में सोने की कीमत 57,033 रुपए (75%) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,44,403 रुपए (167%) बढ़ा। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो इस साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपए प्रति किलो हो गई।

# मणिपुर में बम धमाके में शामिल उग्रवादी गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में एक पेट्रोल पंप पर हुए बम धमाके में कथित तौर पर शामिल एक प्रतिबंधित संगठन के उग्रवादी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। 35 वर्षीय आरोपी, जो कांगलेई यावोल कन्ना लुप का एक सक्रिय सदस्य है, उसे पुलिस ने काकचिंग जिले के कोमनाओ माखा लीकाई इलाके से पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि 8 जनवरी को रात करीब 8 बजे मोइरांग थाना लीकाई इलाके में एलिडास फ्यूल स्टेशन पर बम फेंका गया था। एक अधिकारी ने बताया कि धमाके के बाद पूर्वोत्तर राज्य के घाटी वाले इलाकों में फ्यूल स्टेशन अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिए गए। (अनंत ज्ञान)

# हड़ताल व सरकार के दखल से ब्लिंकिट ने हटाया 10 मिनट में डिलीवरी का दावा

एजेंसी, नई दिल्ली

**ब्लिंकिट** जैसी क्विक कॉमर्स कंपनियों ने अब '10 मिनट में डिलीवरी' का दावा हटा दिया है। यह बदलाव डिलीवरी ब्वॉयज की हड़ताल और सरकार के दखल के बाद आया है। सरकार के साथ हुई बैठक में ब्लिंकिट के अलावा स्विगी, जोमैटो और जेप्टो ने भी भरोसा दिया है कि वे अब ग्राहकों से समय सीमा का वादा करने वाले विज्ञापन नहीं करेंगे।

वर्कर की जान की कीमत पर बिजनेस नहीं चलेगा केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल ही में इन कंपनियों के टॉप अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। श्रम मंत्री ने स्पष्ट किया कि कंपनियों का बिजनेस मॉडल वर्कर्स की जान जोखिम में डालकर नहीं चलना चाहिए। 10 मिनट जैसी समय सीमा न केवल राइडर्स के लिए खतरनाक है, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी जोखिम पैदा करती है। सरकार अब गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा और बेहतर कार्य स्थितियों पर एक व्यापक पॉलिसी बनाने की तैयारी में है। अब ये कंपनियां अपनी मार्केटिंग स्ट्रैटजी में बदलाव करेंगी। अब तक '10 मिनट' इन कंपनियों का सबसे बड़ा यूएसपी हुआ करता था। हालांकि, कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि वे अपनी ऑपरेशनल एफिशिएंसी (कार्यक्षमता) को कम नहीं करेंगी, लेकिन विज्ञापनों के जरिए ग्राहकों में ऐसी उम्मीद नहीं जगाएंगी जिससे राइडर्स पर दबाव बने। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका में ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिलेगा

एजेंसी, वॉशिंगटन

◆ **300 सालों से यह डेनमार्क का हिस्सा**

**अमेरिकी** सांसद रैंडी फाइन ने 'ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड एक्ट' नाम से एक बिल पेश किया है। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है। सांसद रैंडी फाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बिल की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है। संसद को राज्य बनने के लिए जरूरी सुधारों की पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी। यह बिल पास हुआ तो अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपना 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा। यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है, इसे हाउस और सीनेट दोनों में पास होना है। ग्रीनलैंड पर पिछले 300 सालों से डेनमार्क का कंट्रोल है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी रक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि अमेरिका को ग्रीनलैंड की जरूरत है और वे इस दिशा में कदम उठा रहे हैं, चाहे दूसरे देश इसे पसंद करें या नहीं। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली सरकार ने आतिशी से विधानसभा में की गईं टिप्पणियों पर जवाब मांगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने इस महीने की शुरुआत में कथित तौर पर विधानसभा की कार्यवाही के दौरान की गईं टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया मांगते हुए नेता प्रतिपक्ष आतिशी के खिलाफ मंगलवार को पोस्टर दिखाए, जिन पर लिखा है, 'आतिशी मर्लेना कहां हैं?' दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह मुद्दा छह जनवरी को विधानसभा की कार्यवाही से संबंधित है, जब गुरु तेग बहादुर जी, भाई सति दास जी, भाई मति दास जी और भाई दयाला जी की शहादत के 350 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में चर्चा की जा रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि चर्चा के दौरान आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया और सदन की गरिमा को ठेस पहुंची। मिश्रा ने कहा कि आतिशी घटना के बाद से विधानसभा, मीडिया और सार्वजनिक रूप से अनुपस्थित रहीं जबकि विधानसभा अध्यक्ष ने उनसे बार-बार सदन में आकर उनके रुख पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 250 अंक और निफ्टी 58 अंक लुढ़का

एजेंसी, मुंबई

**शेयर** बाजार में मंगलवार को गिरावट रही। सेंसेक्स 250 अंक गिरकर 83,628 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 58 अंक की गिरावट रही। ये 25,732 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट और 10 में तेजी रही। फार्मा, रियल्टी, ऑटो और एफएमसीजी शेयर में बिकवाली देखने को मिली।

वहीं मेटल, आईटी और बैंकिंग शेयर्स में बढ़त रही। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 1.47% ऊपर 4,692 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 3.10% ऊपर 53,549 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.90% ऊपर 26,848 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.64% नीचे 4,138 पर बंद हुआ। 12 जनवरी को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.17% चढ़कर 49,590 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.26% चढ़ा। S&P 500 में 0.16% की तेजी रही। शेयर बाजार 12 जनवरी को बढ़त रही। सेंसेक्स 302 अंक चढ़कर 83,878 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 107 अंक की बढ़त रही, यह 25,790 पर बंद हुआ था। (अनंत ज्ञान)



# राहुल गांधी बोले- 'मोदी जी आप तमिल जनता की आवाज को नहीं दबा सकते'

एजेंसी, नई दिल्ली



◆ **विजय की 'जन नायकन' फिल्म के समर्थन में उतरे**

**थलापति** विजय की आखिरी फिल्म मानी जा रही है 'जन नायकन' रिलीज से पहले ही विवादों में फंसी है। अपने सेंसर सर्टिफिकेट को लेकर फिल्म के मेकर्स अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुके हैं। हालांकि, इस बीच विजय की फिल्म को तमिल सिनेमा के तमाम कलाकारों का समर्थन मिल रहा है।

अब इस मामले में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी ने भी प्रतिक्रिया दी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विजय की 'जन नायकन' की रिलीज अटकने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

राहुल गांधी ने इसको लेकर अपने एक्स पर एक पोस्ट की है। इस पोस्ट में राहुल ने पीएम मोदी का जिक्र किया है। पोस्ट में राहुल ने लिखा, 'सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा 'जन नायकन' को रोकने का प्रयास तमिल संस्कृति पर हमला है। पीएम मोदी आप तमिल जनता की आवाज को दबाने में कभी सफल नहीं होंगे।'

'जन नायकन' की रिलीज का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंच चुका है। इससे पहले पिछले सप्ताह मद्रास हाईकोर्ट ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने साफ किया था कि सीबीएफसी के चेयरपर्सन का फिल्म को रिवाइजिंग कमेटी के पास भेजने का अधिकार अवैध था। (अनंत ज्ञान)

**बड़ा कदम** खरीदने की तैयारी, 30% स्वदेशी पुर्जों का होगा इस्तेमाल

# 114 राफेल से बढ़ेगी इंडियन एयरफोर्स की ताकत

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारत** अपनी वायुसेना को और मजबूत बनाने की ओर बड़ा कदम उठाने जा रहा है। इसके तहत भारत फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की तैयारी में है। यह प्रस्ताव इस हफ्ते रक्षा मंत्रालय की उच्च स्तरीय बैठक में रखा जाएगा।

सौदे की कुल लागत लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपए होने की संभावना है। इन विमानों में से करीब 12-18 विमान तैयार हालत में वायु सेना को मिलेंगे। बाकी विमानों का निर्माण भारत में होगा, जिसमें लगभग 30% भारतीय सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा। भारत चाहता है कि इन विमानों में भारतीय हथियार और सिस्टम को आसानी से जोड़ा जा सके। हालांकि, विमानों का सोर्स कोड केवल फ्रांस के पास रहेगा। हालांकि खास बात यह है कि अमेरिका और रूस ने भारत को अपने स्ु-35 और एसयू-57 जैसे पांचवीं पीढ़ी के विमान ऑफर किए हैं। इसके बावजूद भारत ने राफेल को प्राथमिकता दी है। राफेल लड़ाकू विमान को प्राथमिकता देने की सबसे बड़ा कारण उसका ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शन रहा। इस दौरान राफेल ने पाकिस्तानी मिसाइलों को मात दी और दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए। बता दें कि फ्रांस की कंपनी डासौल्ट भारत में राफेल के रू-88 इंजन की मरम्मत और रख-रखाव सुविधा भी बनाएगी। भारतीय कंपनियां जैसे टाटा भी विमान निर्माण और मरम्मत में शामिल होंगी। दुनिया के कई देशों में जारी अशांति के बीच भारत को क्षेत्र में बढ़ते खतरे को देखते हुए अधिक लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। (अनंत ज्ञान)

# ईरान ने ट्रंप की चुनौती स्वीकार की कहा-अमेरिका से युद्ध के लिए तैयार

एजेंसी, तेहरान

इस्लामिक गणराज्य ईरान में 28 दिसंबर को महंगाई के खिलाफ शुरू प्रदर्शन देश के सर्वोच्च शासक अली खामेनेई को हटाने के आंदोलन के रूप में बदल गया है। समूचे ईरान में लोग सड़कों पर हैं। इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। सुरक्षाबलों की गोलियों से अब तक कम से कम 2000 प्रदर्शनकारियों के मारे जाने की खबरें हैं। लोग लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। खामेनेई का कहना है कि प्रदर्शनकारियों को अमेरिका भड़का रहा है। उधर, अमेरिकी ने कई बार चेतावनी दी है कि अगर प्रदर्शनकारियों पर दमन जारी रहा तो मजबूत सैन्य हमले के लिए ईरान तैयार रहे। ईरान ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुनौती को स्वीकार करते हुए कहा कि वह हर तरह से युद्ध के लिए तैयार हैं। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान पर बहुत मजबूत सैन्य हमले पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि तेहरान को प्रदर्शनकारियों पर दमन न करने की चेतावनी की अनदेखी करना महंगा पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

# रूस का यूक्रेन के विद्युत ग्रिड पर बड़ा हमला

एजेंसी, कीव

रूस ने चार दिनों में यूक्रेन पर दूसरा बड़ा ड्रोन और मिसाइल हमला करके उसके विद्युत ग्रिड को एक बार फिर निशाना बनाया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। युद्ध के चार साल पूरे होने वाले हैं और ऐसा लगता है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले शांति प्रयासों को रूस नजरअंदाज कर रहा है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर बताया कि रूस ने रात भर में आठ क्षेत्रों पर लगभग 300 ड्रोन, 18 बैलिस्टिक मिसाइलों और सात क्रूज मिसाइलों से हमला किया। जेलेंस्की ने कहा कि पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र में एक हमले में एक डाक डिपो में चार लोगों की मौत हो गई और कीव क्षेत्र में कई लाख घरों में बिजली गुल हो गई थी। राजधानी में दिन का तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। सड़कें बर्फ से ढकी थीं और शहर जनरेटरों के शोर से गूंज रहा था। चार दिन पहले रूस ने रात भर चले एक बड़े हमले में सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों से हमला किया था। इसके अलावा रूस ने लंबे समय से जारी युद्ध में केवल दूसरी बार एक शक्तिशाली नई हाइपरसोनिक मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिसने पश्चिमी यूक्रेन को निशाना बनाया। (अनंत ज्ञान)



## स्पोर्ट्स विंडो

### वीनस विलियम्स पहले दौर में मारिया से 6-4, 6-3 से हारी

**एजेंसी, होबार्ट।** वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन को शुरू होने में अब जबकि एक सप्ताह से भी कम समय बचा है तब 45 वर्षीय वीनस विलियम्स फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही है। वीनस मंगलवार को यहा होबार्ट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में तात्याना मारिया से 6-4, 6-3 से हार गईं वीनस को साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए वाइल्डकार्ड से प्रवेश दिया गया है। उन्हें होबार्ट में खेलने के लिए भी वाइल्डकार्ड मिला था, जहां वह लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में छठी वरीयता प्राप्त मारिया से हार गईं। विश्व रैंकिंग में 576वें स्थान पर काबिज सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थीं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन रविवार से शुरू होगा। होबार्ट में पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन बारबोरा क्रेजिसकोवा को पेटन स्टर्न्स से 6-4, 1-6, 7-6 (4) से हार का सामना करना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

### कार्लसन ने अटकलों को लगाया विराम नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में लेंगे भाग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन ने आगामी नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो इस बार स्टावेंजर की जगह ओस्लो में खेली जाएगी। कार्लसन पिछले 13 वर्षों में अपनी घरेलू धरती पर होने वाले टूर्नामेंट में हमेशा खेलते रहे हैं, लेकिन हाल में उन्होंने क्लासिकल शतरंज से दूरी बढ़ाने का फैसला किया था, जिससे उनका इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर संदेह पैदा हो गया था। नॉर्वे शतरंज क्लासिकल प्रारूप का टूर्नामेंट है और कार्लसन इसे सात बार जीत चुके हैं। आयोजकों विज्ञप्ति में कहा, ''मैग्नस कार्लसन नॉर्वे शतरंज 2026 में अपनी भागीदारी की सार्वजनिक रूप से पुष्टि करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। शेष प्रतिभागियों की घोषणा आने वाले सप्ताहों में की जाएगी। इसके साथ ही नॉर्वे शतरंज में भाग लेने वाली महिला खिलाड़ियों की सूची भी जारी की जाएगी।'' (अनंत ज्ञान)

### विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने लिया संन्यास



**एजेंसी, ओटावा।** विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। राओनिच 2016 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले कनाडा के पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे। उन्होंने सेमीफाइनल में रोजर फेडरर को 6-3, 6-7, 4-6, 7-5, 6-3 से हराया था लेकिन फाइनल में एंडी मरे से हार गए थे। उस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी। वह उस वर्ष अपनी करियर की सर्वोच्च रैंकिंग तीन पर भी पहुंचे थे। राओनिच ने एक्स पर लिखा कि अपने सपनों को साकार करने और उन्हें पूरा करने का मौका पाकर मैं खुद को सबसे भाग्यशाली व्यक्ति मानता हूं, लेकिन अब अलविदा कहने का समय आ गया है। मैं टेनिस से संन्यास ले रहा हूं। अपनी तीखी सर्विस के कारण 'मिसाइल' नाम पाने वाले राओनिच ने 2011 में पेशेवर बनने के बाद आठ एटीपी एकल खिताब जीते। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी के नाम पर तीन सेट के मैच में सबसे अधिक ऐस (47) लगाने का रिकॉर्ड है, जो उन्होंने 2024 में क्वींस क्लब टूर्नामेंट में बनाया था। (अनंत ज्ञान)

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे शृंखला जीतने के लिए उतरेगी भारतीय टीम

## विराट कोहली और रोहित शर्मा पर रहेंगी सबकी नजरें, ऑलराउंडर को प्राथमिकता

**एजेंसी, राजकोट**

**विराट** कोहली की शानदार फॉर्म ने भारत की कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बढ़ती चिंताओं को कुछ हद तक कम कर दिया है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके तीन मैच की शृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। भारत ने वडोदरा में खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था।

वाशिंगटन सुंदर उस मैच में चोटिल हो गए थे और वह वनडे शृंखला से बाहर हो गए हैं। चयनकर्ताओं ने दिल्ली के आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है, लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की ऑलराउंडर को प्राथमिकता देने की रणनीति को देखते हुए नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में एक और ऑलराउंडर को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है।

ऋषभ पंत पहले वनडे से पूर्व चोटिल होने के कारण शृंखला से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो टीम प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में एक और विकल्प हो सकते हैं। टी-20 टीम में वनडे टीम से बिल्कुल अलग बल्लेबाजी क्रम होगा, लेकिन कुछ नाम दोनों टीमों में समान हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण नाम ऑलराउंडर तिलक वर्मा का है, जो ग्रोइन की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ कम से कम पहले तीन टी20 मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

भारतीय टीम की इन चिंताओं के बीच सभी की निगाह कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी रहेगी, जो अब अपने करियर के अंतिम पड़ाव में हैं। पहले मैच में कोहली वनडे में अपने 54वें शतक से चूक गए, लेकिन उनकी 91 गेंदों पर खेली गई 93 रन की पारी ने भारत की जीत की नींव रखी। भारत और न्यूजीलैंड की टीमों में काफी अंतर नजर आता है। पहले मैच में कप्तान शुभमन गिल ने सधी हुई अर्धशतकीय पारी खेली जबकि उप कप्तान श्रेयस अय्यर 1 रन से अर्धशतक बनाने से चूक गए। रोहित शर्मा फिर से भारत को अच्छी शुरुआत दिलाने की कोशिश करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**भारतः** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, आयुष बडोनी, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा।

**न्यूजीलैंडः** माइकल ब्रैसवेल (कप्तान), डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), मिशेल हे (विकेटकीपर), निक केली, हेनरी निकोल्स, विल यंग, जोश क्लार्कसन, जैक फाउल्स, डैरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, आदित्य अशोक, क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जेडन लेनोक्स, माइकल रे।

**मैच दोपहर 1:30 बजे से**

## भारत सीरीज के बाद क्रिकेट से संन्यास लेंगी एलिसा हीली

**एजेंसी, मेलबर्न**




ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान और दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज एलिसा हीली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया है। वह फरवरी-मार्च 2026 में भारत के खिलाफ होने वाली घरेलू मल्टी-फॉर्मेट सीरीज के बाद अपना करियर खत्म करेंगी। पर्थ में खेला जाने वाला डे-नाइट टेस्ट उनका आखिरी इंटरनेशनल मैच होगा।

टी-20 सीरीज नहीं खेलेंगी एलिसा हीली भारत के खिलाफ प्रस्तावित टी-20 इंटरनेशनल मैचों में हिस्सा नहीं लेंगी। उन्होंने यह फैसला साल के अंत में होने वाले महिला टी-20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए लिया है, ताकि टीम नए खिलाड़ियों के साथ तैयारी शुरू कर सके। पर्थ टेस्ट से करेंगी करियर का अंत हीली भारत के खिलाफ वनडे मुकाबले खेलेंगी और इसके बाद 6 से 9 मार्च 2026 तक पर्थ में होने वाले डे-नाइट टेस्ट में अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगी। यह उनके करियर का 11वां टेस्ट मैच होगा। मानसिक थकान और चोटें बनीं वजह 'विलो टॉक' पॉडकास्ट में एलिसा हीली ने कहा कि पिछले कुछ साल उनके लिए मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण रहे हैं। लगातार चोटों और बढ़ती उम्र के साथ खुद को पहले जैसी तैयारी में रखना मुश्किल हो गया था। टीम के हित में लिया फैसला हीली ने कहा कि 2026 में इंग्लैंड में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप तक खेलने की कोशिश करना टीम के हित में नहीं होता। टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और नए खिलाड़ियों को मौके देने की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्स की रहेगी दबदबा बनाने पर नजर

**एजेंसी, नवी मुंबई**

**यूपी** वॉरियर्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में जब आमने-सामने होगी तो उनकी निगाह पावरप्ले में अपने प्रदर्शन में सुधार करने पर टिकी रहेगी। वॉरियर्स के बल्लेबाज पावरप्ले में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, जबकि कैपिटल्स के गेंदबाज खेल के इस महत्वपूर्ण हिस्से में जूझते रहे हैं। कैपिटल्स ने जेमिमा रोड्रिग्स की कप्तानी में आदर्श शुरुआत नहीं की है और उसकी टीम अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए बेताब होगी।

गुजरात जायंट्स से हार के बाद रोड्रिग्स ने कहा था, 'मुझे लगता है कि पावरप्ले में हमारी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। मुझे लगता है कि हमें अपनी रणनीति को और बेहतर बनाने की जरूरत है।' दिल्ली कैपिटल्स के लिए अब तक की सकारात्मक बात गेंदबाज श्री चरणी और नंदनी शर्मा का अच्छा प्रदर्शन रहा है। नंदिनी ने पिछले मैच में हैट्रिक बनाई थी, जिससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ होगा। दूसरी ओर यूपी वॉरियर्स को पावरप्ले में अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। पहले दो मैचों में हरलीन देओल और किरण नवगिरे ने मेग लैनिंग के साथ पारी की शुरुआत की, लेकिन यह दोनों संयोजन कारगर साबित नहीं हुए। टीम प्रबंधन को लैनिंग के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए एक अदद खिलाड़ी ढूंढनी होगी। भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ और शिखा पांडे को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है। डिएंड्रा डॉटिन को भी पिछले मैच की निराशा से उबरना होगा। ग्रेस हैरिस ने इस मैच में उनके एक ओवर में 32 रन ठोक दिए थे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद कप्तान लैनिंग ने कहा कि निश्चित रूप से कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें हमें सुधार करने की जरूरत है। विशेषकर शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। हमने शुरुआत में बहुत सारी डॉट बॉल खेलीं। (अनंत ज्ञान)

## नबी-हसन ने रचा इतिहास साथ बल्लेबाजी करने वाली पहली पिता-बेटे की जोड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में अफगानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी और उनके बेटे हसन ईसाखिल ने इतिहास रच दिया। दोनों ने नोआखाली एक्सप्रेस की ओर से खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया और टॉप-टियर टी-20 लीग में एक साथ बल्लेबाजी करने वाली पहली पिता-बेटे की जोड़ी बने। ढाका कैपिटल्स के खिलाफ मैच में नबी और हसन ने चौथे विकेट के लिए 30 गेंदों में 53 रन जोड़े। 19 साल के हसन ने ओपनिंग करते हुए 60 गेंदों पर 92 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 5 छक्के शामिल थे। वहीं, नबी ने 13 गेंदों में 17 रन बनाए। हसन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। नोआखाली ने ढाका को 41 रन से हराया नोआखाली एक्सप्रेस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 184 रन बनाए। जवाब में ढाका कैपिटल्स की टीम 143 रन पर सिमट गई। नबी ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया और दो विकेट अपने नाम किए। नबी और हसन मैच खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में साथ आए। यहां जब हसन से पूछा गया कि क्या उनके पिता सख्त हैं तो उन्होंने जवाब दिया, नहीं, नहीं। हम सामान्य पिता-बेटे की तरह है। हम दोस्त हैं। (अनंत ज्ञान)

## पेरिस एफसी ने किया बड़ा उलटफेर, फ्रेंच कप से डिफेंडिंग चैंपियन पीएसजी बाहर

**एजेंसी, पेरिस**



**फ्रेंच** फुटबाल कप में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां पेरिस एफसी ने मौजूदा चैंपियन और रिकॉर्ड 16 बार की विजेता पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट के अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। यह मुकाबला सोमवार रात पार्स दे प्रिंस स्टेडियम में खेला गया। मैच के हीरो रहे पीएसजी अकादमी के पूर्व खिलाड़ी जोनाथन इकोने, जिन्होंने सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरने के बाद अंतिम 20 मिनट में विजयी गोल दागकर अपनी पुरानी टीम को चौंका दिया।

इस हार के साथ पीएसजी को 2022 के बाद पहली बार फ्रेंच कप में घरेलू मैदान पर शिकस्त झेलनी पड़ी, जबकि 2014 के बाद यह उसकी अंतिम-32 चरण में पहली हार रही। गोल करने के बाद इकोने ने फ्रांस टेलीविजन से कहा कि हम बहुत खुश हैं। हमने शानदार डिफेंस किया। अपने गोल से मैं बेहद खुश हूं, यह मेरे लिए खुशी का पल है और उम्मीद करता हूं कि यह मेरा आखिरी गोल नहीं होगा। मैच से पहले पीएसजी के पूर्व कप्तान मामादू साको ने मैदान पर ही संन्यास की घोषणा की। साको ने अपने करियर की शुरुआत पेरिस एफसी अकादमी से की थी और बाद में पीएसजी का रुख किया था। दोनों टीमें इसी महीने की शुरुआत में भी भिड़ी थीं, जब 1990 के बाद पहली बार शीर्ष डिवीजन में पेरिस डर्बी खेला गया था। उस मुकाबले में डिजायरे दूए और उस्मान डेम्बेले के गोल से पीएसजी ने 2-1 से जीत दर्ज की थी। इसके बाद पीएसजी ने कुवैत में खेले गए मुकाबले में मार्सेई को पेनल्टी शूटआउट में हराकर फ्रेंच चैंपियंस ट्रॉफी भी अपने नाम की थी। नव-प्रोमोटेड पेरिस एफसी, जिसे लग्ज़री ब्रांड एलवीएमएच और रेड बुल का समर्थन प्राप्त है, फिलहाल लीग-1 तालिका में 15वें स्थान पर है और रेलिगेशन प्ले-ऑफ से दो अंक ऊपर है। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में बेलगाम अधिकारियों पर कांग्रेस सरकार का संरक्षण उजागर : राजीव भारद्वाज

अनंत ज्ञान

- विवादित बयान से प्रशासनिक मर्यादा पर सवाल, मुख्यमंत्री की चुप्पी पर गंभीर चिंता

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के उपाध्यक्ष एवं सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की सोशल मीडिया पर आई विवादित टिप्पणी और उससे जुड़े घटनाक्रम पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कुछ सरकारी अधिकारी और सत्ता से जुड़े लोग पूरी तरह बेलगाम हो चुके हैं, जो प्रशासनिक मर्यादाओं के लिए गंभीर चुनौती है। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि सार्वजनिक मंचों और सोशल मीडिया पर जिस तरह की टिप्पणियां की जा रही हैं, वे न केवल असंवैधानिक हैं, बल्कि प्रदेश की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को भी नुकसान पहुंचा रही हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है, जहां देश के हर कोने से आए अधिकारियों ने निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ सेवाएं दी हैं। ऐसे में बाहरी अधिकारियों को लेकर की जा रही टिप्पणियां प्रदेश की सौहार्दपूर्ण परंपरा, आपसी सम्मान और सकारात्मक छवि को ठेस पहुंचाती हैं। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि मंत्री और अधिकारी खुलेआम गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं, जिससे प्रशासन की निष्पक्षता और गरिमा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। भाजपा उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इस पूरे प्रकरण पर मुख्यमंत्री की चुप्पी या तो इन बयानों की मौन स्वीकृति है या फिर यह प्रशासन पर कमजोर नियंत्रण का संकेत देती है। उन्होंने कहा कि दोनों ही स्थितियां प्रदेश के लिए गंभीर और चिंताजनक हैं। इससे न केवल प्रशासनिक तंत्र का मनोबल गिरता है, बल्कि आम जनता में भी गलत संदेश जाता है। भारद्वाज ने मुख्यमंत्री से मांग की कि वे इस पूरे मामले पर तुरंत सार्वजनिक रूप से स्थिति स्पष्ट करें, जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करें और यह सुनिश्चित करें कि प्रदेश में प्रशासनिक गरिमा, अनुशासन और आपसी सौहार्द से किसी भी प्रकार का समझौता न हो। उन्होंने कहा कि हिमाचल की शांति, एकता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा सर्वोपरि है व सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

## न्यूजीलैंड के सेब पर आयात शुल्क घटाने से भड़के बागवान

### मुख्यमंत्री से की मुलाकात, भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौता रद्द करने की रखी मांग

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** न्यूजीलैंड से आयात होने वाले सेब पर शुल्क घटाकर 25 प्रतिशत किए जाने के फैसले ने राज्य के सेब बागवानों को गहरी चिंता में डाल दिया है। बागवानों का कहना है कि यह फैसला सीधे उनके मेहनत-मशक्कत से खड़े किए गए सेब उद्योग की जड़ों पर वार है और यदि इसे तुरंत वापस नहीं लिया गया तो हालात बेहद गंभीर हो सकते हैं।

मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न सेब और बागवानी संगठनों के प्रतिनिधि शिमला पहुंचे और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात की। इन प्रतिनिधियों में सेब उत्पादक संघ, स्टोन फ्रूट एसोसिएशन सहित अन्य बागवानी संगठनों से जुड़े लोग शामिल रहे। बागवानों ने एक सुर में कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुआ व्यापारिक समझौता हिमाचल के हितों के खिलाफ है और इसे रद्द किया जाना चाहिए।

बागवानों ने मुख्यमंत्री के समक्ष स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार द्वारा न्यूजीलैंड के सेब पर आयात शुल्क घटाने से देश में सस्ते विदेशी सेब की आवक बढ़ेगी। इससे स्थानीय सेब को उचित दाम नहीं मिल पाएंगे। उनका कहना है कि पहले भी दूसरे देशों के सेब पर शुल्क कम किया गया और अब यह फैसला हालात को और बिगाड़ देगा।

बागवानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2014 में हिमाचल के सुजानपुर में किए गए उस वादे का जिक्र किया, जिसमें सेब पर आयात शुल्क 100 प्रतिशत करने की बात कही गई थी। बागवानों का कहना है कि आज तक वह वादा पूरा नहीं हुआ, उल्टा शुल्क लगातार घटाया जा रहा है। यदि समय रहते फैसला नहीं बदला गया तो हिमाचल का सेब बाजार विदेशी सेब के सामने टिक नहीं पाएगा।



सचिवालय में बागवानों के साथ मीटिंग करते सीएम सुक्खू।। अनंत ज्ञान

### 5500 करोड़ की आर्थिकी डगमगने का डर

**मुख्यमंत्री** से हुई बैठक के बाद मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि बागवानों की मांगों को केंद्र सरकार के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने यह भी संकेत दिए कि यदि आयात शुल्क नहीं बढ़ाया गया तो बागवानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ सकता है। बागवानों का कहना है कि इस फैसले से प्रदेश के करीब 5500 करोड़ रुपये के सेब उद्योग और तीन लाख से अधिक परिवारों की आजीविका खतरे में पड़ जाएगी। यही नहीं, इसका असर जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के सेब बागवानों पर भी पड़ेगा।

### सेब उद्योग बचाने की आखिरी लड़ाई

**बागवानों** का कहना है कि हिमाचल में प्रति हैक्टेयर सेब की पैदावार सीमित है, जबकि न्यूजीलैंड जैसे देशों में आधुनिक तकनीक से कहीं अधिक उत्पादन होता है। ऐसे में यहां एक किलो सेब तैयार करने की लागत काफी ज्यादा आती है और बागवानों को तभी लाभ मिल पाता है जब सेब उचित दाम पर बिके। यदि अधिक पैदावार वाले देशों से सस्ता सेब कम शुल्क पर देश में आता रहा, तो हिमाचल का सेब बाजार में टिक नहीं पाएगा।

## हिमाचल में भ्रष्टाचार व प्रशासनिक अराजकता चरम पर : सुरेश कश्यप

अनंत ज्ञान

- 36.77 करोड़ की पाइप खरीद में अनियमितताओं का लगाया आरोप



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अराजकता अपने चरम पर पहुंच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जल शक्ति विभाग में वर्ष 2024-25 के दौरान 36.77 करोड़ की लागत से 4,770 मीट्रिक टन जीआई पाइप की खरीद में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। कश्यप के अनुसार, निविदा शर्तों का खुला उल्लंघन हुआ, आपूर्ति प्रक्रिया में सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि की अनिवार्य मौजूदगी दर्ज नहीं है और न ही तौल, डिस्पैच व ट्रांसशिपमेंट से जुड़े वैधानिक प्रमाण उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि फर्जी ई-वे बिल और संदिग्ध ट्रांसशिपमेंट जैसे तथ्य संभावित मिलीभगत और बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हैं, फिर भी अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सुरेश कश्यप ने कहा कि विभाग द्वारा लगभग 22 करोड़ की पेमेंट रोकना केवल दिखावटी कदम है और असली सवाल जिम्मेदार अधिकारियों व राजनीतिक संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई का है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार लीपापोती की राजनीति कर रही है, जबकि प्रशासनिक अनुशासन भी बुरी तरह कमजोर हो चुका है और सत्ता संरक्षण में बेलगाम बयानबाजी देखने को मिल रही है।

कश्यप ने कहा कि इन गंभीर मुद्दों पर मुख्यमंत्री की चुप्पी संदेह के घेरे में है और यह या तो सहमति का संकेत है या फिर प्रशासन पर नियंत्रण खोने का। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा जनता के धन और प्रदेश की गरिमा से समझौता नहीं करेगी तथा इन मामलों को सड़क से सदन और न्यायिक मंचों तक पूरी मजबूती से उठाया जाएगा।

## मंत्री विक्रमादित्य सिंह की दो टूक, हिमाचल में यूपी-बिहार के अफसरों को संभलने की जरूरत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल की राजनीति में एक बार फिर अफसरशाही को लेकर बहस तेज हो गई है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की सोशल मीडिया टिप्पणी ने प्रशासनिक व राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। मंत्री ने साफ कहा है कि हिमाचल में सेवा के लिए आने वाले अधिकारियों का स्वागत है, लेकिन वे शासक बनने की भूल न करें। उनका यह बयान उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के मंडी में दिए गए कड़े वक्तव्य के समर्थन के रूप में सामने आया है, जिससे सरकार और अफसरशाही के रिश्तों पर नई बहस छिड़ गई है।

बीते दिनों मंडी में कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अफसरशाही पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने मंच से स्पष्ट शब्दों में कहा था कि सरकार के रहते कुछ अधिकारी राजनीतिक गतिविधियों में पक्षपात कर रहे हैं और ऐसे मामलों से सख्ती से निपटा जाएगा। इसी बयान के समर्थन में विक्रमादित्य सिंह की फेसबुक पोस्ट सामने आई, जिसमें उन्होंने कहा कि कुछ बाहरी राज्यों के आला आईएएस- आईपीएस अधिकारी हिमाचल की हिमाचलियत को समझने में विफल रहे हैं और इससे प्रदेश के हित प्रभावित हो रहे हैं।

विक्रमादित्य सिंह ने बाद में मीडिया से बातचीत में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका कोई व्यक्तिगत विरोध नहीं है। उनका जोर सिर्फ इस बात पर है कि हिमाचल के संसाधन और नीतियां प्रदेश के लोगों के हित में इस्तेमाल हों।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में केंद्र, राज्य और अधिकारी—सबकी अपनी-अपनी भूमिका है, लेकिन किसी को भी प्रदेश के हितों से समझौता करने का अधिकार नहीं है। मंत्री ने यह भी जोड़ा कि हिमाचल में काम करने वाले अधिकारियों को स्थानीय प्रशासनिक परंपराओं और संवेदनशीलताओं से सीख लेनी चाहिए।

### विभागों की गड़बड़ियों पर सीधी नजर



**लोक** निर्माण मंत्री ने संकेत दिए कि उनके विभाग में चल रहे कार्यों की कड़ी निगरानी की जा रही है। सचिवालय के समीप सीएम और मुख्य सचिव कार्यालय के निर्माण से जुड़ी कथित अनियमितताओं पर रिपोर्ट मिलने की बात कहते हुए उन्होंने कहा कि उसका गहन अध्ययन किया जा रहा है। उन्होंने अंत में कहा कि पैसों की बंदरबांट या प्रक्रियाओं की अनदेखी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जरूरत पड़ी तो जिम्मेदारी तय होगी।

**तैयारी** मुख्यमंत्री का बड़ा फैसला, ग्रामीण अर्थव्यवस्था व किसानों की आय बढ़ाने पर दिया जोर

# हिम परिवार पोर्टल से जुड़ेगा किसानों का डेटा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को संगठित और मजबूत आधार देने की दिशा में बड़े कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि प्राकृतिक खेती से जुड़े हर किसान का पूरा और प्रमाणिक डेटा सरकार के पास होना चाहिए, ताकि योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचे और खेती को लाभकारी बनाया जा सके। इसी कड़ी में उन्होंने कृषि विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं कि 20 जनवरी, 2026 तक सभी प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों का डेटा हिम परिवार पोर्टल से जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों का ब्लॉक-स्तर पर आधार आधारित डेटा तैयार किया जाएगा और उसकी मैपिंग की जाएगी। इसमें किसानों की जमीन, फसल, उत्पादन और विपणन से जुड़ी पूरी जानकारी शामिल होगी। इससे सरकार को सही योजना बनाने और किसानों को समय पर सहायता देने में आसानी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए युवाओं को प्राकृतिक खेती से जोड़ा जाएगा। उन्होंने जोर दिया कि यह खेती न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने का भी प्रभावी माध्यम है। सरकार प्राकृतिक खेती आधारित व्यवस्था में व्यापक और क्रांतिकारी बदलाव लाना चाहती है।



कृषि विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

### प्राकृतिक खेती के उत्पादों का बेहतर व प्रभावी विपणन हो सुनिश्चित

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वह इसी माह हमीरपुर में आयोजित सम्मेलन में प्राकृतिक खेती से जुड़े किसानों से सीधे संवाद करेंगे। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती के उत्पादों का बेहतर और प्रभावी विपणन सुनिश्चित किया जाए।

### प्राकृतिक खेती से तैयार गेहूं, मक्की और कच्ची हल्दी की समीक्षा की

**बैठक** में मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं, मक्की और कच्ची हल्दी की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक गेहूं का आटा हिम चक्की आटा, मक्की का आटा हिम भोग मक्की और कच्ची हल्दी हिम हल्दी ब्रांड नाम से बाजार में उतारी गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि पैकिंग पर एक्सपायरी डेट और पौष्टिकता से जुड़ी जानकारी साफ तौर पर दर्ज होनी चाहिए। इन उत्पादों की गुणवत्ता जांच के लिए एक विशेष इकाई गठित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।